सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-361 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 12 जून 2024
05 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

योगी कैबिनेट ने 41 प्रस्तावों पर लगाई मुहर, कुंभ को लेकर बड़ी तैयारी

नई तबादला नीति को मंजूरी

फैसला

- 30 जून तक होंगे ट्रांसफर
- बदले जाएंगे प्रदेश के पांच राज्य विश्वविद्यालयों के नाम
- सीमा से अधिक स्थानांतरण के लिए लेनी होगी मंजूरी
- एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 खत्म होने के बाद आज लखनऊ में योगी कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इस दौरान योगी कैबिनेट ने 41 प्रस्ताव पर मुहर लगाई।

कैबिनेट में राज्य विश्वविद्यालय से राज्य शब्द हटाने का प्रस्ताव पास हुआ। दो निजी विश्वविद्यालय को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव भी पास हुआ। इसके अलावा योगी कैबिनेट में महाकुंभ 2025 की तैयारियों के सम्बंध में प्रस्ताव पास हुआ। महाकुंभ मेला 3200 हेक्टेयर से बढ़ा कर 4000 हेक्टेयर में लगेगा। घाटों का दायरा बढ़ाया जाएगा। वन विभाग से कुंभ में लकड़ी के लाट लेने के लिए 99 हज़ार के सापेक्ष 79 हज़ार लाट लेने के लिए 236 करोड़ का प्रस्ताव पास हुआ। बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5 प्रतिशत की दर से हुडको से लेने का प्रस्ताव, वर्ष 2024-25 की के लिए स्थानांतरण नीति को मंजूरी मिली है। बरेली में फ्यूचर यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी, हुडको से 1000 करोड़ के लिए गए लोन की गारंटी सरकार लेगी, इस प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गयी है।

लखीमपुर में हवाई अड्डा बनाया जाएगा

बलिया के रसड़ा में ट्रांसमिशन सबस्टेशन की लागत 537 करोड़ लागत करने के प्रस्ताव को मंजूरी, नोएडा में जेवर एयरपोर्ट बनाने के लिए ली गई किसानों की जमीन का मुआवजा देने के लिए धनराशि को मंजूरी। लखीमपुर में हवाई अड्डा बनाया जाएगा। आईआईटी कानपुर में मेडिकल रिसर्च सेंटर बनेगा, 500 बेड का सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल बनाने को मंजूरी मिली है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट में उत्तर प्रदेश के विकास और एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था हासिल करने को लेकर भी रणनीति पर चर्चा हुई। इससे पहले योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास को लेकर 11 जून की कैबिनेट मीटिंग होगी। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। इसे कैसे और आगे बढ़ाया जाए, इस पर भी चर्चा होगी। गौरतलब है कि हाल ही में सीएम योगी ने यूपी के बड़े अधिकारियों संग भी बैठक की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। लापरवाही पर एक्शन की चेतावनी दी थी। इसके बाद अब कैबिनेट की बैठक हो रही है। ऐसे में सबकी निगाहें कैबिनेट के फ़ैसलों पर टिकी है।

ओडिशा के नए सीएम होंगे मोहन माझी

सहमति

- भाजपा विधायक दल की बैठक में एलान
- दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए गए

भुवनेश्वर। मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। भुवनेश्वर में हुई बैठक में बतौर केंद्रीय पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे। बैठक के बाद रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि भाजपा नेता मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे।

उन्होंने बताया कि केवी सिंह देव और प्रवती परिदा को राज्य का उपमुख्यमंत्री के तौर पर चुना गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसमें राजनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। बता दें कि भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करते हुए ओडिशा में करीब 24 साल से सत्ता पर काबिज बीजद को सत्ता से बेदखल किया है। ओडिशा में भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए शाम साढ़े चार बजे बैठक शुरू हुई। इस बैठक में राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव भी मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भाजपा ओडिशा में डिप्टी सीएम भी नियुक्त कर सकती है। विधायक दल का नेता चुनने के बाद अब भाजपा नेता राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा करेंगे। ओडिशा में भी बुधवार को सीएम पद का शपथ ग्रहण समारोह होना है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रह सकते हैं। शपथ ग्रहण के लिए भाजपा ने बीजद नेता नवीन पटनायक को भी आमंत्रण दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के चलते ओडिशा में 12 जून को आधे दिन की छुट्टी देने का एलान किया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान ही ओडिशा के लोगों से वादा किया था कि कोई उड़िया भाषा बोलने वाला व्यक्ति ही राज्य का मुख्यमंत्री बनेगा।

सोशल मीडिया से हटा लें मोदी का परिवार : पीएम

- पीएम मोदी की समर्थकों से खास अपील

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद लगातार तीसरी बार केंद्र में अब एनडीए की सरकार है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखने वाले समर्थकों का आभार जताया है और साथ ही उनसे अब इसे हटाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा, चुनावी अभियान के दौरान देशभर के लोगों ने मेरे प्रति स्नेह जताते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मोदी का परिवार जोड़ा। इससे मुझे बहुत ताकत मिली। भारत की जनता ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है, जो एक तरह का रिकॉर्ड है और हमें अपने देश की भलाई के लिए काम करते रहने का जनादेश दिया है। उन्होंने कहा, हम सभी के एक परिवार होने का संदेश दिए जाने के बाद मैं एक बार फिर भारत के लोगों को धन्यवाद देता हूं और आग्रह करता हूं कि अब आप अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मोदी का परिवार हटा दें। डिसप्ले का नाम बदल सकता है।

पीएम काशी से जान बचाकर निकले: राहुल

प्रियंका वाराणसी से लड़तीं तो मोदी हार जाते, अयोध्या भी हार गए

निशाना

- 2024 के चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट दिया
- उद्योगपतियों के लिए काम करती सरकार : राहुल

रायबरेली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट किया है।

भाजपा के लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे थे पर जनता ने उन्हें संविधान को माथे से लगाने के लिए मजबूर कर दिया है। राहुल ने कहा कि यूपी की जनता ने नरेंद्र मोदी को संदेश दे दिया है कि हमें आपका विजन पसंद नहीं आया है क्योंकि वो कुछ उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं। जनता ने बता दिया है कि वो नफरत के खिलाफ है। बेरोजगारी के खिलाफ हैं। रायबरेली की जनता ने इस बदलाव की शुरुआत की है। राहुल गांधी रायबरेली में आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा फैजाबाद लोकसभा सीट भी हार गई। अयोध्या की जनता ने संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से किसी तरह जीते हैं। अगर वहां से प्रियंका लड़ जाती तो प्रधानमंत्री दो-ढाई लाख वोटों से हारते। देश की जनता ने भाजपा को संदेश दिया है कि ये मोहब्बत का देश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली व अमेठी लोकसभा सीट पर जीत कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस जीत से साबित हो गया है कि प्रदेश व देश के लोग साफ सुथरी राजनीति चाहते हैं। ये सब आप कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। दोनों सीटों पर जीत के लिए राहुल-प्रियंका कार्यकर्ताओं को आभार जताने के लिए पहुंचे थे।

जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तो किसी गरीब को, किसी आदिवासी को नहीं बुलाया गया था। फिल्म के लोग मौजूद थे। उद्योगपति मौजूद थे पर किसी गरीब, आदिवासी और दलित को नहीं बुलाया गया था। अयोध्या में भाजपा को हराकर जनता ने संदेश दिया है।

आंध्र प्रदेश की एकमात्र राजधानी होगी अमरावती

ऐलान

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से एक दिन पहले तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को घोषणा की कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी। नायडू तेदेपा, भाजपा और जनसेना के विधायकों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में तीन राजधानियों की आड़ में कोई खेल नहीं होगा। हमारी राजधानी अमरावती है। अमरावती राजधानी है।राज्य के बंटवारे के बाद चंद्रबाबू नायडू पहले मुख्यमंत्री बने। वह 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे। नायडू ने अमरावती को राजधानी बनाने का विचार रखा था। हालांकि, नायडू के इस विचार को उस समय झटका लगा जब 2019 में उन्होंने सत्ता खो दी और वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने शानदार जीत हासिल की। फिर रेड्डी ने अमरावती शहर की योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

अफजाल ने की सीएम योगी की तारीफ, यूपी में भाजपा को 30 सीटें

मुख्यमंत्री की मेहनत पर मिलीं, प्रधानमंत्री मोदी का जादू खत्म

गाजीपुर। बीते लोकसभा चुनाव में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी जहां योगी और मोदी के खिलाफ जमकर बोल रहे थे, वहीं अब चुनाव जीतने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की है। यूसुफपुर फाटक आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए अफजाल अंसारी ने मनोज सिन्हा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले से पहले चुनाव के दौरान ही एक और आतंकी हमला हुआ था। उस दिन भी जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल गाजीपुर में चुनाव लड़ा रहे थे। आज भी पता कीजिए कि कहीं मंत्रिमंडल के विस्तार में वह दिल्ली में ना रहे हो। अफजाल अंसारी ने बताया कि असली काम तो देश की जनता ने कर दिया। पहले इनकी बेलगाम सत्ता ने जो सोचा वो कर दिया आज बैसाखी पर खड़ी यह सरकार है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा की 33 सीट आने पर कहा कि उत्तर प्रदेश को योगी ने संभाल दिया है, क्योंकि मोदी का जादू खत्म हो चुका है। मोदी जहां से चुनाव लड़े उसके अगल-बगल की सभी सीट वह हार गए। वह तो शुक्र है सीएम योगी का जो अंतिम समय में वाराणसी आकर खूंटा गाड़ दिया और अपने लोगों को तेज किया कि किसी तरह से मोदी जी को जीता देना है, नहीं तो यकीन मानिए मोदी जी भी चुनाव हार गए होते हैं।

छह दिन आग उगलेगा सूरज

- दिल्ली में गर्मी से हाहाकार कम नहीं होगी तपिश की मार

नई दिल्ली। दिल्ली में एक हफ्ते तक गर्मी और लू की मार कम नहीं होगी। इस दौरान तापमान 45 डिग्री पार रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 12 जून के लिए गर्मी व लू का ऑरेंज व 14 से 17 जून तक के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम से लेकर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग पहले ही भविष्यवाणी कर चुका है कि कम से एक सप्ताह तक गर्मी और लू के सितम से राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार 12 जून को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। बुधवार को विभाग ने कुछ इलाकों में लू और कुछ इलाकों में गंभीर लू की स्थिति का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आगे के दिनों के लिए भी भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है।

हलचल : ओम बिड़ला फिर बन सकते हैं लोकसभा स्पीकर

नई दिल्ली। राजस्थान की कोटा-बूंदी सीट से लगातार तीसरी बार जीतने वाले ओम बिड़ला को फिर लोकसभा अध्यक्ष बनाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की बैठक में उनके नाम पर मुहर लग गई है। भाजपा बिड़ला का नाम फाइनल करने के लिए अब एनडीए के सहयोगी दलों के साथ मीटिंग करेगी।

माना जा रहा है कि लोकसभा स्पीकर की रेस में शामिल भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी को लोकसभा उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। पुरंदेश्वरी चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी की बहन हैं। उन्होंने नायडू का उस वक्त समर्थन किया था, जब उनकी अपने ससुर एनटी रामाराव का तख्तापलट करने पर आलोचना हो रही थी। ऐसे में उन्हें डिप्टी स्पीकर बनाया जाता है तो नायडू पर सॉफ्ट प्रेशर रहेगा। उनकी पार्टी पुरंदेश्वरी का विरोध नहीं कर पाएगी। मोदी मंत्रिमंडल के गठन के बाद अब यह संभावना बनी है कि ओम बिड़ला एक बार फिर लोकसभा अध्यक्ष बनेंगे। बिड़ला मोदी और शाह के नजदीकी माने जाते हैं और स्पीकर के संवैधानिक पद पर रहते हुए उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए, जो अपने आप में रिकॉर्ड हैं।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकियों ने की फायरिंग

जम्मू। जम्मू-कश्मीर एक आतंकी ढेर के मद्देनजर डीसी कठुआ राकेश मिन्हास के साथ लगातार ऑनलाइन संपर्क में हूं। मैं एसएसपी कठुआ अनायत अली चौधरी के भी संपर्क में हूं जो मौके पर हैं। जिस घर पर हमला हुआ उसके मालिक भी मोबाइल फोन पर संपर्क में हैं। संयुक्त पुलिस और अर्धसैनिक बल का ऑपरेशन चल रहा है। अब तक एक आतंकवादी मारा गया है। मैं और मेरा कार्यालय लगातार संपर्क में हैं और घटनाक्रम पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। घटनास्थल पर लोगों ने अपने-अपने घरों की लाइटें बंद दी हैं, ताकि आतंकी उनके घर में न घुस जाएं।

के में एक बार फिर आतंकियों ने कायराना हिमाकत की है। दहशतगर्दों ने जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के सोहल इलाके में गोली चलाई है। फायरिंग की सूचना पर पहुंचे सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। वहीं एक आम नागरिक के घायल होने की जानकारी भी सामने आ रही है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा मैं अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास हीरानगर सेक्टर के सैदा गांव में एक घर पर हुए आतंकवादी हमले

लखनऊ में तीसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण करते प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर, अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी तथा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी।

शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न 4

खीरी विकास समिति के अध्यक्ष ने फीता काट कर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी-टाउन खीरी। शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन 4 का आज भव्यउद्घाटन हुआ उद्घाटन मुख्य अतिथि खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने किया। उद्घाटन मुकाबला शिवालापूर्वा 11 और गोला सुपर किंग के बीच में खेला गया जिसमें शिवालापूर्वा 11 के कप्तान राजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला लिया और शिवालापूर्वा 11 की तरफ़ से पारी का आगाज़ करने आए कप्तान राजा और फैसल ने अच्छी बल्लेबाज़ी की। राजा ने 34 रन और फैसल ने 53 रन बनाए गौरव तोलानी ने 43 और प्रशांत ने 27 रन बनाकर शिवालापूर्वा 11 ने निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट खोकर 166 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। स्कोर का पीछा करने उतरी गोला सुपर किंग की टीम निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर मात्र 106 रन ही बना पाई। इस मैच मैन ऑफ द मैच फैसल को चुना गया। फैसल ने ताबड़तोड़ 19 गेंदों पर 53 रन बनाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को निखारने और सवारने का मौका मिलता है। उद्घाटन के मौके पर विशिष्ट अतिथि की हैसियत से शिफा मेडिकल कालेज के ओनर डॉक्टर ज़ाकिर हुसैन, डॉक्टर एहराज अहमद, तफज्जुल हुसैन,मास्टर बासिद, शारिब अंसारी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष रिजवान, शरीफ भाई, एनुअल अंसारी, नियामत उर्फ गुड्डू होटल वाले, पत्रकार शादाब रज़ा इलियास चिश्ती, अय्यूब गौरी मौजूद रहे।मैच में अंपायरिंग सुहैल अहमद और मुदस्सिर अली ने की और स्कोरिंग नूरूल हसन और एमस ने की, कमेंट्री जेबी अंसारी और अल्तमश ने की। इस दौरान कमेटी के सदस्य मुराद रज़ा, फैजान, आकिब, साहिबे आलम, अकरम, शारिफ, साहिल, आरिफ, गोलू मौजूद रहे और मैच का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

60 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के फरधान थाना क्षेत्र के गांव कोढईय्या में देर रात मिथुन वर्मा पुत्र शिवपूजन लाल एवं छात्रपाल पुत्र बांकेलाल के घरों में चोर घुस गए। चोर 60 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। चोर पीछे की दीवार में बांस लगाकर मकान के अंदर दाखिल हुए। परिजनों को चोरी की जानकारी मंगलवार सुबह उठने के बाद हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर ले ली है। जांच की जा रही है। फरधान थाना क्षेत्र में एक माह में एक दर्जन से ज्यादा मकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर कई लोगों से लाखों रुपये ऐंठने वाले शातिर ठग गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के महेवागंज क्षेत्र में खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर कई लोगों से लाखों रुपये ऐंठने वाले शातिर ठग को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जालसाज ने कई लोगों से कीमती सामान भी लिया था। जो पीड़ितों को लौटा दिया गया। नकदी के मामले में पुलिस कुछ नहीं बता पाई। इससे कई लोगों की रकम डूबती दिख रही। पुलिस के मुताबिक जौनपुर के बदलापुर निवासी राना प्रताप पिछले कुछ महीने से शहर के निकट बालूडीह गांव में एक मकान में किराये पर रह रहा था। किसी को शक न हो, इसलिए उसने दो हाइब्रिड कुत्ते और सिक्योरिटी गार्ड भी घर पर तैनात कर रखे थे। आरोप है कि जालसाज युवक पुलिस की वर्दी पहनकर बोलेरो से जिले में घूमता था। खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर लोगों पर रौब गांठता था। जान पहचान बनाकर उसने दुकानदारों से एसी, बेड, गद्दे, टंकी, एलईडी, फ्रिज, कूलर व अन्य घरेलू सामान हथिया लिया। नौकरी और परिजन की बीमारी का बहाना बताकर कई लोगों से लाखों रुपये भी ठग लिए। करीब सप्ताह भर पहले पीड़ितों को संदेह होने पर उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। धीरे धीरे कई पीड़ित सामने आने लगे। किसी तरह आरोपी को इसकी भनक लग गई। वह घर पर दो महिलाओं को छोड़ मौके से खिसक लिया। पुलिस दो दिन तक खाक छानती रही। सोमवार को पुलिस ने कथित क्राइम इंस्पेक्टर को गोला के एक होटल से दबोच लिया। पुलिस के हत्थे चढ़ा राणा प्रताप बड़ा शातिर दिमाग निकला। पकड़े जाने पर उससे नाम पता पूछने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जौनपुर, कानपुर, लखनऊ के पते बताता रहा और बयान बदलता रहा। उसके साथ रही महिला ने भी पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ तो उसने अपना आधार दिखाया। पुलिस ने आधार को ट्रेस कर उसकी गिरफ्तारी की।

हनुमान मंदिरों में बजरंगबली के जयकारों रही गूंज

लखीमपुर खीरी। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को हनुमान मंदिरों में बजरंगबली के जयकारों गूंज रही। सुबह से शाम तक पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। शहर में जगह-जगह सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा पाठ हुआ। शहर से लेकर कस्बों तक जगह जगह भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। शहर कोतवाली के पास हनुमान मंदिर में पूजन कार्यक्रम और भंडारा हुआ।

अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जनजागरण हेतु प्रत्येक वर्ष 12 जून, अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस घोषित है तथा इस अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में आम जन मानस से अनुरोध है कि किसी भी प्रतिष्ठान व दुकान, जो बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत खतरनाक प्रक्रिया एवं व्यवसाय घोषित हैं. उनमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्य पर नहीं रखा जाए ऐसा करना दण्डनीय है जिसमें कारावास एवं आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत ईंट भट्ठो, होटल, डाबों, मजदूर चौक पर एवं निर्माण ठेकेदारों को बाल श्रमिक नहीं रखने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान कार्यरत धमिकों को मास्क एवं जागरुकता संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही संचालकों को बाल श्रमिक नहीं रखने के संबंध में शपथ दिलवाई गई। ईट भटटों, होटल, ढाबे, मजदूर चौक पर एवं निर्माण ठेकेदारों एवं श्रमिकों बताया गया कि बाल श्रमिक नियोजित करने पर नियोजक/मालिक पर न्यूनतम 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना किया जा सकता है एवं 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास की सजा से दंडित किया जा सकता है या दोनों सजा मिल सकती है। अभियान में जिला चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने 1098 के बारे में भी जानकारी दी। विपरीत परिस्थितियों में बच्चों के साथ होने वाली घटना, दुर्घटना, शोषण आदि के लिए तात्कालिक मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1098 का उपयोग करने की अपील भी की गई। बाल श्रम एक गंभीर मुद्दा है. बचपन खेलने और सीखने का समय होता है, ना कि खतरनाक परिस्थितियों में काम करने का. बाल श्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को रोकता है और उन्हें शिक्षा के अवसर से भी बंचित रखता है... आइए मिलकर इस जघन्य प्रथा को खत्म करें और हर बच्चे को खुशहाल बचपन और शिक्षा का मौका दें।

खंभे में लगे बॉक्स में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग

लखीमपुर खीरी। भीषण गर्मी के बीच शॉर्ट सर्किट की घटनाएं थम नहीं रही हैं। कस्बा खीरी के शेख सराय मार्ग पर मंगलवार की दोपहर खंभे में लगे बॉक्स में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग लगने पर आसपास घरों के लोग ने बिजली निगम को कॉल किया। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने लाइन कटवाई। इससे तमाम घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने से लोग भीषण गर्मी में बेहाल हो गए। विद्युत लाइन ठीक होने के बाद आपूर्ति शुरू हो सकी।

डाक पार्सल की आड़ में 106 किलो डोडा पोस्त बेचने जाते 3 नशा तस्कर गिरफ्तार

- राजस्थान से लाकर गंगोह बेचने के लिए जा रहे डोडा पोस्त पाउडर
- एसएसपी ने की पुलिस टीम को 25 हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। डाक पार्सल की आड़ में डोडा पोस्त पाउडर की तस्करी करने वाले 03 शातिर नशा तस्करों को थाना गंगोह पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिनके कब्जे से 106 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त पाउडर बरामद हुआ है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष नशा तस्करों का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम एवं इसमें संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत थाना गंगोह प्रभारी निरीक्षक गंगोह हृदय नारायण के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ (डोडा पोस्त) की तस्करी करने वाले 03 शातिर नशा तस्करों संजय पुत्र ब्रहमपाल निवासी ग्राम नल्हेडा थाना नकुड जिला सहारनपुर, गुरप्रीत पुत्र यादवेन्द्र हाल निवासी नगला थाना सिखेडा जिला मु.नगर मूल निवासी ग्राम घनोली थाना कोतवाली नगर जिला रूपनगर पंजाब व सादिक पुत्र मुन्तयाज निवासी कसेरवा थाना शाहपुर जिला म.नगर को तीतरो तिराहे के पास से गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 06 कट्टों में कुल 106 किलो ग्राम अवैध डोडा पाउडर, 01 टाटा ट्रक व 01 मारुति स्विफ्ट कार बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गंगोह पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करते हुए जेल भेज है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह ड्राईवरी व मजदूरी का कार्य करते हैं और नशा करने के आदि है। अभियुक्त संजय ने बताया कि पकडा गया ट्रक स्वाति ट्रांस्पोर्ट कम्पनी में डाक पार्सल में चलता है, वह इसका ड्राईवर है। यह ट्रक स्वाति ट्रांस्पोर्ट कम्पनी नाम पर रजिस्टर्ड है। हम लोग नशीला पदार्थ डोडा पोस्त पाऊडर की तस्करी का काम करते है। राजस्थान से डोडा पोस्त पाऊडर यहां मंगवाकर होटल व ढाबो पर सप्लाई कर अच्छा मुनाफा कमा लेते है। डाक पार्सल की आड में वह राजस्थान से गुरप्रीत व उसके एक अन्य साथी के कहने से माल उनके बताये स्थान से लाता है। आज भी वह यह माल उन्ही को देने गंगोह आ रहा था, कि पुलिस टीम ने पकड़ लिया। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का नगद इनाम देने की घोषणा की है। नशा तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय शर्मा, उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल मोनू चिकारा, अमित पंवार, सचिन चौहान, कांस्टेबल सन्नी, वंश कुमार, जब्बार व प्रवीण शामिल रहे।

भारत में बढ़ते ऑस्टियोपोरोसिस रोग का मुख्य कारण शराब और जंक फूड : स्वामी रामदेव महाराज

- लूट के 38 हजार रूपये, एक टेबलेट, बाईक, स्कूटी व तमंचा कारतूस बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सोलुमिक्स एवं दिव्य शक्ति अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में बीएमडी जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 138 रोगियों की जांच कर उन्हें समुचित उपचार लेने को प्रेरित किया। दिल्ली रोड स्थित आयास आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आयोजित शिविर का शुभारंभ पंचतीर्थी आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी रामदेव महाराज, दिव्य शक्ति अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर सन्त कमल किशोर महाराज और महामंडलेश्वर अनिल कोदण्ड श्यामसखा ने मंत्रोच्चार के साथ किया। स्वामी रामदेव ने महिलाओं मे तेजी से बढ़ते इस रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना होगा वरना महिला सशक्तिकरण तब तक संभव नहीं जब तक महिलाओं में रक्त अल्पता और ऑस्टियोपोरोसिस का रोग का उन्मूलन नहीं होगा। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ हर्ष बताया कि भारतवर्ष में 7 करोड़ ऑस्टियोपोरोसिस के मरीज हैं जिन में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। आज के शिविर में 138 रोगियों की जांच का विश्लेषण किया गया तो 85 महिलाओं मे से 64 महिलाओं मे कैल्सियम और विटामिन डी की कमी पाई गई। आयुर्वेद मे वर्णित आहार-व्यवहार, दिनचर्या, भोजन और औषधि सेवन से इस रोग का उन्मूलन शत-प्रतिशत संभव है। सन्त कमल किशोर ने शरीर की 206 हड्डियों की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि हड्डियाँ ही शरीर का आधार हैं जो मानव को आकार प्रदान करती हैं। हड्डियों के जोड़ों से मानव की गति यथा चलना, हिलना, घूमना, भोजन करना होती हैं। इनके कमजोर होने पर शरीर में पीड़ाएँ होकर सभी तरह कि गतिविधियां बाधित हो जाती हैं। बीएमडी जांच करने वालों में अरुणेंद्र प्रताप सिंह, सागर चौहान, शिवम गिलहोत्रा और कुमारी अनमोल की सराहनीय भूमिका रही। शिविर की सफलता में अखाड़ा समन्वयक सुरेश निझावन, श्रवण पांडे, अरविंद राणा, दीपांकर, श्रीमती रुचि, श्रीमती राधा, श्रीमती अंजलि, विवेक कुमार ने अपना योगदान दिया।

छबील लगाकर लोगों को पिलाया मीठा शरबत

सहारनपुर। नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर ओम शिव बाला जी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझायी। ओम शिव बाला जी सेवा समिति के मंत्री सुशील गुप्ता ने बताया कि नरेन्द मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी मे आज छबील लगाकर मीठे जल का वितरण किया गया। जिसमे लोगो व राहगीरो को जल पिलाया गया। उन्होने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व मे देश मे काफी विकास हुआ है और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर अश्वनी अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय मेहता, नैतिक अग्रवाल, काला, बिजेन्द्र, शुभम, सोरल, मानसी अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, मनू, यश अग्रवाल, वरुण ,संजय सन्नी, सुनील अग्रवाल, आकाश, विपुल रुहेला, आशीष गोयल, गोरी अग्रवाल, पायल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

फाइनेंस कर्मी से लूट करने वाले चार शातिर बदमाश दबोचे

- लूट के 38 हजार रूपये, एक टेबलेट, बाईक, स्कूटी व तमंचा कारतूस बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना गागलहेडी पुलिस ने फाईनेस कर्मी से हुयी लूट की घटना का खुलासा करते हुए 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 38000 रुपये, एक टेबलेट, एक बाईक, एक स्कूटी व तमंचा कारतूस बरामद किये है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष लूट की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 06 जून को मोहित राणा पुत्र कुशलपाल राणा निवासी ग्राम भायला खुर्द ब्रान्च मैनेजर चैतन्य फाईनेन्स कम्पनी शाखा छुटमलपुर ने एक लिखित तहरीर देकर चैतन्य फाईनेन्स कम्पनी के कलैक्शन एजेन्टों के साथ तिवाया रोड पर अज्ञात बदमाशों द्वारा लूटपाट कर कलैक्शन के 73880 रूपये, 01 टैबलेट व 01 मोबाइल फोन तथा बैग में रखे अन्य कागजात लूट लेने के सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने घटना का संज्ञान लेते हुए अविलम्ब उसके खुलासे के निर्देश दिये थे। गागलहेड़ी थानाध्यक्ष सन्दीप कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मुकदमे में नामजद 04 अभियुक्तों राकेश पुत्र नकल सिंह निवासी ग्राम रंडोल थाना बेहट, सोनू पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम दाबकी गुर्जर थाना कोतवाली देहात, नितिन पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम दाबकी गुर्जर थाना कोतवाली देहात व रवि शर्मा पुत्र नन्द किशोर शर्मा निवासी मोहल्ला गोकुलपुर कस्बा व थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर को जैन बाग के सामने तिवाया रोड के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से फाईनेन्स कर्मियों से लूट की घटना में लूटे गये 73,880 रूपये में से 38000 रूपये, कम्पनी के कागजात, 01 टैबलेट, घटना में प्रयुक्त 01 बाईक, 01 स्कूटी व तमंचा कारतूस बरामद हुए। मुकदमें में बदमाशों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 411/120 बी आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

सात में से चार शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण

- आचार संहिता समाप्त होने के बाद फिर से शुरु हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

जनसुनवाई करते अपर नगरायुक्त राजेश यादव व एस के तिवारी आदि अधिकारीगण

सहारनपुर। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद जनसुनवाई कार्यक्रम फिर से शुरु हो गया है। आज नगर निगम में पहली जनसुनवाई हुई। जनसुनवाई में सफाई व लाईट सम्बंधी सात शिकायतें आई जिनमें से चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। जबकि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले 9 लोगों ने नाला-नाली व सड़क आदि बनवाने की मांग की। अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान तीन शिकायतें सफाई सम्बंधी आयी जिनका तुरंत निस्तारण कराया गया। इसके अलावा वार्ड संख्या 9 मनोहरपुर के बलेन्द्र सैनी ने आईटीसी दिल्ली रोड पर स्ट्रीट लाइट की तार ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने विद्युत विभाग को आदेश देकर तुरंत समस्या का निस्तारण कराया। इसी वार्ड के सांवलपुर नवादा निवासी रामकुमार उपाध्याय ने अपने गांव के नाले की साफ सफाई कराने, वार्ड 4 सर्वोदय विहार आईटीसी रोड निवासी जयवीर सिंह ने नाली की सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 18 राधा कृष्ण कॉलोनी निवासी दीपक ने कॉलोनी की नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तुरंत कार्रवाई कराते हुए नालियों की साफ सफाई करा दी गयी।

वार्ड संख्या तीन मक्खन नगर निवासी रामदास गौतम ने कॉलोनी की छोटी लाइन में स्ट्रीट लाईट लगवाने, वार्ड संख्या 21 शिवमंदिर पेपर मिल रोड निवासी ऋषिपाल ने मंदिर वाली गली में लाईट लगवाने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान स्टॉक में लाईट उपलब्ध नहीं है, क्रय किये जाने के बाद लाईट लगवा दी जायेगी। इसके अलावा वार्ड 9 के रामकुमार उपाध्याय ने सांवलपुर नवादा में सरकारी हैंडपम्प लगवाये जाने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि रिबोर की टेण्डर प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिबोर करा दिया जायेगा। इसके अलावा 9 अन्य लोगों ने सड़क, नाली-नाला निर्माण व नाले पर स्लैप रखवाने आदि की मांग की। वार्ड 8 चकदेवली के श्याम लाल ने सरकारी नल उखड़वाने तथा वार्ड 4 आईटीसी रोड के राजकुमार ने ओजपुरा नवीन नगर के शमशान में मिट्टी भराव कराने की मांग की। अपर नगरायुक्त ने उक्त के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव के अलावा अपर नगरायुक्त एस के तिवारी व मृत्युंजय सहित सभी विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

राष्ट्रीय सेमिनार पास कर सतेंद्र सिंह बने पैरा ताईक्वांडो खेल के नेशनल रेफरी

सहारनपुर। पैरा ताईक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित पैरा ताईक्वांडो नेशनल रेफरी सेमिनार में ओनक्ष ताईक्वांडो एकेडमी के कोच सत्येंद्र सिंह ने सेमिनार पास कर नेशनल रेफरी बनने का गौरव हासिल कर एकेडमी को गौरवान्वित किया। डॉ.भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में पैरा ताईक्वांडो खेल के प्रशिक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेशनल रेफरी बनने पर हर्ष व्यक्त किया गया। ताईक्वांडो कोच सतेंद्र सिंह ने कहा कि उनका सपना पैरा ओलंपिक गेम्स मे रेफरी चैम्पियनशिप बनकर देश का नाम रोशन करने का है। उन्होने कहा कि पैरा ताईक्वांडो एसोसिएशन द्वारा देश मे पैरा ताईक्वांडो खेल काफी राज्यो मे खिलाडियो द्वारा खेला जा रहा है। राष्ट्रीय से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओ मे देश के पैरा ताईक्वांडो खिलाडी प्रतिभाग कर मैडल जीतकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहे है। राष्ट्रीय सेमिनार पास कर पैरा ताईक्वांडो खेल का नेशनल रेफरी बनने पर ताईक्वंडो कोच सतेंद्र सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय ताईक्वांडो रेफरी ए.टी राजीव व पैरा ताईक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव सुखदेव राज, टेक्निकल डायरेक्टर स्वराज सिंह समेत अन्य पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया।

फुटपाथ पर खड़ी 35 कारों का चालान, दो कारें जब्त

- रेलवे रोड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

अवधनामा संवाददाता

रेलवे रोड फुटपाथ पर खड़ी कार को जब्त करने का निर्देश देते अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा आज थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को साथ लेकर रेलवे रोड, अग्रसेन चौक व बस स्टैण्ड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्मार्ट सिटी द्वारा बनाये गए फुटपाथ पर खड़ी 35 कारों का चालान किया गया तथा दो कारों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा जब्त किया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारी चार दुकानदारों से साढ़े तीन हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। निगम द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गयी कि यदि आज के बाद सड़क पर किसी दुकानदार का सामान पाया गया तो उसे जब्त करने के अलावा दोगुणा जुर्माना वसूला जायेगा।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम द्वारा रेलवे रोड पर अग्रेसन चौक से घंटाघर हनुमान मंदिर तक और वहां से दूसरी साइड में वापिस अग्रसेन चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की जानकारी मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानदारों ने अपना सामान सड़क से उठाकर दुकानों में डाल लिया। अनेक दुकानदारों ने शटर डाल कर दुकाने बंद कर दी। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत रेलवे रोड पर बनाये गए फुटपाथ पर दुकानदारों ने सामान रखकर उसे पूरी तरह कब्जा लिया है। जिससे आम आदमी का फुटपाथ पर चलना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों को कई बार समझाया जा चुका है, लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ।

आज अतिक्रमणकारियों के खिलाफनिगम द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम द्वारा फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले चार दुकानदारों का चालान कर 3500रुपये जुर्माना वसूला गया। जबकि 35 कारों का चालान किया गया। फुटपाथ पर स्थायी रुप से काफी दिन से खड़ी दो कारों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा जब्त कराया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जायेगा और जिस दुकानदार का भी सामान सड़क पर पाया जायेगा उसे जब्त कर दोगुणा जुर्माना किया जायेगा। अभियान के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल वी वी गुरुंग, एसआई ट्रैफिक पुलिस अमित तोमर व रेलवे पुलिस चौकी प्रभारी आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि एक जुलाई तक लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा और सड़क पर रखा सामान जब्त कर दोगुणा जुर्माना किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 13 जून को पुल जोगियान से दाल मण्डी पुल व पुल सब्जी मण्डी जामा मस्जिद तक, 14 जून को पैरामाउण्ट कॉलोनी से नगर निगम सीमा तक, 18 जून को देहरादून चौक से बजोरिया चौक हॉस्पिटल तक, 20 जून को पुल जोगियान से नवाब गंज चौक तक, 22 जून को पुलिस चौकी चिलकाना रोड से बस अड्डा चिलकाना रोड तक, 24 जून को घंटाघर चौक से श्रीराम चौक(नेहरु मार्किट) तक, 26 जून को श्रीराम चौक से पुल जोगियान तक, 27 जून को बेहट रोड काली माता मंदिर से पारसपुरम कॉलोनी तक, 28 जून को घंटाघर चौक निकट हनुमान मंदिर से कोर्ट रोड प्रथम तक, 29 जून को घंटाघर चौक निकट महारानी होटल से जनकपुरी चौक तक, एक जुलाई को थाना कुतुबशेर से घंटाघर चौक तक अभियान चलाया जायेगा।

गोरक्षनाथ ब्लड बैंक और मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वधान में रक्तदान शिविर

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मारवाडी युवा मंच गोरखपुर शाखा समाजिक कार्यो हेतु सदैव समर्पित रहती है। इसी कड़ी में इस संस्था ने गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने रक्तदान शिविर में आए सभी लोगों के प्रति अपना स्नेह एंव शुभकामनाए दी।

डॉ अग्रवाल ने बताया की रक्तदान से किसी के प्राणों की रक्षा तो होती ही है इसके अतिरिक्त स्वंय का शरीर भी स्वस्थ रहता है तथा कुछ गंम्भीर बीमारीया जैसे- मोटापा, चर्बी की बीमारी, मधुमेय, उच्च रक्तचाप, हृदय घात एंव कैंसर जैसे रोगों से बचाव भी होता है। मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष अभिषेक पोद्दार उपाध्यक्ष दुर्गेश बजाज एंव सदस्य ज्योति गोयल, ने लोगों को रक्तदान के विषय में फैली भ्रांतियों को दूर किया। इससे किसी प्रकार की कमजोरी एंव कमी नही होती है। अपितु उपरोक्त लाभ स्वंय के शरीर को मिलता है। दुर्गेश बजाज जी ने लोगों के मन में चल रही जिज्ञासा को दूर किया तथा अभिषेक पोद्दार जी ने सभी के उत्सुक्ता एंव प्रश्नों का उत्तर दिया। इन सदस्यों में आगे बताया की अपने मन से हर-तरह की शंका को निकालते हुए नियमित रक्तदान करें। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह पश्चात् सुरक्षा पूर्वक रक्तदान कर सकता है। यह कोई आवश्यक नहीं है कि जब कोई अपना परिजन अस्वस्थ हो जाए और उसे रक्त की आवश्यकता हो तभी रक्तदान करें। अपितु हर 3 माह अथवा 6 माह बाद किसी भी ब्लड बैंक में जाकर स्वरक्तदाता के रूप में दान करें। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अग्रवाल ने बताया की भारतवर्ष में 1 वर्ष में लगभग 1 करोड 50 लाख रक्त युनिट की आवश्यकता होती है। तथा आपुर्ति केवल इसकी आधी ही हो पाती है। जिसके कारण या तो रोगी व्यवसायिक रक्तदाता के चंगुल में फस जाता है अथवा काल के गाल में समा जाता है। इन आकड़ो को देखते हुए जनमानस को चाहिए की वह नियमित रक्तदान करके इस त्रासदी को रोकने में समाज तथा राष्ट्र को समृध्द करने में अपने अहम भुमिका का निर्वहन करें। यह एक सर्वोत्तम पुण्य का काम हैं इसलिए कहा गया है रक्तदान महादान। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित एंव प्रवुध्द वर्ग के लोग एंव जनमानस के तमाम लोग पत्रकार बंधु एंव मारवाडी युवा मंच के सदस्य उपस्थित रहें। इस रक्तदान शिविर में अंकुर, बलदेव पाटवारी, संजय सिंह, दुर्गेश बजाज, अनिल कुमार, अशिषेक सिंह, पियुष गोयल, के साथ लगभग 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन एंव कर्मचारीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सुहेल समाज ने मुस्लिम दलित और ईसाई समुदाय की रक्षा हेतु कलक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा मांग पत्र

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर (अहमद रज़ा)। उत्तर प्रदेश में लगातार तीन इमामों की हत्याओं ने मुस्लिम समुदाय में गुस्सा पैदा कर दिया है समाज में लगातार दीन दुखियों की समस्याओं के लिए लड़ने वाले राजनैतिक दल सुहैल देव भारतीय समाज पार्टी के नेताओ ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए आज यू.पी. के वरिष्ठ नेता सय्यद शकील, विनय जैन और हाफ़िज़ गुफरान की रहनुमाई कलेक्टर ऑफिस पहुंच कर राष्ट्रपति को मुस्लिम दलित सिक्ख ईसाई समाज के साथ हो रहे नफरत पूर्ण भेद भाव से संबंधित एक मांग पत्र डी एम डा.दिनेश चन्द को सौंपा इस मांग पत्र में लिखा है कि विगत कुछ समय से यह देखने में आया है कि देश में कई स्थानों पर देश में रह रहे देश प्रेमी अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को धार्मिक द्वेष के कारण न सिर्फ नुकसान पहुँचाया जा रहा है, बल्कि कई स्थानों पर तो माबलिचिंच के द्वारा उनकी जान तक लेने का काम हो रहा है कभी राजस्थान कभी मध्य प्रदेश कभी हरियाणा कभी उत्तर प्रदेश मैं इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुन्द रायपुर सीमा महानदी पुल के नीचे तथाकथित हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा पशु मण्डी से पशु खरीदकर अपने घरों को लौट रहे उ.प्र. निवासी तीन लोगों पर कातिलाना हमला कर जिला सहारनपुर निवासी ड्राईवर चाँद मियाँ व गुड्डु खान की निर्मम हत्या सहित कस्बा बनत जिला शामली निवासी सद्दाम खान को बुरी तरह जख्मी कर दिया जिसकी हालत बेहद गंभीर है, तथा हाल ही में दूसरी घटना उ.प्र. के प्रतापगढ जिले के जेठवाडा थानान्तर्गत मौलाना फारूक कासमी की निर्मम हत्या के साथ साथ मुरादाबाद की बड़ी मस्जिद के इमाम की कल की गई दर्दनाक हत्या और आज ही शामली क्षेत्र में हुई मस्जिद के इमाम की जघन्य हत्या भी शामिल है इन सभी घटनाओं की तरह ही रोज़ बा रोज़ दर्जनों ऐसी दुखद और जघन्य घटनाऐं देश में दलितों, ईसाईयों और मुसलमानों के साथ होना न सिर्फ चिंता का विषय है बल्कि भारत को सर्वधर्म राष्ट्र सम्पन्न की बुनियाद को खोखला करने और सर्व धर्म सम्भव की खूबसुरती पर पलीता लगाने का काम कर रही हैं सुहेल देव समाज पार्टी के नेताओ ने बताया कि पुलिस हिंदु अपराधियों को ना पकड़ कर मुस्लिम दलित समाज के लोगो को ही जैलों में ठूंसने का घिनौना काम कर रही है मुस्लिम समुदाय की लड़कियों को भगाने और उन पर अत्यचार करने वाले हिंदु अपराधियों को बचाते हुए मुस्लिम समाज की शिकायत पर और दर्ज रिपोर्ट पर कुछ भी कार्यवाही नहीं करते हुए डरा धमका कर उलटे मुस्लिमों से शिकयत वापस लेने और उन पर दबाओ में फ़ैसले करने का अविधिक कार्य कर रही है ऐसा व्यवहार पूर्ण रूप से संविधान और लोकतन्त्र के विरुद्ध है अगर यह अविधिक काम काज यूंही चलता रहा तो देश में लोकतन्त्र को बचाना कठिन हो जायेगा सुहेल देव समाज पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग पत्र में अंकित शिकायात पर तुरन्त निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग दोहराते हुए ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने की आशा जताई और कहा कि इस कु कृत्य पर नकेल लगाना देश और समाज हित मैं बहूत ज़रूरी हो गया है।

ज्येष्ठ मास का तीसरा बड़ा मंगल

भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट एसोसिएशन ने किया भंडारे का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर शर्बत और प्रसाद वितरण की धूम रही। बताया गया है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार का विशेष महत्व है। संकट मोचन श्री हनुमान जी के भक्तो ने बताया कि आज के दिन भगवान हनुमान जी से जो कुछ भी मांगा जाए वह उसे अवश्य पूरा करते हैं।

बताते चले कि ज्येष्ठ मास के इस मंगलवार को हनुमान जी को अमरत्व का वरदान मिला था, इसी कारण ज्येष्ठ के मंगल को बड़ा मंगल और बूढ़वा मंगल कहते हैं। ये भी कथा प्रचलित है कि इसी दिन प्रभु श्रीराम और हनुमान जी का मिलन हुआ था। ज्येष्ठ मास में आने वाले हर मंगलवार को बहुत ही शुभ माना जाता है उनमें भी पहले आने वाले मंगलवार को विशेष मान कर पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं भारतीय मानवाधिकार परिवार के सदस्य केके श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट एसोसिएशन ने बड़ा मंगल का महा विशाल भंडारा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। भक्तों को बैठ करके पूड़ी सब्जी, बूंदी साथ में शरबत पिलाया गया। के के श्रीवास्तव ने कहा भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट एसोसिएशन आशियाना आलमबाग के सभी पदाधिकारी को गमछा पहना करके स्वागत किया साथ में पदाधिकारी समस्त सम्मिलित है। इस मौके पर आरसी सिंह, यशोदा नंद जयसवाल, पीयूष बाजपेई, सुनील राय, अरुण शुक्ला, श्रीमती प्रभा पांडे, मनीष श्रीवास्तव, आकाश, उपेंद्र, विक्रम सिंह, गौरव मालवीय, सोनकर गुप्ता, पी सलूजा, उमाशंकर पांडे, इंदिरा मिश्रा, सुधा बाजपेई, नीरज बाजपेई, अवधेश बाजपेई और ऐश्वर्या मिश्रा लोग मौजूद रहे।

बड़े मंगल के अवसर पर सुंदरकाण्ड का भी किया गया आयोजन

सीडीओ ने स्वीकृत संपर्क मार्ग का किया निरीक्षण

इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 तथा 2022 में बने विधान सभा इटवा अन्तर्गत स्वीकृत संपर्क मार्ग का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने मंगलवार को पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 तथा 2022 में बने विधान सभा इटवा अन्तर्गत स्वीकृत संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया। जिसमें देखा गया कि सड़क का निर्माण अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग खण्ड 1 इटवा, सिद्धार्थनगर द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय दुर्गेश पटेल, सहायक अभियंता वसीम अहमद, अवर अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे। निरीक्षण में बनरीजोत पिच रोड से बढ़ईडीह होते हुए नहर तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण है। नहर के पास ह्यूम पाइप पुलिया बनी है। जहां सड़क धस गई है। जिसे तत्काल ठीक करने के निर्देश दिया गया। मझौवा धोबहा शाहपुर मार्ग पर किमी 14 से नए नगर होते हुए भरहिया गांव तक संपर्क मार्ग पूर्ण है। सड़क पर विद्युत तार नीचे होकर लटक गए हैं। जिसे ठीक करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिया गया। मझौवा धोबहा शाहपुर मार्ग के किमी 15 से घोसियाडीह तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण है। मझौवा धोबहा शाहपुर मार्ग के अमहवा घोसियाडीह तक संपर्क मार्ग निमार्ण कार्य पूर्ण है। मझौवा धोबहा शाहपुर मार्ग के घीसाडीह तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण है। मार्ग पर कुछ स्थान पर कृषि यंत्र, ट्रैक्टर के आवागमन के कारण साईड में रोड टूट गई है। मोड़ पर मिट्टी कार्य करने एवं मरम्मत करने के निर्देश दिया गया।

झूठ का जाल बिछाकर वोट बटोरा, भागीदारी के नाम पर खामोश सपा-कांग्रेस के खटाखट नेताः वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

295 सीट पाकर सरकार बनाने का ख्वाब राहुल गांधी का था जो दुर्भाग्य से पूरा नही हो सका

लखनऊ। मतलब निकल गया और सपा कांग्रेस के जुझारू नेता ख़ामोश हो गए न खटाखट खाते में पैसे की बात हो रही और नही पसमांदा का वोट पाकर उसे सदन में भागीदारी की। सपा का सपना दिल्ली के सदन में बैठने की राजनीति का था जो पूरा हुआ जबकि 295 सीट पाकर सरकार बनाने का ख्वाब राहुल गांधी का था जो दुर्भाग्य से पूरा नही हो सका।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि सपा हो या कांग्रेस दोनों ने लालच का जाल बिछाकर बड़ी संख्या में मुसलमानों का वोट हासिल कर लिया। तमाम वायदों के फेर के पड़कर मुसलमान ने साथ तो दे दिया पर अब दोनों दल के मुखिया सिरे से गायब हो गए। मंच के जरिये हर काम खटाखट होने का दावा करने वाले नेता मुंह सिल कर बैठे हैं। कायदे से संख्या बल के अनुसार कांग्रेस से 3, सपा से एक व अन्य सहयोगी दलों को मिलाकर कुल 7 चेहरों को राज्यसभा भेजा जा सकता है तो अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सपा व कांग्रेस पसमांदा का वोट हासिल करने के बाद इन्हें राज्यसभा भेजेगी, नुमाइंदगी देगी या फिर दशकों की तरह इस बार भी बेवकूफ बनाएगी। पसमांदा समाज दोनों नेताओं से जवाब चाहता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि वैसे तो राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव दोनों ही नेताओं की फितरत बस झूठ बोलकर पसमांदा समाज का वोट हासिल करने की रही है। खामोशी से साथ देते आये पसमांदा मुसलमान को दोनों दलों ने सिर्फ बेवकूफ बनाया है। पसमांदा समाज बिना शर्त इन दोनों का साथ देता आया है बदले में सत्ता, सदन व संगठन कहीं भी जगह नही मिली। इनकी खोटी नीयत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महिलाएं कांग्रेस कार्यालय के चक्कर काट रही और खटाखट खाते में हर माह 8500 रुपए भेजने का वादा करने वाले राहुल गांधी दिल्ली में बैठकर जोड़ तोड़ की राजनीति कर रहे हैं। क्या इन्ही दिनों के लिए पसमांदा मुसलमान ने इनका पूरा साथ दिया है।

सैयद आबिद हुसैन को श्री अटल सेवा रत्न सम्मान 2024 से इंदौर मप्र में किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

इंदौर। विश्व भ्रष्टाचार निरोधक जन परिषद एवं WAC ग्लोबल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन ने 9 जून 2024 को होटल साउथ एवेन्यू इंदौर में अम्बेडकर के सैयद आबिद हुसैन को श्री अटल सेवा रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

संस्था के संस्थापक डॉ. विजय डी बजाज एवं डॉ ज्योति विजय बजाज ने सैयद आबिद हुसैन को इस प्रोग्राम के इन्वाइट कर के बुलाया और संस्था द्वारा देश के अलग-अलग फील्ड में अपना विशेष योगदान देने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया जिसमे आबिद हुसैन की समाज सेवा को देखते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दिप प्रज्जवलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के अतिथि चेयरमेन डायरेक्टर मध्य प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स डेव्लपमेंट कार्पोरेशन शैतान सिंह पाल, अध्यक्ष इंटरनेशनल पुलिस फोरम इंटर गर्वमेंटल आर्गेनाइजेशन यूएसए एवं यूनाइटेड नेशन इंटर गर्वमेंटल आर्गेनाइजेशन यूएसए यूनाइटेड नेशंस रिप्रजेंटेटिव डॉ. जसबीर सिंह, काठमांडू नेपाल से फिल्म डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर डॉ. डी.आर. उपाध्याय, सीएमडी मधानी फायनेंस एंड इंटरटेनमेंट डॉ. निकेश ताराचंद जैन मधानी, मुंबई हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर शर्मा, पूर्व रांची सांसद ब्रजमोहन राम के साथ ही सेलीब्रिटी गेस्ट बालीवुड के प्रख्यात अभिनेता विन्दू दारा सिंह फ़िल्म एक्टर रंजीत एवं शरद यादव, सैयद आबिद हुसैन बजरंगी भाईजान आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

बताते चले संस्था के संस्थापक डॉ. विजय डी बजाज एवं डॉ ज्योति विजय बजाज ने सैयद आबिद हुसैन के कार्यो को सराहा और कहा के आबिद जैसे समाज सेवक से देश के युवाओ को प्रेणा लेनी चाहिये इस आज भाग दौड़ भारी ज़िन्दगी मे लोगो के पास अपनों के लिए काम करने का टाइम नहीं है ऐसे से आबिद हुसैन विदेश मे फसे भारतीयों की रिहाई करवा रहे है जो बहुत सराहनीय है आबिद हुसैन को हम सम्मानित कर के बहुत गर्व महसूस कर रहे रहे आबिद हुसैन के इस सम्मान से ज़िलें मे भी खुशी की लहर है लोगो बधाइयों का तता लगा हुआ है साथ ही आबिद ने इस सम्मान के लिए संस्था के संस्थापक डॉ. विजय डी बजाज एवं डॉ ज्योति विजय बजाज का धन्यवाद किया।

चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के साथ ही लोकसभा चुनाव की सरगर्मी अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है। परंतु कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अभी इसी सरगर्मी में जी रहे हैं। गांव से लेकर बाहर तक इन लोगों की बातचीत का नजरिया या तो झगड़ालू है या फिर उलझने वाला। ग्राम अमैयापुर पूर्वी निवासी शोभित पुत्र नरसिंह राठौर ने थाना अमृतपुर में तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया कि वह अपने ही गांव में भागवत कथा सुनने गया था। वहीं पर राहुल पुत्र मोरपाल निवासी ग्राम गेहलार व इसके अन्य साथी योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां दे रहे थे। जिसका मैंने विरोध किया। जिससे यह लोग नाराज हो गए और रात्रि 12 बजे राहुल ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मारपीट की व तमंचा दिखाकर धमकाया। थाना पुलिस ने तहरीर लेने के बाद जांच प्रक्रिया शुरू कर दी।

बड़ा हनुमान दिवस पर वितरण किया शरबत

फर्रुखाबाद। शहर के हनुमान मंदिरों में मंगलवार को सबसे बड़ा मंगल होने पर भक्तों में भक्तों ने श्रद्धा भाव से रहा चलते लोगों को गर्मी में प्यास बुझाने के लिए शरबत का सेवन कराया। शहर के तिकोना चौकी पुलिस विभाग का गर्मी के मौसम में रहा चलते लोगों को गर्मी में शरबत का वितरण करके एक सराहनीय कार्य किया है। वहीं तिकोना चौकी इंचार्ज यतेन्द्र सिंह महेश हेड उपाध्याय कांस्टेबल अभिषेक और चौकी इंचार्ज ने भी शरबत बांट कर लोगों की प्यास बुझाई, यही नहीं सड़क पर से आने जाने वाले लोगों को शरबत पीने से गर्मी के मौसम में काफी राहत महसूस की, पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए राहगीर सराहना करते रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत- भैसहिया
वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत भैसहिया विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20.06.2024 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत भैसहिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भैसहिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत भैसहिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत भैसहिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान-कुसमादेवी
ग्रा.पं. भैसहिया
वि.खं. डुमरियांगज

सचिव- पंकज कुमार
ग्रा.पं. भैसहिया
वि.खं. डुमरियांगज

पशु तस्करों के साथ बरामद एक पिकअप भाजपा मंडल अध्यक्ष के भतीजे का, खूब हो रही किरकिरी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। तरया सुजान पुलिस द्वारा प्रतिबंधित पशुओं से लदी दो पिकप गाडी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। चर्चाओ का सबब यह है कि तस्करों के पास से पुलिस ने जिन दो पिकअप गाडी को पशुओं के साथ बरामद किया है उनमें से एक पिकअप भाजपा के मण्डल अध्यक्ष के भतीजे की बताई जा रही है। इतना ही नही चर्चाओं के बाजार मे इस बात कि चर्चा भी खूब है कि मण्डल अध्यक्ष अपने रसूख के दम पर इस धंधे में लिप्त कारोबारियों और पुलिस तंत्र के बीच सेतू का भूमिका का निर्वाहन कर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस अवैध कारोबार को बढावा दे रहे है। इन चर्चाओ में कितनी सच्चाई है यह निष्पक्ष जांच का विषय है लेकिन इस बात से इंकार भी नही किया जा सकता है कि धुआं वही उठता है जहां आग लगती है। कहना न होगा कि जनपद मे अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों के खिलाफ नकेल कसने की गरज से पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन मे चलाए जा रहे अभियान के तहत 9 जून को थाना तरया सुजान पुलिस टीम द्वारा हफुआ चतुर्भुज के समीप तीन पशु तस्करों को पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस ने इन तस्करो के पास से दो पिकअप वाहन से बध के लिए ले जाई जा रही छह राशि गोवंश (3 राशि गाय व 3 राशि बछड़ा) की बरामदगी की गई थी। पुलिस के हत्थे चढ़े तस्करो मे राम एकबाल यादव पुत्र स्व. तीला यादव निवासी कोइन्दहा थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर, विजय सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह निवासी जवही नरेन्द्र थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर तथा मनीष कुमार पुत्र हरेराम राय निवासी रौजा पोखरा थाना मौफसिल जनपद सिवान (बिहार) शामिल है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 185/2024 धारा 3/5 ए/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर तस्करो को सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के मुताबिक पकड़े के तस्करो के पास से गोवंशीय पशु (3 राशि गाय व 3 राशि बछड़ा) दो अदद पिकअप यूपी 57 ए टी 8161, यूपी 57 ए टी 8427 बरामद किया गया। बताया जाता है कि इनमे से यूपी 57 एटी-8161 नम्बर वाली पिकअप गाडी भाजपा के मण्डल अध्यक्ष के भतीजे की गाडी है। मजे कि बात यह है कि पुलिस की जद मे पशुओं से लदी पिकअप तो है लेकिन पिकअप मालिक के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नही गई जबकि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पशु तस्कर पर रोक लगाने की गरज से पशु तस्करी मे प्रयुक्त वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने फरमान जारी कर रखा है। इसके बावजूद पिकअप मालिक पर मुकदमा दर्ज नही होना अपने आप मे न सिर्फ एक सवाल है बल्कि मण्डल अध्यक्ष के रसूख का असर भी साफ है।

कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। ग्राम पंचयात बिजुआपुर में कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। राष्टीय कृषि विकास योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 में किसान पाठशालाका दो दिवसीय आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित की गई। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि कमलेश तिवारी द्वारा किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी गई।उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधनके बारे में भी बताया। प्रशिक्षक किसान पाठशाला अभय भान चतुर्वेदी द्वारा प्रथम दिवस में खरीफ फसल उत्पादन एवं प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने किसानों को खरीफ फसलों के बीजों की जानकारी दी ।राजकीय कृषि बीज भंडार कुठौन्द पर अनुदान पर उपलब्ध बीजों के विषय में चर्चा की एवं किसानों को मृदा परीक्षण करवाने की सलाह दी। भूमि शोधन, बीज शोधन, उन्नतशील प्रजातियां व पराली ना जलाने के संबंध में आपदा प्रबंधन के विषय पर किसानों से चर्चा की। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के विषय में किसानों को बताया कि आप अपने खेत परहीअपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।चैटपॉट के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि विभाग द्वारा संचालित ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसान अपने मोबाइल के माध्यम से फसल के रोग एवं कीटों के विषय में जानकारी ले सकते हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ
पत्रांक : 536/ईई0(एच0क्यू0)/2024-25 दि0: 11.06.2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 18.06.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 18.06.2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 18.06.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे फिल्टर उपविभाग मे सेट नं0 5 के 40 एच0पी0 पम्पसेट की मरम्मत व तत्सम्बन्धी कार्य, धरोहर धनराशि 2,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 100.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे क्रेन संख्या—यू0पी0 32 यू0आर0एल0 3221 की मरम्मत इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे अधिष्ठापित ओल्ड पम्परूम मे नयी शेड एल्युमिनियम प्रोफाईल शीट शेड डालने इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 3,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 150.00
4. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे महाप्रबन्धक महोदय आवास के बाथरूमों मे प्रेशर पम्प एवं गीजर लगाये जाने इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 3,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 150,00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

समाजसेवी ने 10 सूत्रीय मांग देश व प्रदेश की सरकार से किया

अवधनामा संवाददाता

हैदरगंज-अयोध्याधाम। आचार संहिता खत्म होते ही सरकार बनने के बाद हैदरगंज के समाजसेवी ने 10 सूत्रीय मांग देश व प्रदेश की सरकार से किया है। विकासखंड तारुन के हैदरगंज क्षेत्र के समाजसेवी उपेंद्र दुबे उर्फ झिंगूरी दुबे ने क्षेत्र के लोगों के साथ देश व प्रदेश की सरकार से 10 सूत्रीय मांग किया है। मांग पत्र में सरकारी विभागों में निविदा व संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को परमानेंट किए जाने, सरकारी विभागों को निजीकरण के हाथों में न देकर विभागों की स्वयं देखरेख करें, सरकारी अस्पतालों में बाहर की दवाओं एवं जांच पर कार्यवाही करते हुए समुचित व्यवस्था अस्पतालों में कराई जाए, आयुष्मान कार्ड का लाभ छोटे परिवारों को भी दिलाया जाए, छुट्टा गोवंशों को गौशाला में भेजने के साथ ग्राम सभाओं के युवाओं को गौशाला में नौकरी पर रखा जाए, खाली पड़े सरकारी पदों पर जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया लागू की जाए, सरकार अग्नि वीर भर्ती प्रणाली को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल कराए, थाना, ब्लॉक, तहसील सहित जिले पर तैनात भ्रष्ट कर्मचारियों की जांच करा कर विधिक कार्यवाही की जाए।

भाकियू ने शारदा सहायक नहर की दोनों पटरियों पर दो-दो लेन सड़क बनवाने की मांग,सौंपा मांगपत्र

अवधनामा संवाददाता

प्राधिकरण के सचिन को मांग पत्र सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल, सचिव अयोध्या प्राधिकरण से मिलकर चौक से इलाहाबाद रोड पर मसौधा तक लग रहे जाम से निदान हेतु ज्ञापन सौंपकर शारदा सहायक नहर की दोनों पटरियों पर दो-दो लेन सड़क बनवाने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सत्येंद्र सिंह सचिव विकास प्राधिकरण से मिला और ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि डाभासेमर स्थित शारदा सहायक नहर की दोनों पटरियों पर दो-दो लेन की सड़क बनाकर इलाहाबाद रोड से रायबरेली रोड तक जाने के लिए बाईपास बनाया जाए जिससे जाम की समस्या से छुटकारा पाया जा सके और यह भी मांग किया कि प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित उसरू माइनर की सड़क की चौड़ाई 31 मीटर के बजाय 21 मीटर की जाए 31 मीटर की चौड़ाई में सड़क बनाई जाने से बहुत से लोगों के मकान ध्वस्त हो जाएंगे, घनश्याम वर्मा नेकहा कि यदि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग फोरलेन 21 मीटर चौड़ाई में बनाई जा रही है तो उसरू माइनर पर प्रस्तावित सड़क को 21 मीटर की चौड़ाई में बनाकर इलाहाबाद रोड से रायबरेली रोड को जोड़ा जाए। प्रतिनिधिमंडल में देवी प्रसाद वर्मा, रंजीत कोरी, भूपेंद्र कुमार दुबे, संतोष वर्मा शामिल रहे।

अग्नि पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

हैदरगंज-अयोध्या। रामगढ़वा में अग्नि पीड़ित परिवार को विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बक्स सिंह ने अंग वस्त्र सहित आर्थिक सहायता प्रदान किया है। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मंगारी ग्राम सभा के रामगढ़वा में अज्ञात कर्म से लगी आग से गांव निवासी दयाशंकर यादव का छापर का मकान जल गया। मकान के अंदर रखी मोटरसाइकिल, साइकिल, अनाज, कपड़ा, बिस्तर, चारपाई सहित लाखों का सामान जल गया। जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक गोसाईगंज अभय सिंह के पिता भगवान बक्स सिंह ने मौके पर पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवार को अंग वस्त्र सहित आर्थिक सहायता भी प्रदान किया है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के द्वारा शर्बत वितरण का हुआ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को शहर से ग्रामीण तक भंडारे का हुआ आयोजन। इसी कड़ी में सुल्तानपुर रोड अवध यूनिवर्सिटी के सामने राजपूत पेट्रोल टंकी पर पेट्रोलियम डीलर्स एशोसिएशन एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने भयंकर गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए ठंडा जल व शरबत वितरण कराया। सुबह हनुमानजी की पूजा अर्चन करने के साथ ही श्री सिंह ने शरबत वितरण का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री सिंह ने बताया कि आज हमारे प्रतिष्ठान पेट्रोल टंकी पर गर्मी में राहत देने के लिए सुबह से शाम तक शर्बत वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर संजीव कुमार पांडेय, लल्लू सिंह, सूर्यभान सिंह, भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह, सुरेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अमरदीप सिंह, शिवप्रताप सिंह,विपिन सिंह, लवकुश यादव,सुशील कुमार निषाद,शिव सहित कई लोग मौजूद रहे।

चलाया जायेगा विस्थापित व्यापारियों को न्याय दो अभियान

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। चलाया जायेगा विस्थापित व्यापारियों को न्याय दो अभियान व्यापारी नेता नन्द कुमार गुप्ता ने बताया सड़क चौड़ीकरण में जिन व्यापारियों की दुकाने पूर्ण विस्थापित हो गयी पैसे के अभाव में विकास प्राधिकरण द्वारा दिये गये दुकानो को नही ले पा रहे,टूटी दुकानो को मकानमालिक बनने नहीं दे रहे या नयी बनी दुकानो को उचित किराया लागत मूल्य के बाद भी मकानमालिक विस्थापितों को नही दे रहा है,दिये गये मुवाअजा (ऐक्सरेसिया) को न्यूनतम एक लाख से बढ़ाकर दस लाख करने, जन्मभूमी के परंपरागत दर्शन मार्ग को खोलने,रामपथ पर लगी बैरिकेटिंग को बदलकर छोटे छोटे पिलर वाला डिवाइडर लगाने एवं मुख्य बाजार के पास दुकान के बदले दुकान के तहत विस्थापितों के लिए स्थाई दुकान बनवाने आदि समस्याओं के संदर्भ में दिनांक 12 जून बुधवार सांय 8 बजे राजद्वार पार्क निकट हनुमानगढ़ी अयोध्या पर व्यापारी समाज की एक बैठक आहूत की गयी है।

प्रशासनिक अकर्मणता, उदासीनता ने डुबोई बीजेपी की लुटिया : डॉ रजनीश सिंह

अवधनामा संवाददाता

अयोध्याधाम। लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) सीट की हार भाजपा को बहुत गहरे तक चोट दे गई है। इसे एक सामान्य सीट की हार के रूप में नहीं देखा जा रहा है। इसे भाजपा के प्रतीकों के प्रयोग की विफलता के रूप में देखा जा रहा है। हार के और भी कई कारण गिनाए जा रहे हैं ऐसे में बीजेपी के युवा नेता प्रवक्ता डॉ रजनीश सिंह ने अयोध्या हार का कारण तो सिर्फ और सिर्फ यहां की प्रशासनिक अकर्मणता, उदासीनता को मानते है। साथ ही वह यह बताना भी नही भूलते है कि ये तो पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महराज ने चुनावी सभा करके हार के अंतर को कम कर दिया अन्यथा और बुरी हार पक्की थी।डॉ सिंह का कहना है कि श्रीराम मंदिर निर्माण का फैसला आने के बाद जो भी अधिकारी अयोध्या आया है उसने जनता के कार्यों को छोड़कर सिर्फ और सिर्फ जमीनों की लूट करी। सुंदरीकरण के नाम पर करोड़ों के वारे न्यारे नगर निगम ने किए। चौड़ीकरण के नाम पर अधिकारियों ने लोगो को भड़काया,सफाई के नाम पर करोड़ों का वारा न्यारा किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य की हैसियत से डॉ रजनीश कहते है कि अयोध्या की स्वास्थय सेवा बदहाल है।

अयोध्याधाम के 120 साल पुराने श्रीराम अस्पताल की हालत यहां के अधिकारियों व डॉक्टरों की कमीशनखोरी के चलते बदहाल हो चुकी है। अयोध्या आने वाले लाखों श्रद्धालु श्रीराम अस्पताल की बदतर व्यवस्था व भ्रष्टाचार से पीड़ित है लेकिन सुनने वाला कोई नही। बिजली के नाम पर भी सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। जिले की प्रभारी मंत्री की उदासीनता और भ्रष्ट अधिकारियों को खुलेआम भ्रष्टाचार का संरक्षण देना हार के प्रमुख कारणों में से एक रहा है।

नीट परीक्षा के परिणाम में हुए भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपियों को सजा दी जाए : धर्मवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर आप पार्टी ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और डीएम को ज्ञापन सौपा। आप पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नीट जो कि देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक हैं, उसका पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को भ्रष्टाचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहाँ संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा हैं तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार हैं। जिसके वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा हैं। उन्होंने आगे कहा नीट के परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था, परंतु आनन-फानन में 4 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही, नीट के परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता हैं कि किस गुनाह को छिपाने के लिये इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये, एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये गये और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिये गये जो कि असम्भव हैं क्योंकि एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 04 या 05 नंबर कम होने चाहिए, तो 718 और 719 नंबर कैसे दिये जा सकतें हैं। इससे प्रतीत होता हैं कि नीट के परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया हैं। श्री सिंह ने राष्ट्रपति महोदया से माँग की है कि नीट परीक्षा के परिणाम की उच्चस्तरीय जांचकर दोषियों को जेल भेजा जाए।इस मौके पर जुगराज सिंह अरविंद यादव आकाश वर्मा अभिषेक यादव महफूज़ आलम ललित रावत आदि साथी उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत,एक घायल

अवधनामा संवाददाता

मवई-अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूरे शाहलाल ओवरब्रिज के समीप बीती रात्रि को अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार दो लोगों को टक्र मार दिया,जिसमे एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दूसरा व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सीएससी मवई भेजा है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात्रि 10 बजे थाना क्षेत्र के पूरे कामगार मजरे पचलो निवासी सुधीर कुमार रावत पुत्र काशी राम रावत बाइक से अपने साथी अंबर प्रसाद पुत्र पुत्ती लाल ग्राम भूडेहरी थाना रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी के साथ आवश्यक कार्य हेतु गनौली गया था वापस आते समय पूरे शाहलाल निकट फ्लाई ओवर से पहले अयोध्या लखनऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सुधीर कुमार रावत की मृत्यु हो गई।

मसौली लाक में बीडीओ संस्कृता ने बड़े मंगल पर भक्तों को प्रसाद खिलाया

अवधनामा संवाददाता

मसौली,बाराबंकी। जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय सहित मंदिरो एव प्रतिष्ठानो पर भंडारो का आयोजन किया गया जिसमे तमाम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित भंडारे में पंडित रामकुमार मिश्रा ने विधि विधान से पवनपुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए आरती उतारी तथा खंड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया जिसमे ब्लाक कर्मी सहित आसपास के तमाम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे मे ब्लाक प्रमुख रईस आलम सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, एडीओ आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, बीईओ पी आर डी विकास तिवारी, स्थापना लिपिक अनिल दुबे, प्रदीप वाजपेई सहित ग्राम रोजगार सेवक एव सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। मसौली चौराहा स्थित शिवम ट्रैक्टर पार्ट्स की दुकान पर अशोक वर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे छोला चावल का वितरण किया गया। पशु बाजार के निकट मंटू वर्मा, अजय यादव, रामानंद शर्मा, राजेश वर्मा, प्रताप यादव, विजय रावत द्वारा छोला चावल का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत बड़ागांव के कायस्थ मोहल्ले मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हनुमान भक्त सुबोध श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, मनीष कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, बब्लू यादव आदि लोगो ने सैकड़ो भक्तो को प्रसाद वितरण किया। हनुमान मंदिर पर भक्तो मे बुंदी का वितरण किया गया।

किया गया भण्डारे का अयोजन

बाराबंकी। ज्येष्ठ मास के तृतीय मंगलवार को अशोक विहार कालोनी स्थित रामजीत काम्पलेक्स में एकेडमी गुरू की ओर से महाबली हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के बाद एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकडों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया एकेडमी के अध्यक्ष अंशुमान वर्मा के साथ अनिल सैनी, आशुतोष, प्रसून, मूलचन्द्र, सत्येन्द्र, कार्तिकेय रोहन के साथ क्षेत्र के सैकडों लोग मजूद रहे।

बड़े मंगल पर्व को लेकर जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान के साथ भंडारे का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जाना बाजार-अयोध्या। हैदरगंज थाना क्षेत्र में बड़े मंगल पर्व को लेकर जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के जाना बाजार में रामलीला मैदान में गणेश कसौधन दिनेश कसौधन द्वारा संगीत मय सुंदरकांड पाठ उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, इसी के साथ ही राम जी मोदनवाल द्वारा सुंदरकांड पाठ उपरांत छोला नुक्ती का प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के ही कटरा चौराहे पर सोनू मोनू श्रीवास्तव सहित लोगों ने पूरी सब्जी और नुक्ति का प्रसाद रामायण पाठ उपरांत वितरित किया। इस दौरान कायस्थ समाज के जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारी को श्रीवास्तव बंधु ने अंग वस्त्र सहित माल्यार्पण कर सम्मानित किया। हैदरगंज बाजार में सिंह बीज भंडार की तरफ से रास्ते में आ जा रहे राहगीरों सहित ग्रामीणों के लिए भंडारे स्वरूप जलपान की व्यवस्था की गई।

ज्येष्ठ माह के तीसर मंगल के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक भंडारे की धूम

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज गोंडा। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक भंडारे की धूम, शहर में लगभग सभी चौराहा पर आयोजित किया गया भंडारा। मिली जानकारी अनुसार नगर के कटी तिराहे पर उमाशंकर गुप्ता की अगुआई मे भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे बजरंगदल दल संयोजक शारदाकांत पांडेय ने भंडारे मे बतोर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने सभी हनुमान जी के भक्तो के भक्ति भाव की तारीफ किया।

उमाशंकर गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। शिव-शक्ति हनुमान मंदिर मिशन स्कूल के पास अविनाश चंद्र श्रीवास्तव अगुआई मे बजरंगबली का पूजा पाठ कर मिस्ठान वितरण किया गया। सिरसा हनुमान मंदिर पर युवा नेता शुभम पाठक और लकी मिश्रा की अगुआई मे शर्बत और पुडी सब्जी का वितरण किया गया कोल्हमपुर तिराहे पर कसान पाठक व टिंकू सिंह की अगुआई मे सुबह से ही पूजापाठ और भंडारा का आयोजन हुआ वही कटरा शिवदयाल गंज तिराहे पर पवन यादव राकेश सागर विजय पासवान ने भंडारा प्रसाद वितरण कराया शहर के विभिन्न स्थानों पर भंडारे में संत महंत भी हुए शामिल हुए मौके पर संजय गुप्ता सचिन गुप्ता जयप्रकाश यादव अरविंद यादव चिंटू संतोष पांडेय हरिओम पांडेय आनंद श्रीवास्तव द्वारिका प्रसाद मिश्र त्रयंबक मिश्रा गंगाप्रसाद मनोज गुप्ता वैभव गुप्ता आशू तिवारी ने हनुमान भक्तों को वितरित किया प्रसाद।

केक काटकर विश्व चालक दिवस मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। विकास भवन में विश्व चालक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चिकित्सा विभाग परिसर में समस्त विभाग के वाहन चालकों की मौजूदगी में केक काटकर विश्व चालक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन हर संभव वाहन चालकों की मदद में खड़ा रहता है। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त वाहन चालक शकील, देवेन्द्र कुमार दूबे ने अपने विचार रखे। इस मौके पर नन्द किशोर, विनोद कुमार, विजय गोस्वामी, सुरेंद्र चंद्र, वीरेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, अर्जुन आदि वाहन संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

त्यौहार बकरीद के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में थाने पर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज(गोंडा)। आगामी त्यौहार बकरीद के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में थाने पर पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई ।प्रभारी निरीक्षक ने बैठक में सभी लोगों से शांतिपूर्वक आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कड़े शब्दों में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी के लिए मना किया और गड़बड़ी फैलाने व अशांति पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही। अराजक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचना दें। बैठक में मौजूद बिजली विभाग के कर्मचारियों से विद्युत सप्लाई लगातार देने की अपील की तथा नगरपालिका प्रशासन से नगर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान ने के लिए कहा। कुर्बानी के बाद निकले अपशिष्ट को गड्ढे में दबाने के लिए कहा जिससे कि वह इधर-उधर ना फैले। उन्होंने कहा कि सब शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाये और ध्यान रखें की किसी की धार्मिक और व्यक्तिगत भावनाएं आहत ना हों।

इस मौके पर कस्बा चौकी इंचार्ज मनीष सिंह, उपनिरीक्षक दूधनाथ चतुर्वेदी , त्रियुगी प्रसाद शर्मा, होलापुर प्रधान प्रतिनिधि जैनुल आबेदीन, डॉ इकबाल अंसारी, सभासद विनोद कुमार पंडित सोनी जुबेर अहमद, शमशुद्दीन, आशीष तिवारी, टीजीटू अंकित वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव सहित तमाम लोग व थाने के लोग मौजूद रहे।

भंभुआ चौकी इंचार्ज व उनके हमराही सिपाही के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की गुहार

बीते शनिवार को छतौनी में तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य कर रहे मजदूरों के साथ पुलिस द्वारा गाली-गलौज कर पिटाई करने से जुड़ा है मामला।

अवधनामा संवाददाता

कर्नलगंज,गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोनहटा के छतौनी में बीते शनिवार को तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य कर रहे मजदूरों के साथ भंभुआ चौकी इंचार्ज व उनके हमराही सिपाही द्वारा गाली-गलौज करते हुए पिटाई करने व पुलिसिया तांडव मचाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित ग्रामीणों व मनरेगा मजदूरों ने मामले में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर भंभुआ चौकी इंचार्ज व उनके हमराही अशोक कुमार सिंह सहित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विभागीय कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

प्रकरण कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोनहटा (छतौनी) से जुड़ा है। यहां के ग्रामवासियों व मनरेगा मजदूरों शिवशंकर, ओमकार, रियाज़, माधुरी, सुरेश कुमार, शुभकरन, मायादीन, कृष्ण मोहन, बिजाली, भाईलाल, मायाराम, आशा, सब्बज सहित अनेकों लोगों ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्रामपंचायत कोनहटा के छतौनी मे जलमग्न की भूमि गाटा सं0 243 स्थित है,जिसके सौन्दर्यीकरण के तहत मनरेगा मजदूरों द्वारा खुदाई की जा रही थी। उक्त भूमि की पैमाइश राजस्व टीम द्वारा दिनांक 03.06.2024 को करके निशानदेही करा दी गई थी। दिनांक 08.06.2024 को ग्रामवासी करीब 100 की संख्या में दिन में कार्य कर रहे थे कि भंभुआ चौकी इन्चार्ज भानु प्रताप सिंह अपने हमराही अशोक कुमार सिंह के साथ सिविल ड्रेस में समय करीब सुबह 09ः30 पर पहुंचे तथा कार्य कर रहे मजदूरों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया। जिसमें मजदूर जो कार्य कर रहे थे उनमें भगदड़ मच गई तथा कई मजदूरों की चोटें आई हैं। उसी भगदड़ में एक लड़का अभिषेक उम्र लगभग 7 वर्ष का एक्सीडेंट हो गया है जिससे शरीर में काफी चोटे आई है। इसी बीच उक्त चौकी इन्चार्ज व सिपाही एक मजदूर विजय कुमार को थाने ले आयें तथा 151, 107,116 की कार्यवाही कर दिये। पीड़ितों ने संपूर्ण प्रकरण की जांच कराकर चौकी इन्चार्ज भंभुआ भानु प्रताप सिंह व हमराही अशोक कुमार सिंह सहित दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की जाने की गुहार लगाई है।

दिवंगत पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को दैनिक समाचार पत्र कर संवाददाता गुलाम मुस्तफा इद्रीशी के निधन पर शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवांगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। शोक सभा के बाद जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि गुलाम मुस्तफा इद्रीशी लंबे समय से पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े हुए थे उनका निधन महराजगंज के पत्रकारों को झकझोर दिया हैं। इस दुख के घड़ी में जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभी सदस्य पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। बताते चले की गुलाम मुस्तफा इद्रीशी जनपद के नौतनवा हेड से अखबारों में जुड़े हुए थे और अपनी लेखनी से समय समय पर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुखर होते थे। विगत कई दिनों से काफी बीमार चल रहे थे ईलाज के दौरान सोमवार की रात में निधन हो गया। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार विश्वदीपक त्रिपाठी, नवीन सिंह विशेन, सुनील श्रीवास्तव, संजय पांडेय, जेपी सिंह, अनिल वर्मा, शैलेश पांडेय, विपिन श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश मदेशियां, दीपक शरण श्रीवास्तव, विनय नायक, सुनील यादव, सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

त्योहारों को शांति पूर्वक मानने को हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। श्रावण मास और बकरीद के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मानने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न पर्वों पर जनपद महराजगंज का इतिहास शांतिपूर्ण ही रहा है और पूर्ण विश्वास है कि अपनी परम्परा को जनपद के नागरिक आगे भी कायम रखेंगे और आगामी त्यौहार भी सकुशल सम्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि बकरीद में कुर्बानी के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें। पशुओं की कुर्बानी खुले में न करें, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कदापि न करें। कुर्बानी के उपरांत अवशेषों को खुले में न छोड़ें और उनका उचित प्रबंधन करें।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग निर्देश दिया कि जनपद में रोस्टर के अनुसार ही कटौती हो। उन्होंने साफ-सफाई व स्वच्छ जलापूर्ति हेतु सभी ईओ, बीडीओ को निर्देशित किया। उन्होंने इस दौरान मेडिकल टीमों को भी सक्रिय रखने के लिए कहा। उन्होंने श्रावण मास के दृष्टिगत भी श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक इंतजाम और मंदिरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पालन सुनिश्चित करें और परस्पर समन्वय के साथ काम करें। जनता के साथ भी संवाद बनाये रखें, ताकि त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने भी दोनो पक्षों को संबोधित करते हुए परस्पर भाईचारे के साथ आगामी पर्वों को मनाने की अपील की। कहा कि किसी प्रकार की भ्रामक खबर को फैलाने अथवा उसके प्रभाव में आने से बचें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की भ्रामक और झूठी खबरों पर कड़ी नजर है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों ने वरिष्ठ अधिकारियों को अश्वस्त किया कि आगामी त्यौहारों को परस्पर सद्भावना व भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। बैठक का संचालन शमशुल हुदा ने किया। बैठक में सभी एसडीएम, सीओ, ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व दोनों समुदायों के सभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

ज्येष्ठ माह के तृतीय मगलवार को जगह जगह भंडारे का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर क्षेत्र में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया । हनुमान भक्तो ने जगह जगह स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण किया कही पर शरबत तो कही छोला चावल तो कही पूड़ी सब्जी नूक्ति का वितरण किया गया। इसी क्रम में विद्युत उपकेंद्र सुबेहा पर अवर अभियंता अंकित वर्मा के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया। जिसमे विद्युत अधिशासी अभियंता पी के गौतम ने हनुमान जी की विधिवत पूजा पाठ कर भंडारे का शुभारंभ किया गया। जिसमे सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एस डी ओ शैलेंद्र गुप्ता, देवीगंज जेई सुजीत कुमार तिवारी, कोठी जेई अजय कुमार, संतोष कुमार लाइनमैन, प्रताप, भवानी यादव , आकाश त्रिपाठी, चंद्रमणि सिंह, सहित सैकड़ों भक्तो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में सुबेहा क्षेत्र के अंतर्गत पूरे विषेन्न चौराहे पर दुर्गेश मेडिकल स्टोर पर पूर्व प्रधान थलवारा शोभनाथ के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार को नगर पंचायत बढ़नी के गोलबाजार में बजरंग बली के भक्तो द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे करीब एक हजार से अधिक लोगों ने पूड़ी, सब्जी, शरबत का प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे प्रभु श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। संकट मोचन श्री हनुमान जी के भक्तो ने बताया कि आज के दिन भगवान हनुमान जी से जो कुछ भी मांगा जाए वह उसे अवश्य पूरा करते हैं। बताते हैं कि ज्येष्ठ मास के इस मंगलवार को हनुमान जी को अमरत्व का वरदान मिला था, इसी कारण ज्येष्ठ के मंगल को बड़ा मंगल और बूढ़वा मंगल कहते हैं। ये भी कथा प्रचलित है कि इसी दिन प्रभु श्रीराम और हनुमान जी का मिलन हुआ था। ज्येष्ठ मास में आने वाले हर मंगलवार को बहुत ही शुभ माना जाता है उनमें भी पहले आने वाले मंगलवार को विशेष मान कर पूजा-अर्चना की जाती है। वैसे तो पूरे ज्येष्ठ मास में हनुमान मंदिर सजे रहते हैं और हर मंगलवार को जगह-जगह पर भंडारे लगते हैं पर बड़ा मंगलवार की बात खास है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप के नगर अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि, अखिलेश मद्धेशिया, यश गुप्ता, आकाश गुप्ता, सोनू, सुरेश मोदनवाल, आकुश मोदनवाल, शनि, छोटू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

गंगा आरती महोत्सव की भव्यता की बनाई गई रणनीति

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। सोमवार की सायं शाहपुर स्थित पूर्व विधायक के आवास हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच की आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर होने वाले मां अचिरावती गंगा आरती, भजन संध्या व प्रसाद वितरण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक, प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उप्र व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रासी नदी तट पर आयोजित गंगा महाआरती कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। डुमरियागंज रासी नदी के तट पर इस बार गंगा दशहरा के पर्व का विहंगम नजारा दिखेगा। रासी नदी के तट पर शंखों की गूंज के बीच भव्य सामूहिक आरती की जायेगी। धर्म रक्षा मंच के पदाधिकारी महापर्व की तैयारी को लेकर जोरशोर से जुटे हुए हैं। बैठक में धर्म रक्षा मंच के पदाधिकारियों ने गंगा रासी आरती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया। इस दौरान कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डुमरियागंज में गंगा दशहरा पर्व की शुरूआत वर्ष 2012 में हुई थी। उस समय 501 दीप रासी तट पर जलाए गए थे। हर साल पर्व की भव्यता बढ़ती गई। इस बार 16 जून दिन रविवार को गंगा दशहरा का पर्व है। गंगा दशहरा पर सायं 6 बजे भव्य आरती, भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भजन संध्या के कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायकों का आगमन हो रहा है। तैयारी को लेकर अभी से ही सभी लोग जुटे हुए है। इस बार गंगा दशहरा को और भी भव्यता देने की कोशिश की जा रही है। हर बार की तरह इस बार भी भारी संख्या में लोग दीपदान करेंगे जिससे रासी नदी का तट व शिव मंदिर परिसर का कोना-कोना दीपों से जगमग होगा। इसके लिए उन्होंने लोगों से भारी संख्या में सम्मलित होकर दीपदान करने का आवाहन किया हैं। रासी नदी तट को आकर्षक लाइटिंग और गुब्बारों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम में मां गंगा की सामूहिक महाआरती शंखों की गूंज के बीच होगा। महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई हैं। इस दौरान लवकुश ओझा, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, दिलीप पाण्डेय, मधुसूदन अग्रहरि, पप्पू श्रीवास्तव, शत्रुहन सोनी, संजय मिश्रा, लालजी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

- बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक अखिलेश शास्त्री ने शिव-पार्वती विवाह का सुनाया प्रसंग

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र की बुढ़ियाटायर मे चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार की रात कथा वाचक अखिलेश शास्त्री ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुई। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। इस दौरान केशरी चंद्र पांण्डेय, नंदलाल पाण्डेय, जयलाल, अमित, अभिषेक, शिव प्रसाद, दद्दन बर्मा, राजू आदि मौजूद रहे।

संचार गतिविधि एवं माता बैठक का हुआ आयोजन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। छह माह तक के शिशुओं का अपना स्तन पान जरूर कराएं धात्री महिलाएं, मां का दूध शिशुओं के लिए अमृत के समान है, जो बच्चों को बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। यह बातें मंगलवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के वीरपुर कोहल में आयोजित संचार गतिविधि एवं माता बैठक के दौरान एएनएम रेश्मा शर्मा ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा। रेश्मा शर्मा ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व चार जांच व टीकाकरण कराने के साथ ही बच्चों का निर्धारित समय पर टीकाकरण करने पर जोर दिया। अंत में उपस्थित महिलाओं को खुद के व बच्चों को लू से बचाव के बारे में जागरूक करने के साथ संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। बैठक में हमेंशा की तरह आंगनवाड़ी अनुपस्थित रही। इस दौरान जूही, बर्कतुनिशां, प्रवीनबनों, इसरतजहां आदि उपस्थित रही।

दूसरे दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न, सीएचसी सिरसिया में एचबीवाईसी के तहत चल रहा है आशाओं का प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। मंगलवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में एचबीवाईसी के तहत चल रहे प्रशिक्षण के दूसरे दिन अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा के द्वारा आशा बहूओं को संस्थागत प्रसव व टीकाकरण के फायदे के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा कर प्रशिक्षित किया गया। डॉ.ओझा ने आशा बहुओं को अपने गांव में योग्य दंपत्ति का गृह भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया। चिकित्साधिकारी डॉ पी.एन पटेल के द्वारा आशाओं को क्षेत्र में उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं का प्रसव के पूर्व एवं प्रसव के बाद समय-समय देखभाल के लिए प्रेरित किया गया तथा इस कार्य हेतु आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने की जानकारी भी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी, मैराज अहमद तथा सूर्य देव सिंह ने आशाओं को गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, कुपोषित बच्चों का पहचान, परिवार नियोजन, पोषण, नवजात शिशुओं के देखभाल, छोटे बच्चों का गृह आधारित देखभाल आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान फूल कुमारी, अनीता, ज्योति, लक्ष्मी, सुशीला, हेमलता, सुषमा, विमला, वंदना आदि उपस्थित रहे।

लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर पशु पक्षियों के लिए इस गर्मी में साबित हो रहा है वरदान

सिद्धार्थनगर जोगिया अवधनामा संवाददाता। ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्देश्य है कि गर्मी के दिनों में उस क्षेत्र का जल स्तर समान्य स्थिति में बना रहे। इन सभी समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री अमृत सरोवर योजना के तहत पानी रोकने के लिए अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है। जोगिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मजिगवा में लाखों रुपये की लागत से बने अमृत सरोवर में पानी भरा हुआ है और भरपूर साफ सफाई का ध्यान दिया जा रहा है। शीलापटों पर मोटे मोटे अक्षरों से तालाब के विषय में लिखी गई बाते तो अभी भी अपनी चमक लिए हुई है। गर्मी बढ़ते ही जिले का भू-गर्भ जलस्तर कम हो जाता है। करीब एक माह से दिन ब दिन गर्मी बढ़ती जा रही है। अधिकांश तालाब व कुएं सूख रहे हैं। आम जनमानस के साथ पशु-पक्षियों को भी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। सबसे अधिक समस्या पशुपालकों को हो रही थी। पशुपालक मवेशियों को पानी पिलाने के लिए दूर ले जाना पड़ता था। मगर अब अपने ही गांव में सभी लोग सरोवर का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। गांव वालों से पूछने पर गांव वालों ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप सिंह और ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी द्वारा अमृत सरोवर में जल की समस्या होने नहीं दी जा रही है और साफ सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है।

केके पाण्डेय का 89 वर्ष की उम्र में निधन

जलालपुर अम्बेडकरनगर। तहसील क्षेत्र जलालपुर के प्रख्यात विद्वान पंडित जन्म कुण्डली के ज्ञाता नगर जलालपुर के मोहल्ला छछू निवासी कृष्ण कुमार पाण्डेय का मंगलवार भोर में निधन हो गया वे 89 बर्ष के थे पंडित कृष्ण कुमार ज्योतिष बिद्या के साथ साथ हिन्दू रीती रिवाज के हिसाब से बिभिन्न प्रकार पूजा पाठ कराने के माहिर थे इनकी ख्याति दूर दूर तक फैली थी जन्म कुण्डली व अन्य पूजा पाठ के लिए लोग अम्बेडकरनगर के अलावा आजमगढ़, फैजाबाद, जौनपुर, बस्ती से लोग आया करते थे इनके निधन की खबर पर समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा, संदीप अग्रहरि मानिकचंद सोनी, शिवराम मिश्रा, उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष हिमांशु उर्फ राजन मिश्रा,बेचने पान्डेय, राम उजागिर चौहान, दिनेश दूबे, सुनील पान्डेय, आलोक चौहान, बजरंग लाल मद्धेशिया, शत्रुघन सोनी, सुरेन्द्र सोनी आदि लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दुख प्रकट किया।

शांतिपूर्ण ढंग से मनाए बकरा ईद त्यौहार: थाना प्रभारी

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। आगामी बकरा ईद के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को कोतवाली प्रांगण में क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिको एवं धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। कोतवाली प्रभारी विजय शंकर सिंह ने कहा कि नियम के अनुसार पालन करते हुए त्यौहार मनाये आपस मे मिलजुल कर त्योहार मनाना चाहिए। एक दूसरे के धर्मो का सम्मान करना चाहिए। कुछ ऐसे अराजक लोग होते है जो उपद्रव कराने की कोशिश करते है। इनसे सावधान रहने की जरुरत है।अगर किसी व्यक्ति द्वारा गडबडी करने का प्रयास किया जाता है तो इसकी सूचना फौरन पुलिस को दे।सभी वर्ग के लोगों को हर त्योहारों को मिलकर मनाना चाहिए। बैठक में उप निरीक्षक रवि प्रताप उपाध्याय,हेड कांस्टेबल फूलदेव यादव, रिंकेश कुमार यादव,पंकज वर्मा, मुसे सिंह, कमलेश चौरसिया, राम बहादुर, मौलाना क्यामुद्दीन, मौलाना अब्दुल्लाह, आशीष कुमार त्रिपाठी, महबूब अली, अनवर अली, कुलदीप त्रिपाठी, मोश मुस्तकीम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल मिला एसपी से

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। तीन वर्षों से राइस मिल पर सीताराम चावल उद्योग रगड़गंज अनिल जायसवाल के राइस मिल में कार्य कर रहे मुनीब राजन गौड़ पुत्र जयराम निवासी मुस्तावाद अछती अंबेडकर नगर के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से की है। मालूम हो शिकायतकर्ता ने बताया कि महीने में दो बार लगभग 15 से 20 बोरी चावल उन्हीं के पिकअप से लादकर अन्यत्र जगह पर ले जाकर बेच दिया जा रहा था । इस वारदात में दो लोग पंकज वर्मा व मनीष श्रीवास्तव का नाम उसने बताया जिसकी बाइक राइस मिल में खड़ी पाई गई । मिल मालिक को इस घटना की जानकारी हुई तो इस पर उन्होंने नजर रखना शुरू कर दिया उन्होंने सीसीटीवी कैमरे पर नजर रखना शुरू कर दिया। 7 -8 जून की रात में जब मुनीब द्वारा सीसीटीवी कैमरा बंद कर दिया गया तब अनिल जायसवाल व उनके भाई जो राइस मिल देख रहे थे घर से निकल कर जब मिल पर पहुंचे तब पिकअप नदारद मिली। मुनीब को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ शुरू की जाने लगी तो उसने अपने बयान में यह बताया कि मैं लगभग 3 वर्षों से लगातार महीने में दो बार 15 से 20 बोरी चावल अन्यत्र जगह ले जाकर बेच देता हूं।

बड़े बकायेदारों से कड़ाई से वसूला जाएगा बकाया राशि

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। तहसील के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर बकाया वसूला जाएगा। उक्त बातें उपजिलाधिकारी डॉ0 ललित कुमार मिश्र के निर्देश पर तहसीलदार सदर पीयूष श्रीवास्तव ने कही वह मंगलवार को तहसील सभाकक्ष में संग्रह अमीनो की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। तहसील नौगढ़ के बैंक, बिजली, स्टांप, वाणिज्य कर व अन्य मदो के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए अमीनो की बैठक की गई। तहसीलदार सदर पीयूष श्रीवास्तव ने सभी अमीनो को बड़े बकायेदारों के विरुद्ध वसूली तेज करने की रणनीति बताई। बड़े बकायेदारों में गांधीनगर के सभासद संदीप जायसवाल, बर्डपुर के कृष्ण कुमार पाठक पुत्र श्रीराम, बरगदवा के भवानी शंकर पांडेय,रोहुडिला के अनिल कुमार यादव, शिवपति नगर के मोहम्मद कलीम, पारानानकार के शिव शंकर मिश्र पुत्र दुर्गादीन, महथावल के लौहर प्रसाद पुत्र रामकिशन व अन्य के विरुद्ध वसूली के लिए कठोर कार्यवाही का निर्देश तहसीलदार नौगढ़ द्वारा दिया गया। वसूली हेतु सभी संबंधित विभाग बिजली, बैंक आदि से समन्वय बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, संग्रह अमीन राजेश मिश्र, महेश्वर, प्रह्लाद, आत्माराम, रामशंकर, रमेश, संतोष, सुखदेव,अशोक उपस्थित रहे।

मंदिर पर दर्शन करने आयी दो महिलाओं का चैन चोरो ने उड़ाया

मंदिर पर 6 माह से तैनात नहीं रहती स्थानीय पुलिस

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा, बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग के किनारे प्रसिद्ध देवडांड बुढवा बबा मंदिर पर मंगलवार को हनुमानजी का दर्शन करने आए दो महिलाओं के गले से सोने की चैन चोरों नें काट कर उड़ा दिया। जिससे भक्तों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पीआरबी टीम पहुंच कर छान-बीन शुरू की। लालगंज थाना क्षेत्र के सिरगोटवा गांव निवासी हिमांगिनी पत्नी मनीष पाल व कनैला गांव निवासनी कुसुम पत्नी विशाल दर्शन कर रही थी। हजारों की भीड़ देख चोरो ने दोनों महिलाओ का सीकड काट ले कर फरार हो गया। आहट देख महिलाएं जब सीकड देखी तो गायब था। महिलाएं दहाड मार कर रोने लगी। लोगों ने डायल 112 को घटना की जानकारी दी। पीआरबी टीम पहुंच कर जांच शुरू कर दी।6 माह पहले लगातार चैन की चोरी हो रही थी। कलवारी थाने से महिला व पुरुष कांस्टेबल की तैनाती हुई थी। इसके बाद सीसीटीबी कैमरा भी लगा। जिससे चोरी की घटना थम गयी थी। इसके बाद पुलिस टीम हट गयी। लेकिन बड़ा मंगलवार होने के कारण चोर फिर भीड का लाभ उठा कर दो चैन चोरी कर लिए। पुजारी ने बताया कि कई महीने बाद यह घटना हुआ है। प्रशासन को सुरक्षा के लिए स्थायी पुलिस की तैनाती करनी चाहिए। इस संबंध में चौकी इंचार्ज गायघाट जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा

आपके वोटों ने हमें जीत के करीब तक पहुंचाया : वीरेंद्र चौधरी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। लोकसभा चुनाव में मिली अप्रत्याशित सफलता से अभिभूत गठबंधन के जीते हारे सभी उम्मीदवार अपने अपने क्षेत्रों में धन्यवाद यात्रा निकालकर मतदाताओं का आभार प्रकट कर रहे हैं। महराजगंज लोकसभा सीट से गठबंधन से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी चुनाव लड़े थे। वे करीब 34 हजार वोटों से हार गए हैं लेकिन पिछले दो दशकों के लोकसभा चुनाव का रिजल्ट देखें तो इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को रेकार्ड वोट हासिल हुआ है। करीब साढ़े पांच लाख वोट पाकर हारने वाले वीरेंद्र चौधरी मंगलवार को पूरे लोकसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा के जरिए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आप सभी का आशीर्वाद है जो मुझे जीत के करीब तक पहुंचाया। वे पांच दिवसीय धन्यवाद यात्रा की शुरुआत फरेंदा विधान सभा क्षेत्र के झुनुवा,चंदन पुर,बेलसड़,रामपुर से की। यहां आयोजित सभाओं में कहा कि आपने हमें विजयी बनाया है,अंकगणित के खेल में मैं हार गया। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव में भले ही हार गया हूं लेकिन आपका सेवक बना रहुंगा। मैं सदैव और अंत तक आप के बीच में रहकर आपकी सेवा करता रहुंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं तो आपका आभार प्रकट कर ही रहा हूं,कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी महराजगंज की जनता का आभार प्रकट किया है। बता दें कि इस चुनाव में गठबंधन के सहयोगी सपा को 37 और कांग्रेस को 6 सीटों पर सफलता मिली थी जो भाजपा से कहीं ज्यादा है। यूपी में सपा 63 सीटों पर और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। 11 जून से 15 जून तक की यह यात्रा गठबंधन दलों ने पूरे उत्तर प्रदेश में शुरू की है। धन्यवाद यात्रा में जिला अध्यक्ष शरद सिंह, प्रभारी सचिव अमर पासवान, पीसीसी सदस्य एडवोकेट विजय सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विधि नारायण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सपा, राजू दूबे, अनुराग राय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हित्तू विधायक के छोटे भाई डॉ. अजय चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, माधव चौधरी, बबलू खान, दयाराम पासवान आदि शामिल थे।

सुरेश लाल श्रीवास्तव सम्मानित

आलापुर अम्बेडकरनगर। राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य, कवि, लेखक, स्तम्भकार व साहित्यकार, शिवपुर (गयासपुर) के मूल निवासी डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव को आईईएमएस द्वारा नई दिल्ली के क्रोनी प्लाज़ा में आयोजित समारोह में एक्सीलेंस इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इन्हें यह अवॉर्ड इनके उत्कृष्ट काव्य एवं लेख सृजन सन्दर्भ में प्रदान किया गया। 180 से अधिक साझा काव्य संग्रह एवं 03 एकल संग्रह में प्रकाशित काव्य एवं मौलिक लेखों के परिप्रेक्ष्य में चार दर्जन से अधिक अवार्ड तथा तीन सौ से अधिक सम्मान पत्र प्राप्त करने वाले डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख रूप से सामाजिक मूल्यों, मानवीय मूल्यों, शिक्षा एवं मानव अधिकार विषयों पर विशेष रूप से काव्य एवं लेखों का सृजन किया जाता है। श्रीवास्तव के इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित होने पर क्षेत्रवासियों तथा शिक्षा समाज से जुड़े लोगों ने खुशी का इज़हार करते हुए बधाईयां दी हैं।

सहारा के निवेशकों को भुगतान दिलाने का संकल्प लेकर निकली जनजागरण यात्रा

सहारा के निवेशकों को भुगतान नही दिलाना चाहती सरकार, सुप्रीम कोर्ट आखिरी उम्मीद

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। सहारा के निवेशकों का भुगतान का संकल्प लेकर मंगलवार को बस्ती जनपद मुख्यालय से रथयात्रा रवाना हुई। संयुक्त न्याय इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले निकली रथयात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय देव शुक्ला, पीआई एल प्रभारी सतीश चतुर्वेदी, शहनाज आदि ने बस्ती से रथ यात्रा को रवाना किया। यात्रा देर शाम अयोध्या पहुंचेगी। यहां राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय देव शुक्ला ने कहा कि सहारा पीड़ितों के भुगतान को लेकर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार करने के लिए पूरे देश में जन जागरण यात्रा चलाई जाएगी जिससे सहारा के निवेशकों का भुगतान हो सके।

वर्तमान सरकार द्वारा सहारा प्रबंध तंत्र को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संरक्षण दिया जा रहा है जिसके कारण निवेशकों का भुगतान अधर में लटका है। इसके लिए ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष नया मोर्चा अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है। इसके लिये निवेशकों को ग्राउंड लेबल पर जाकर सुप्रीम कोर्ट में लगने वाले पीआईएल से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान सरकार शहर के पीड़ित निवेशकों का भुगतान दिलवाना नहीं चाहती। देशभर में 4000 से ज्यादा लोग आत्महत्या कर चुके हैं। लेकिन केंद्र सरकार लगातार सहारा के प्रबंध तंत्र को संरक्षण दे रही है।

कार्यकर्ता जमा करता आपस में लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अब आखरी उम्मीद है मैं। देश भर के लोगों से आवाहन करता हूं कि सुप्रीम कोर्ट की पीआईएल से जुड़े। रथ यात्रा में संबोधित करते हुए शहनाज जहां ने कहा कि सहारा प्रबंध तंत्र ने देशभर के कार्यकर्ताओं और जमाकर्ताओं में वर्ग संघर्ष की स्थिति ला दिया है। लोग अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। घर से बाहर निकलते ही जमाकर्ता अपने पैसे के लिए कार्यकर्ताओं को घेरना शुरू कर देते हैं। हालात बद से बस्तर होते जा रहे हैं।

सरकार है कि सहारा प्रबंध तंत्र को संरक्षण देकर के देश के निवेशकों का पैसा आपस में बंदर बांट करना चाहती है। मुरैना से संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु ओझा ने कहा कि सरकार अगर चाहती तो देश के निवेशकों का पैसा भी मिल जाता और कार्यकर्ताओं का रोजगार वापस भी हो जाता। कार्यकर्ता तिल तिल के मर रहा है कोई उस की सीधी लेने वाला नहीं है। कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष नया मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय देव शुक्ला और उन की पूरी टीम ने शास्त्री चौक पर पीपल के पेड़ का पौधा लगाकर पर्यावरण को बचाने की भी पहल शुरू की।

लोकतंत्र की जीत

हारने वाली पार्टी जीतने वाली पार्टी से ज्यादा खुशियां जाहिर कर रही है। उसे एनडीए खासतौर से भाजपा की सत्ता का क्षण उसे जीत जैसी लग रही है। इन सबके वाजजूद जीत भाजपा की ही हुई है। जीत तो जीत हो होती है भले एक नम्बर से हो। जनता ने लोकतन्त्र के तरीके से भाजपा को भी सजग किया है साम्प्रदायिक और धार्मिक स्पीच पर ही जोर देना गलत है। विपक्ष को सचेत किया है कि ठोस मुद्दे लेकर आये। सिर्फतानाशाही और संविधान परिवर्तन खास मुद्दा होता तो जनता भाजपा को जीत नही पहनाती यह मुद्दा सन्दर्भ बन सकता है पर दारोमदार नहीं बन सकता। भाजपा तानाशाही की अवधारणा जनता में अपने प्रयासों से प्रेरित करती रही। सरकारी एजेन्सियों द्वारा विरोधी नेताओं पर छापे डलवाती रही, प्रेस पर भी अंकुश सा लगता था। मीडिया सरकारी एजेन्सियां मोदी का गुणगान कर रही थी। जैसा इन्द्रागांधी के टाइम में हुआ था। प्रेस और सरकारी एजेसीयां और नेता मोदी को गुमराह करते रहे। प्रेस मोदी के गुणगान में लगा रहा जनता की भावनाओं को मरोड़ता रहा। मोदी अपने कार्यकाल के कामों से सन्तुष्ट थे। आर्थिक रूप से भारत आगे बढ़ रहा था, हां बेरोजगारी एक समस्या रही। बेरोजगारी तो हर समय रही है। भाजपा की मध्यप्रदेश, में एक तरफा जीत रही। विधानसभा चुनाव में राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी जीत हासिल की थी। पर यूपी में भाजपा का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। मतलब जनता अपनी कसौटी पर सब कस रही थी। उसने लोकतन्त्र को भी बचाया मोदी को भी बचाया। दुनियां में मोदी और मोदी सरकार की रेटिंग बढ़ती रही है। मोदी विदेशों में काफी लोकप्रिय रहे और है। भाजपा ओडीसा में जीत हासिल कर वहां की पाटनायक सरकार के पांच बार के मुख्यमंत्री को हरा दिया है। यह उसकी उपलब्धि है और जनता के लोकतन्त्र के आस्था का प्रतीक है। भाजपा के इमेज में आये चोट से उदारवादी खेमा खुश है। उसे धर्म जाति का ध्रुवीकरण पसन्द नही आया। पर मोदी की जीत में वे बाधक नहीं बने। उन्हें भाजपा का हर तरफभगवा करण पसन्द नहीं आ रहा था। पर मोदी के प्रधानमन्त्रितव पर भरोसा भी था की वह देश को आगे ले जायेगे भारत के दुनियां में अतिविकसित देश बना देगे 2047 तक जो मोदी का वादा भी है सपना भी है। हर भारतीय के लिये गौरव की बात होगी। मोदी में सबका विश्वास अटल है। पर पार्टी में तरह तरह के लोग है। कुछ दल मजबूरी में है तो कुंछ अपनी महत्वाकांक्षा को लेकर है। जब कुनबा बड़ा होता है तो गुणवत्ता क्षीण होती रहती है। सब कुछ मोदी के व्यक्तित्व भर निर्भर कर देना एनडीए के लिये घातक रहा। 400 पार नहीं कर पाया पर मोदी के हाथ में सत्ता बने रहने दिया। जेडीयू के नीतीश कुमार टीडीपी के चन्द्राबाबू नायडू अभी उनके साथ है। विपक्ष दोनो को अपनी ओर लाने के लिये जोर लगा रहा है। पर अभी भाजपा को यकीन है वे बदलेगे नहीं। बाद की बात बाद में देखी जायेगी। भाजपा को अतिरिक्त मजबूरी के लिये दक्षिण को साधना जरूरी है पर रास्ता अभी लम्बा दिख रहा है। भाजपा के हार जीत का गहन विश्लेषण होना चाहिये। जनता सबसे ऊपर है यह आकाटय सत्य है। उसने विपक्ष को आगे बढ़ाया एनडीए को लगाम लगाया। लोकतन्त्र का सर ऊंचा किया।

सनातन के महानायक का विजय पथ

संजय तिवारी

विश्व के सबसे प्राचीन और सबसे बड़े लोकतंत्र का उत्सव समाप्त। घात, प्रतिघात, यात्रा, साजिश, वाक्युद्ध, देसी विदेशी षड्यंत्र और लोक मंगल की पवित्र कामनाएं भी। ईवीएम सो गई। लोकतंत्र जग गया। रायसीना हिल के विशाल प्रांगण से विश्व को नए भारत की संकल्प शक्ति के दर्शन हुए। सनातन भारत के महानायक का नवोन्मेषी स्वरूप दिखा। खुरासानी साजिशों को प्रतिपल विफल करता चाणक्य दिखा। सशक्त भारत की शानदार पताका लहराती दिखी। भारत और भी मजबूत होकर विश्व को नए संदेश के साथ उभर कर सामने आया। नरेंद्र दामोदर दास मोदी का नायकत्व , अमित शाह की रणनीति संयुक्त स्वरूप में अनेक संदेश प्रसारित कर रहे। इस बार कई स्थापित भ्रम भी टूटे। देसी, विदेशी भारत विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब मिल गया।

यह भ्रम भी समाप्त हो गया कि दिल्ली का रास्ता केवल उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। जनादेश ने संदेश दे दिया कि उत्तर प्रदेश की अहमियत केवल उतनी ही है जितनी मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीस गढ़ या अन्य राज्यों की। उत्तर प्रदेश को इस भ्रम पर अब नए सिरे से विचार करना होगा।

उत्तर प्रदेश को खास तौर पर इस बात पर भी विचार करना होगा कि यदि चुनाव परिणाम के समय तंत्र के पास हिंसा के इनपुट मिले थे तो उसी तंत्र को यह क्यों नहीं पता चल सका कि काशी में नरेंद्र मोदी और लखनऊ में राजनाथ सिंह जैसे नायक पराजय की कगार पर थे। अयोध्या की पराजय की कहानी तो अलग समीकरण दिखा रही लेकिन काशी ? आखिर उत्तर प्रदेश के उसी तंत्र को इसकी जानकारी क्या वास्तव में नहीं थी? अभी तो उत्सव समाप्त हुआ है। विश्लेषण अब शुरू होंगे। लेकिन यह बड़ी सच्चाई है कि भारत और भाजपा के युग चाणक्य के रूप में समर्पित अमित शाह की उपस्थिति ने सब को माकूल जवाब भी दिया और एक बड़ी पराजय से उबारने में भी सफल रहे। परिणाम आने के बाद से लगाए जाने वाले ऊल जूलूल कयासों पर भी उन्होंने बहुत सलीके से विराम लगा दिया। सनातन भारत के महानायक नरेंद्र दामोदर दास मोदी को अब विश्व और भी मजबूत संकल्प शक्ति वाले महान नेता के रूप में देख रहा है। यह निश्चित तौर पर भारत के चाणक्य की नीति के क्रियान्वयन का ही परिणाम है। सनातन भारत के महानायक के इस विजय पथ में कोई बाधा कारगर होगी ही नहीं। यह सनातन संकल्प ही है। आने वाले दिनों में विश्व इसका साक्षी बनने जा रहा है। यह चुनाव कई मायनों में अलग रहा है। केरल से अरूणांचल तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक पैन इंडिया या कहें कि अखंड भारतीय रणनीति के साथ एक रणनीतिकार की सघन उपस्थिति के रूप में अमित शाह की स्थापना को इस महाविजय का श्रेय मिलना ही चाहिए।

स्वयं को परदे के पीछे रख कर अपने महानायक को और भी तेजस्विता के साथ स्थापित करने की उनकी नीति अद्भुत है। महत्वपूर्ण तो यह है कि भीतर और बाहर की हरेक साजिश, प्रत्येक षड्यंत्र को समय रहते समझ लेना और उसका समाधान निकाल लेना उनकी अद्भुत शैली है जिसे देश स्वीकार भी कर रहा है और बच्चे बच्चे की जबान पर उनकी उपस्थिति मात्र से निश्चिंतता का भाव भी प्रकट होता है। हर खुरासानी साजिश का मुंहतोड़ जवाब ही अमित शाह की पहचान है। नए भारत की नई यात्रा शुरू हो चुकी है। महामहिम राष्ट्रपति की मातृ स्वरूप दधि प्रसाद ने भारत को विश्वगुरु के मार्ग पर अपने महानायक की यात्रा को आगे बढ़ा दिया है। यह यात्रा अब विश्व के लिए भारत के नेतृत्व की है जिसे पूरी होनी है। विश्व भी प्रतीक्षा ही कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

मोदी ने तीसरी बार शपथ लेकर इतिहास रच दिया

डॉ. ओपी त्रिपाठी

एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। जिस दौर में यह प्रतिष्ठा और स्वीकृति जवाहर लाल नेहरू को मिली थी, तब कांग्रेस का ही वर्चस्व था। तीनों बार कांग्रेस को बहुमत हासिल हुआ था। आज स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर राजनीतिक दलों का प्रभाव है, लिहाजा जनादेश भी विभाजित और खंडित आते हैं। इस चुनाव में भाजपा को आशानुरुप सफलता नहीं मिली, हालांकि कश्मीर से कन्याकुमारी तक सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर वो उभरी है। सबसे ज्यादा सीटें भी व्यक्तिगत तौर पर भाजपा के ही खाते में हैं। नरेंद्र मोदी भाजपा-एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री बने हैं। गठबंधन को 293 सीटें मिली हैं। विविधता का ऐसा गठबंधन चमत्कार से कम नहीं है, लिहाजा लगातार तीसरी बार की ताजपोशी भी चमत्कार है। सवाल और संदेह उठाए जा रहे हैं कि चंद्रबाबू नायडू की तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और नीतीश कुमार का जद-यू आखिर कब तक मोदी सरकार का समर्थन करते रहेंगे? वे दोनों दल आंध्रप्रदेश और बिहार में भाजपा गठबंधन में हैं।

आंध्र के नए जनादेश में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वानों और संबोधनों का भी योगदान है, नतीजतन नायडू 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बेशक नायडू 2019 में विपक्षी गठबंधन का एक हिस्सा थे और नीतीश ने 2023 तक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को लामबंद करने की कोशिशें कीं, लेकिन यह उनका 'राजनीतिक अतीत' था। अब वे पूरी तरह मोदी और भाजपा के साथ हैं। आम चुनाव भी साथ-साथ लड़े हैं। वे परस्पर पूरक हैं, क्योंकि आंध्र और बिहार को केंद्र सरकार से जो आर्थिक मदद चाहिए, वह मोदी सरकार ही दे सकती है।

आंध्र पर 3.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है और उसे अपनी नई राजधानी बनानी है। हालांकि मोदी सरकार के पहले कालखंड के दौरान नायडू की ऐसी ही मांगों के कारण केंद्र से खटपट हुई थी। आज टीडीपी 16 सांसदों के साथ एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है और भाजपा की सरकार उसके भरोसे है। हमें नायडू की राजनीतिक शख्सियत के एक और पहलू पर भी ध्यान देना चाहिए कि वह बेहिसाब सियासी मोल-तोल के अभ्यस्त हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। आंध्र-बिहार को विशेष दर्जा, अग्निवीर योजना, मुस्लिम आरक्षण और तुष्टिकरण, जातीय जनगणना, समान नागरिक संहिता आदि आर्थिक मुद्दे नहीं हैं, लेकिन इनके कारण सुशासन, समावेशी, समन्वय की दशा और दिशा जरूर प्रभावित होगी। यदि ये प्रभाव और दबाव प्रधानमंत्री मोदी को महसूस करने पड़ते हैं, तो सरकार और सुशासन के इकबाल पर सवाल उठाए जा सकते हैं। यह यक्ष-प्रश्न देश के सामने है कि ऐसे विरोधाभासी गठबंधन वाली सरकार कब तक चलेगी? आंध्र और बिहार दोनों ही विपन्न राज्य हैं। उन्हें केंद्र सरकार की विशेष आर्थिक मदद की दरकार है। राज्यों को 'विशेष दर्जा' दिया जाए, यह मुद्दा और मांग दोनों ही राज्यों में प्रबल है। इस संदर्भ में वित्त आयोग और नीति आयोग की अपनी सीमाएं हैं। नायडू और नीतीश की विवशता यह भी है कि उन्हें अनुभव है कि यदि विपक्षी गठबंधन में शामिल हुआ जाए, तो कांग्रेस नेतृत्व की सरकार उन्हें आर्थिक मदद नहीं देगी, बल्कि मध्यावधि चुनाव के आसार ज्यादा बन जाएंगे, लिहाजा दोनों नेता फिलहाल मोदी सरकार के साथ ही रहना चाहते हैं। नायडू और नीतीश जानते हैं कि गठबंधन को लेकर देश उन पर शक कर रहा है, क्योंकि मानसिक तौर पर वे भाजपा-विरोधी राजनीति के पक्षधर रहे हैं, लिहाजा वे आगामी 5 साल भाजपा के साथ गठबंधन में रहने की गारंटी दे रहे हैं। बहरहाल, राजग सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल में भाजपा ने पार्टी, सहयोगी दलों तथा जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का भरसक प्रयास किया है। जैसे कि महत्वपूर्ण मंत्रालयों को लेकर गठबंधन के साथियों की दावेदारी को लेकर सवाल उठाये जा रहे, उस तरह का कोई टकराव नजर नहीं आया। लेकिन इसके बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार के सामने महत्वपूर्ण फैसलों में सर्वसम्मति से निर्णय करने की चुनौती जरूर रहेगी। हालांकि, नेता चुने जाने से पहले नरेंद्र मोदी ने राजग को जैविक गठबंधन के रूप में वर्णित करते हुए अब तक सबसे मजबूत सत्तारूढ़ गठबंधन बताया है। बहरहाल, नरेंद्र मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनके सामने मुख्य सहयोगी गठबंधन चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार के जनता दल (यू) के साथ तालमेल बनाने की जरूरत होगी। यही वजह है कि 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में गठबंधन दलों के बारह मंत्री बनाये गए हैं। वहीं जातीय समीकरण साधने के लिये 27 ओबीसी, पांच एस.टी व अल्पसंख्यक वर्ग से पांच सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। कहा जा रहा है कि भाजपा अपने सहयोगियों के प्रति उदार रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करता रहेगा। वहीं सवाल उठाया जा रहा कि क्या नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी? सहयोगी पार्टियों के नेता खास कर दो बड़ी सहयोगी पार्टियों, जनता दल यू और तेलुगू देशम पार्टी की ओर से क्षेत्रीय आकांक्षा को ज्यादा महत्व दिया जाएगा। उनका रूझान अपने राज्य की ओर ज्यादा होगा। वे अपने राज्य के लिए ज्यादा से ज्यादा फंड लेने और विकास के काम करने का प्रयास करेंगे। इससे भी संतुलन प्रभावित होगा।

गठबंधन सरकार की चुनौतियां से जूझेंगे नरेंद्र मोदी

राजेश माहेश्वरी

नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया है। नया मंत्रिमंडल शपथ ले चुका है और विभागों का बंटवारा भी हो चुका है। मोदी सरकार के सामने चिंता और चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, जिनसे उन्हें निपटना होगा। असल में एनडीए की सरकार में भाजपा की स्थिति पिछले दो बार की मोदी सरकार से कमजोर है। इस बार भाजपा अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई। उसे बहुमत के लिए घटक दलों की मदद की जरूरत पड़ी। पिछली सरकारों में मंत्रिमंडल में घटक दलों को स्थान मिला था। लेकिन इस बार हालात बदले हुए हैं। इसका असर मंत्रिमंडल के गठन में साफ तौर पर दिखाई दे रही है। गठबंधन का परिदृश्य भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। हालांकि, बहुमत से दूर गठबंधन सरकारों के लिए सरकार चलाना चुनौती भरा होता है।

सीटों के कम होने से गठबंधन सहयोगियों की सौदेबाजी करने की ताकत बढ़ जाती है जिससे शासन करना और नीतियों का कार्यान्वयन जटिल हो जाता है। नई सरकार के समक्ष आने वाली चुनौतियों की बात की जाए तो मोदी को गठबंधन सहयोगियों को संभालने के लिए अपने राजनीतिक करियर में सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सरकार में शामिल दलों के एजेण्डे के हिसाब से चलने की भी चुनौती होगी। खासकर तेलगु देशम पार्टी ओर जनता दल यूनाइटेड के एजेण्डे मोदी सरकार की नीतियों को प्रभावित करेंगी।

गठबंधन में ही बहुमत और राजधर्म निहित हैं। चूंकि यह गठबंधन की सरकार है, किसी एक दल के पक्ष में बहुमत का जनादेश नहीं है, तो उसके मायने ये नहीं हैं कि गठबंधन की निरंतरता और स्थिरता का ही रोना रोया जाए अथवा बहानों के लिए गठबंधन की आड़ में छिपा जाए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही यह एनडीए-3 सरकार है और 2014 की निरंतरता में ही है। फर्क सिर्फ इतना है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और सरकार की स्थिरता गठबंधन के घटक दलों के सहारे ही है। बिल्कुल ऐसा भी नहीं है, क्योंकि जब 1991 में नरसिम्हा राव सरकार बनी थी, तब कांग्रेस के 232 सांसद ही थे। सरकार पूरे पांच साल चली, यह दीगर है कि कुछ कलंक और दाग लग गए थे, जो लोकतंत्र को बदनाम करते हैं। सदन में बहुमत साबित करने के लिए सांसदों को खरीदा गया था, कुछ को मंत्री पद का लालच दिया गया था। कमोबेश अब भाजपा के पास 240 सांसद हैं और कुछ निश्चित समर्थक भी हैं। बहुमत के लिए खरीद-फरोख्त की नौबत, शायद, न आए। बहरहाल मौजूदा संदर्भ में हमें तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जद-यू की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्हें भी समविचारक भारत सरकार की जरूरत है, जो उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर सके। दोनों ही दलों के राज्य गरीब और विपन्न हैं। दोनों ही राज्य कर्जदार हैं। अन्य सरकार उनकी जरूरतों को संबोधित नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का राजधर्म यह है कि जब भी कोई बड़ा और गंभीर फैसला लेना हो, तो विमर्श की मेज पर सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद हों और फैसला सर्वसम्मति से किया जाना चाहिए। खुद प्रधानमंत्री ऐसी भावना व्यक्त कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए को 'ऑर्गेनिक' और 'सफलतम' गठबंधन करार दिया है। वह जनादेश के मर्म को जानते हैं और अलग-अलग राज्य और दल की भिन्नता महसूस करते हैं, लिहाजा कुछ समझौता परस्त होना भी अपेक्षित है। गठबंधन सरकारों के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह भी थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल बखूबी निभाए। डॉ. मनमोहन सिंह तो 10 साल तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री रहे। दूरसंचार, पेंशन, सरकारी घाटे पर लगाम कसने की व्यवस्था, बिजली और बीमा क्षेत्र के कई बड़े सुधारवादी फैसले वाजपेयी सरकार के दौरान लिए गए। मनमोहन सरकार के दौरान अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु करार जैसे संवेदनशील फैसले के अलावा मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, अनिवार्य-मुफ्त प्राथमिक शिक्षा, सूचना के अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून आदि पारित कराए गए। इनके अलावा पेट्रोलियम उत्पादों को बाजार के हवाले करने सरीखे बड़े फैसले भी लिए गए। चूंकि अब भाजपा अल्पमत में है, लिहाजा एनडीए की गठबंधन सरकार, गठबंधन धर्म और मोदी सरकार के राजधर्म की अग्निपरीक्षा का यह दौर है। हालांकि हमें कोई बड़ा संकट या राजनीतिक दरारों के हालात नहीं लगते, क्योंकि आर्थिक विकास और आर्थिक सुधारों के पक्षधर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी हैं। फिर भी असली चुनौती तब सामने आएगी, जब प्रधानमंत्री टीडीपी और जद-यू दोनों को ही निर्णय की मेज पर बुलाएंगे और सर्वमत नहीं बन पाएगा। विपक्ष ने अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े किए हैं जिसकी समीक्षा की जरूरत हो सकती है, खासकर ऐसी स्थिति में, जब कई सेवानिवृत्त जनरलों ने सेना के लिए उनकी दीर्घकालिक उपयोगिता को लेकर अपनी आशंका जताई हों। अग्निवीर योजना के मानदंडों में संशोधन के लिए पर नई सरकार को विपक्ष और सेवानिवृत्त सेना जनरलों के साथ चर्चा करनी चाहिए। विदेश नीति के मुद्दों को लिया जाए तो मालदीव, नेपाल जैसे पड़ोसी भारत से दूर हो गए हैं। इस पर मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि उनका रुख चीन की ओर हो गया है। चीन क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए उनका उपयोग कर रहा है। पाकिस्तान के साथ रिश्तों में राजनीतिक मुद्दों को एक तरफ रखते हुए भारत को व्यापार संबंध बनाने की पहल पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। शरीफ बंधुओं को इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। अतीत की जिन गठबंधन सरकारों को अस्थिर करने के पीछे सबसे ज्यादा क्षेत्रीय पार्टियों और उनके नेताओं के अपने स्वार्थों और राजनीति की भूमिका बड़ी रही। चूंकि इस बार बीजेपी को खुद का बहुमत नहीं मिला है। इसके साथ ही उसके गठबंधन के साथी नीतीश कुमार और एन. चंद्रबाबू नायडू बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं, इसलिए यह आशंका जताई जाने लगी है कि क्या डबल इंजन की सरकार की बात पुरानी हो जाएगी? क्या ये क्षत्रप भाजपा की सरकार को आराम से चलने देंगे? अतीत के इन नेताओं के कदमों को देखें तो यह आशंका भी बेमानी नहीं है। नीतीश कुमार, राजनीति के शीर्ष पर भले ही बीजेपी के साथ पहुंचे, लेकिन अपने सियासी नफा-नुकसान के चक्कर में उन्होंने अतीत में उसी बीजेपी का दो-दो बार साथ छोड़ने में भी हिचक नहीं दिखाई।

संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक

ललित गर्ग

देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है।

आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो।

बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आज़ादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज़ और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है। सीमाओं पर राष्ट्र की सुरक्षा करने वालों की केवल एक ही मांग सुनने में आती है कि मरने के बाद हमारी लाश हमारे घर पहुंचा दी जाए। ऐसा जब पढ़ते तो हमारा मस्तक उन जवानों को सलाम करता है, लगता है कि देश भक्ति और कुर्बानी का माद्दा अभी तक मरा नहीं है। लेकिन राजनीति में ऐसा आदर्श कब उपस्थित होगा।

ग्रीष्म कालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के तत्वावधान में स्थानीय मेजारोड स्थित क्षेत्रीय वॉलीबाल स्टेडियम सोरांव पातीं के वॉलीबाल कोर्ट पर फ्रेंड्स क्लब मेजा के सहयोग से आयोजित ÷ 21 दिवसीय ग्रीष्म कालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर-2024 ÷ का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अग्रवाल कॉलेज सिरसा के पूर्व प्रधानाचार्य विजय शंकर तिवारी ने खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कोचिंग कैंप के सह-प्रशिक्षक गणेश प्रसाद शुक्ल ने मा.मुख्य अतिथि महोदय का खिलाड़ियों से परिचय करवाया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में अंडर-16 व अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने सुबह-शाम दो घंटे के सघन अभ्यास के दौरान फोर आर्म पास, अपर हैंड पास, अंडर हैंड पास, अपर हैंड सर्विस व स्पैश आदि के गुण व कला-कौशल सीखकर प्रदर्शन किये। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष प्रभात राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि द्वय वाई.एन.सिंह व के.बी.एल.श्रीवास्तव ने नवोदित खिलाड़ियों भूरि-भूरि प्रसंशा की। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक आई.बी.सिन्हा रहे। स्टेट रेफ़री व वॉलीबाल कोच मुकेश शुक्ला ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। एसोसिएशन के अवैतनिक महासचिव आर.पी.शुक्ला ने उपस्थित समस्त आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। समापन समारोह के अवसर पर कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों व निर्णायकों में,जिसमें मुख्य रुप से फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, सुरेंद्र यादव, धनजंय राय, विनोद शुक्ला, अजय राय, कुशलकांत मिश्रा, आशीष शुक्ला, रामस्नेही शुक्ला, संतोष भास्कर, के.पी.सिंह, आशीष कन्नौजिया, मनोज राय, प्रभाकर चौबे, गुलजार सिंह यादव, शशि भूषण सिंह, गुलशन हाशमी, अनुपम राय, विवेक शुक्ला, अंकित विश्वकर्मा, मौसम कुशवाहा, आदिल अंसारी, चंचल प्रजापति, हिमांशु मिश्रा व आकाश सैनी आदि लोग उपस्थित रहें।

बंट में प्रभात फेरी का गाजे बाजे के साथ हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। ग्राम बंट में प्रभात फेरी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 108 विभिन्न गांवों से प्रभात फेरी ग्राम बंट में पंचायत भवन के पास पहुंची। पंचायत भवन के पास से 108 प्रभात फेरियों को क्रम बद्ध तरीके से ग्राम बंट में बने मन्दिरों के भ्रमण के लिये निकाला गया।

प्रभात फेरी ग्राम में बने मन्दिरों के भ्रमण के लिये निकली तो विभिन्न गांवों से आई 108 प्रभात फेरी समितियों का गाजे बाजे के साथ ग्राम प्रधान जितेन्द्र सिंह यादव, प्रधान प्रतिनिधि राजू यादव ने प्रभात फेरी समितियों का भव्य स्वागत किया। विभिन्न गांवों से आई 108 प्रभात फेरियों का तिलक व भेंट कर गाजे बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। विभिन्न गांवों से आई 108 प्रभात फेरी में श्रद्धालु अपने अपने हाथो में धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। प्रभात फेरी समितियों के भक्तगण प्रभात फेरी के आगे ढोल, नगरिया, मजीरा बजाते हुये भगवान के भजन गाते हुये चल रहे थे। प्रभात फेरी में महिला, पुरुष, नृत्य करते हुये चल रहे थे। प्रभात फेरी में जो जोकर बना हुआ था, वह भी नृत्य कर सभी को लोटपोट कर रहा था। प्रभात फेरी में जो जोकर बना हुआ था, वह आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रभात फेरी ग्राम बंट के मन्दिरों का भ्रमण करने के बाद फिर पंचायत भवन के पास आकर समाप्त हुई। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद प्रभात फेरियों की विदाई की गई। प्रभात फेरी में ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह यादव, प्रधान प्रतिनिधि राजू यादव, नीलू यादव, रामराजा यादव, जयसिंह यादव, कमल सिंह यादव, सियाराम यादव, गंधर्व सिंह यादव, अजय यादव, बलराम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

फर्जी वीआईपी कल्चर पर होगा प्रहार

- लाल-नीली बत्ती, सायरन व हूटरों के खिलाफ चलेगा अभियान
- 11 से 25 जून तक चलेगा अभियान
- केबल अधिकृत वाहनों पर होगी बत्ती, सायरन व हूटरों की अनुमति

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। दो व चार पहिया के प्राईवेट वाहनों पर अब लाल-नीली बत्ती, हूटर व सायरन लगाकर रौब गांठना आसान नहीं होगा। इसके अलावा दो व चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स का प्रयोग भी मोटर अधिनियम के तहत प्रतिबंधित होने के चलते उपयोग नहीं किया जा सकेगा। अपर पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा लखनऊ से जारी आदेश के अनुक्रम में मंगलवार को शहर भर में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। मंगलवार से अगली 25 जून तक फर्जी तरीके से वीआईपी कल्चर को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुये यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ ट्रैफिक के निकट पर्यवेक्षण में इन आदेशों का अक्षरशः पालन कराने के लिए यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी काफी संजीदा नजर आये। मंगलवार को शहर भर में एडीजी ट्रैफिक सड़क सुरक्षा के आदेश का सख्ती से पालन किये जाने की कवायदें शुरू कर दी गयीं। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के साथ ही बढ़ती हुयी सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात अपराधों के खिलाफ 11 से 25 जून तक विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। यातायात प्रभारी ने बताया कि लाल-नीली बत्ती व हूटर सायरन का प्रयोग अब केबल अधिकृत वाहनों पर ही किया जा सकेगा। टीएसआई ने कहा कि प्राईवेट वाहनों पर लाल-नीली बत्ती और हूटर सायरन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं। ऐसा करते हुये कोई भी प्राईवेट वाहन पाया जाता है तो उसके खिलाफ सुसंगत कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत दो व चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स प्रतिबंधित हैं। पुलिस कलर्स का प्रयोग निजी वाहनों पर किये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जिले के वाहन चालकों से आह्वान किया कि वह यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।

10 जून से 25 जून तक जनपद में होगा गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं तद्क्रम में जिलाधिकारी महोदय, आजमगढ़ के स्तर से निर्गत निर्देश के अनुपालन क्रम में जनपद आजमगढ़ की 1014 ग्राम सभाओं में दिनांक 10 जून से 25 जून 2024 के मध्य ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला,गोष्ठी का आयोजन अपरान्ह 04:00 बजे से 07:00 बजे तक कराये जाने के निर्देश परिपालन में दिनांक 10 जून 2024 को 181 ग्राम सभाओं में प्राविधिक सहायक ग्रुप सी एवं ए0टी0एम0/ बी0टी0एम0 के माध्यम से किसान पाठशालाओं के संचालन का कार्य प्रारम्भ किया गया। इन पाठशालाओंध्गोष्ठियों में उच्च स्तर से प्राप्त निर्देश क्रम में कृषक बन्धुओं को मोटा अनाज (श्री अन्न),जैविक/प्राकृतिक खेती, एफ0पी0ओ0,पराली प्रबंधन,उर्वरकों का सन्तुलित प्रयोग एवं नैनो यूरिया के उपयोग के बारे में विशेष जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त किसानों की आय में गुणोत्तर वृद्वि हेतु उन्हें खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन,मौन पालन, अण्डा उत्पादन से भी जुडने का सुझाव दिया जायेगा। मौके पर कृषकों की जिज्ञासा का समाधान भी किया जायेगा। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार द्वारा बताया गया कि प्रत्येक किसान पाठशाला में उसी ग्राम सभा के दो प्रगतिशीलध्पुरस्कृत कृषकों या सफल उद्यमियों का उद्बोधन कराते हुए अपने द्वारा अपनायी गयी विधियों को अन्य कृषकों के मध्य साझा कराया जायेगा।

लोकसभा चुनाव के बाद वरिष्ठ नेता गन्धर्व लोधी का सम्मान

- वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक आवश्यक बैठक कचहरी प्रांगण में श्रीहनुमान मंदिर में अवध बिहारी कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 झांसी-ललितपुर में भाजपा के जीतने पर ललितपुर के सूत्रधार रहे विधानसभा प्रभारी बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अटूट मेहनत और विजयश्री पर समिति ने उनका सम्मान किया। समिति के सदस्यों द्वारा एक-एक कर उनको माला पहनाई गई एवं सभी ने संयुक्त रूप से शॉल उड़ाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी ने कहा कि आप सभी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद। यह जीत अकेले मेरी नहीं अपितु आप सभी की जीत है। पार्टी को विजयश्री में अकेले मेरा ही नहीं आप सभी का योगदान है हम सभी की मेहनत रंग लाई और ललितपुर से करीब 68000 वोटो से अनुराग शर्मा जी को बढ़त मिली। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की जो जो शिकायतें एवं सुझाव हैं मैं उन सभी को शीर्ष नेतृत्व के समक्ष रखूंगा एवं उन सभी का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा ऐसा उन्होंने आश्वासन दिया। बैठक का संचालन समिति के महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति के मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी ने जानकारी दी कि शीघ्र ही वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि से शिष्टाचार भेंट करने जाएगी एवं शीघ्र ही उनका एक कार्यक्रम ललितपुर में भी समिति द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर अवध बिहारी कौशिक, रामगोपाल झा, एमपी अग्निहोत्री, विजय सिंह परमार, जगदीश प्रसाद पाराशर, सुरेश श्रीवास्तव, गया प्रसाद, अवध बिहारी उपाध्याय, राजाराम गोस्वामी, अशोक स्वर्णकार, प्रकाश नारायण देवलिया एड., रमाकांत दीक्षित, रमेश पाठक, आत्माराम रिछारिया, प्रीतमलाल विश्वकर्मा, अनुराग शरण श्रीवास्तव, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, मनजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा, अरुण बबेले के साथ सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

36 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। कस्बे के नेशनल ग्राउंड में आयोजित सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में तीन दर्जन जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी और सोनी समाज के प्रतिष्ठित राधा सोनी और गोपाल जी सोनी द्वारा कस्बे के नेशनल कालेज खेल ग्राउंड में आयोजित सर्व जातीय विवाह सम्मेलन में क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के तीन दर्जन जोडों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाल और धार्मिक अनुष्ठान के साथ दाम्पत्य जीवन में प्रदेश किया।इस दौरान आयोजक मण्डल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

सोनी दम्पत्ति द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। इस दौरान आदर्श चतुर्वेदी, रिंकू गुप्ता, रामकृपाल यादव, रामनरेश पाल,ब्रजेंद्र परिहार, सूरज सोनी, सौरभ अनुरागी, राहुल अहिरवार, रवि कुशवाहा आदि का विशेष योगदान रहा।

कराटे चैम्पियनशिप में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल ने एक रजत और दो कांस्य पदक जीता

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश स्टेट कराटे चौंपियनशिप में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की बच्चों ने एक रजत और दो कांस्य पदक जीता।

जी एल ऐ विश्वविद्यालय मथुरा में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश स्टेट कराटे चौंपियनशिप में पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 40 जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आजमगढ़ से लगभग 20 सदस्यीय टीम ने कराटे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और टीम कोच आलोक चतुर्वेदी तथा जनरल सेक्रेटरी दीपक चौबे के नेतृत्व में भाग लिया। ज्ञात हो कि आजमगढ़ टीम को वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के संरक्षक श्री अरविंद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर व बच्चों में ड्राई फ्रूट तथा पानी का बोतल देकर 8जून को रवाना किया था।

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रघुराज प्रताप सिंह 35 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, सक्षम सिंह 40 किलो ग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक और रुद्र प्रताप सिंह 50 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर आजमगढ़ की टीम को पूरे उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान दिलाने में कामयाब हुवे। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने प्रतिभाग करने वाले बच्चों और पदक विजेता बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा की जीवन के जिस किसी भी क्षेत्र में आप प्रतिभाग कीजिए उसी में नंबर एक रहने का प्रयास कीजिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के कराटे कोच आलोक चतुर्वेदी को धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे निश्चित रूप से कराटे में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरेंगे ऐसी उम्मीद और विश्वास है।

उत्साह से मनाया गया मोक्ष कल्याणक

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। भगवान श्रीधर्मनाथजी का मोक्ष कल्याण का महोत्सव श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिरजी में बड़े ही उत्साह से बनाया गया।

भगवान धर्मनाथजी श्री सम्मेद शिखरजी सिद्ध क्षेत्र से 19 कोडा कोड़ी 19 करोड़ 9 लाख 9 हजार 795 मुनिराज मोक्ष पधारे थे। इस उपलक्ष में श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आदिनाथ भगवान का अभिषेक शांति धारा का सौभाग्य देवेंद्र कुमार राजेश कामरा एवं अजय जैन, आनंद जैन साइकिल, नितिन जैन को आदेश जैन सिद्धू प्रबंधक अनिल जैन भावनगर राजेश द्वारा व्यवस्था में पूर्ण सहयोग रहा एवं सभी का आभार किया हुआ भगवान के निवाण कल्याण के अवसर पर निवाण लाडू चणाने का सौभाग्य श्रीमती साधना जैन अजय जैन साइकिल को प्राप्त हुआ।

कलयुगी बेटे ने अपनी मां को उतारा मौत के धाट

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र पाही मोड़ के पास मोहल्ला अमिलो में मंगलवार दिन में 12.30 बजे बेटा ने लोहे की राड से ताबड़तोड़ वार करके अपनी मां को ही मौत के घाट उतार दिया।मां मरा देखकर वह घर से भाग निकला जबतक पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचते की देर हो चुकी थी। मां ने मौके पर ही दम तोड़ दिया घटना सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और घटना गहन जांच पड़ताल में पहुच गई। मुबारकपुर के मोहल्ला अमिलो निवासी सुखिया देवी 60 वर्ष पत्नी उधव गोंड घर आकेली बड़ा बेटा सुनील जो मासिक रुप से विच्छिपत था ।वह शिकड़ में बांध के रखा जाता था।शिकड़ से किसी प्रकार से वह खुल गया और राड से अपनी मां के उपर कयी वार कर दिया मां गम्भीर घायल होकर गिर पड़ी और अचेत हो गई घर के सामने ही दम तोड़ दिया। पति उधव किसी काम से बाहर गया था।बेटा अमरजीत ई रिक्शा लेकर बाहर गया था घर से कुछ दूर छोटा बेटा दीपक बकरी चराने गया था।घर पर कोई नहीं था।घटना के बाद पास-पड़ोस के लोग पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पड़ी थीं। मृतका बंगाल के गांव अतरडीहा में चौका वर्तन करती थी।पति ठेला लगता था।तीन पुत्र अविवाहित थे। जबकि चार पुत्रियां सविता,सरिता,सुनीता एवं उषा विवाहित हैं।

अंकित सिंह ने किया जनपद का नाम किया नाम रोशन

आजमगढ़। बरदह क्षेत्र के मार्टिनगंज उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में चयनित होकर मार्टिनगंज तहसील का मान बढ़ाया अंकित सिंह पुत्र अरविंद कुमार सिंह ग्राम गोसड़ी पोस्ट नंदाव तहसील मार्टिनगंज थाना दीदारगंज ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की परीक्षा में परिवार कल्याण विभाग महानिदेशक , के लिए

सहायक शोध अधिकारी पद पर आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया जिससे क्षेत्र में उनके घर पर बधाई देने वालों का ताता लग गया , अंकित बचपन से ही पढ़ाई में बहुत होशियार रहे, और उनके पिता खेती किसानी के कार्य से जुड़े हुए थे बिगत कुछ दिनों पहले पिता की मृत्यु हो गई तब से अंकित ने ठान लिया कि मैं कुछ बनकर ही दिखाऊंगा और पिता के सपना को मैं पूरा करूंगा तब से अंकित ने इलाहाबाद रहकर तैयारी की और सफलता को प्राप्त हुए अंकित के पास एक भाई है और माता जी हैं भाई छोटा है वह भी पड़ता है अंकित के घर पर बधाई देने वाले ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय पत्रकार बंधुओ के साथ गए और बधाइयां दी जिसमें मनोज सिंह संदीप विश्वकर्मा लालमन यादव राकेश राय विजय सिंह अमन यादव अरविंद श्रीवास्तव रविंद्र सरोज आदि लोग बधाई दिए।

मेरे पर लगाये गये फर्जी मुकदमें बेबुनियादः श्यामसुन्दर चौहान

- नगर कोतवाल पर लगाये भाजपा नेता ने लगाये गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ को दिये गये प्रार्थना पत्र में श्यामसुन्दर चौहान पुत्र रामधारी चौहान सकिन मौजा-शेखपुरा, पोस्ट-बद्दोपुर थाना कोतवाली ने बताया कि वह एक राजनितिक व्यक्ति है तथा भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य है, व अखिल भारतीय चौहान महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष है। राजनितिक व्यक्ति होने के कारण कुछ लोग उसके विरोध में भी रहते हैं। नगर कोतवाल शशिमौली पाण्डेय द्वारा कहीं बाहर जाने के लिए मेरे भाई से गाड़ी की माँग की गई। मेरे भाई द्वारा गाड़ी न देने पर प्रभारी निरीक्षक काफी नाराज हो गये व भाई को आगे देख लेने की धमकी दिये। इतना ही मेरी राजनीतिक छवि को धूमिल करने के मकसद से राजनीतिक प्रतिद्धन्दियों से मिलकर तरह-तरह के बेबुनियाद आरोप लगाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाई सौरभ चौहान की सास को सर्वाइकल प्राब्लम थी जिसका इलाज चल रहा था मेरे घर परिवारजनों से मिलने के लिए आने-जाने वाले दरबारी यादव ने एक तांत्रिक के बारे में बताया गया और उसको मेरे घर लेकर आया और बताया कि सौरभ चौहान की सास को दिखा दीजिए यदि कोई ऊपरी चक्कर होगा तो ठीक हो जायेगा। पूजा-पाठ के नाम पर दरबारी व तांत्रिक गौरीशंकर ने 2 लाख 15 हजार रूपये ले लिए। बीमारी ठीक न होने पर प्रार्थी के भाई द्वारा अपनी सास को बनारस दिखाया गया तो पता चला कि उनको बेस्ट कैंसर है।

उसके बाद रूपये को वापस करने के बावत उक्त तांत्रिक से बात की गयी तो तांत्रिक ने भद्दी-भद्दी गालियों देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मेरे व भाई द्वारा उक्त तांत्रिक के विरूद्ध एक शिकायती प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को दिया गया लेकिन तांत्रिक के विरूद्ध अभी तक न कोई जाँच की गयी न ही कोई कार्यवाही की गई। इस दौरान मेरे विरोधियों से मिलकर 18 मई को करीब 2.30 बजे प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली शशिमौली पाण्डेय द्वारा मेरे घर आकर मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए कहा गया कि मनोज चौहान को अपनी जमीन से रास्ता दें दो नहीं तो तुम्हारे पूरे परिवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फंसा दूंगा। प्रभारी निरीक्षक की सह पर करीब आधा दर्जन मनबढ़ लोग मेरी मां को मारने लगे। इस घटना की सूचना शहर कोतवाली में देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस बावत जब मेरे द्वारा न्यायालय का सहारा लिया गया तो नगर कोतवाल शशिमौली पाण्डेय द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने के लिए मनगढ़न्त तरीके से मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। इस बावत नगर कोतवाल शशिमौली पाण्डेय से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरे ऊपर लगाये गये सारे आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं, भाजपा नेता के ऊपर पहले से ही 6 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं जिसमें 3 आजमगढ़, 2 बलिया और एक बनारस में दर्ज है।

सभासद ने बिजली के जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की

मौदहा। हमीरपुर। कस्बा के वार्ड 07 मालिकुआं के सभासद ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वार्ड में बिजली के जर्जर तार काफी समय से लगे हुए हैं, जो की आए दिन टूटते रहते हैं, इनको बदलने के लिए कई बार एसडीओ व जेई से कह चुके हैं, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई है, उन्होंने बताया कि इन जर्जर तारों की वजह से कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। जिसका जिम्मेदार विद्युत विभाग होगा। इसके साथ ही कम वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती है। सभासद अमरेंद्र कुमार ने जल्द तार बदलवाने की मांग की है। बताते चलें की भीषण गर्मी के चलते विद्युत लोड बढ़ा है, जिससे कस्बे में वोल्टेज की समस्या काफी बढ़ गई है, कसबे में कटिया डालकर चोरी भी काफी हो रही है, जिसे विद्युत विभाग के कर्मचारी चेकिंग कर कटिया काट भी देते हैं, परंतु प्राइवेट कर्मचारी चंद पैसे की लालच में चलती लाइन में खंभे में चढ़कर कनेक्शन जोड़ते हैं, जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। वहीं नगर में ई रिक्शों की भी तादात बहुत है, लगभग डेढ़ हजार ई रिक्शा कस्बा में चल रहा है, जो शाम होते ही घरों में खड़ा कर ज्यादातर कटिया डाल चार्ज किया जाता है।

नीट परीक्षा परिणामों में भ्रष्टाचार के लगाये आरोप

- आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। हाल ही में नीट परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद जहां आधा सैकड़ा से अधिक परीक्षार्थियों के नम्बर एक समान आने से पूरे देश में हड़कम्प मचा हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर इस परीक्षा परिणाम में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुये आम आदमी पार्टी भी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रही है। नीट परीक्षा के परिणामों की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुये आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में देश की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है।

ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाते हुये बताया कि नीट परीक्षा जो कि देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक हैं, उसका पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुये सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक और जहां संवेदनहीन केन्द्र सरकार में भर्तियों का टोटा हैं तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुये राज्य सरकार सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने को लेकर जिम्मेवार है। जिसके वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है। उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था, परंतु आनन-फानन में 04 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही, नीट के परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता है कि किस गुनाह को छिपाने के लिये इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये गये और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिये गये जो कि असम्भव है क्योंकि एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 04 या 05 नंबर कम होने चाहिए, तो 718 और 719 नंबर कैसे दिये जा सकते हैं। इससे प्रतीत होता है कि हृश्वहा के परीक्षा में गभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया।

सभासद ने लगाए भ्रष्टचार सहित कई गंभीर आरोप

मौदहा हमीरपुर। हमेशा भ्रष्टचार सहित किसी न किसी बात को लेकर चर्चा में रहने वाली नगरपालिका एक बार फिर उस समय चर्चा में आ गई जब एक सभासद को नगरपालिका के अंदर कुछ लोगों ने बंधक बनाकर पीट दिया जिसपर सभासद ने अध्यक्ष सहित अध्यक्ष के सहयोगियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है हालांकि इस सम्बंध में जानकारी करने के लिए अधिशासी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। कस्बे के वार्ड नं नौ निजामीपुरा के सभासद मोहम्मद रमजानी ने क्षेत्राधिकारी सहित अन्य आला अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि बीते दो दिन पहले वह काम से नगरपालिका गया था जहां पर नगरपालिका अध्यक्ष रजामोहम्मद के सहयोगियों ने उसे बंधक बनाकर लगभग एक घंटे तक मारपीट की।पीड़ित सभासद ने बताया कि जिस दौरान मारपीट हुई नगरपालिका अध्यक्ष स्वयं मौजूद थे और कह रहे थे कि इतना मारो कि मरने न पाए।इतना ही नहीं पीड़ित सभासद ने अपने और अपने परिवार की जान का खतरा बताया है और कहा है कि यह लोग उसे किसी झूठे छेड़छाड़ या दुष्कर्म के मुकदमे में फंसा सकते हैं। क्योंकि नगरपालिका में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है और अराजक तत्व बैठे रहते हैं जिसके खिलाफ व लगातार आवाज उठाता रहा है जिसके चलते उसके साथ यह घटना घटी है।

जम्मू हमले में मथुरा की लक्ष्मी और मीरा को लगी गोलियां

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जम्मू के रियासी में आतंकियों द्वारा श्रद्धालुओं से भरी जिस बस पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर हमला किया था। उस बस में मथुरा के राया निवासी दो महिलाएं लक्ष्मी और मीरा भी सवार थीं। यह दोनों आपस में सगी बहन व जेठानी-देवरानी भी हैं। राया के गांव भैसारा में इनकी ससुराल है। लक्ष्मी के पेट और मीरा के कंधे में गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलते गांव में शुभचिंतकों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस भी पीड़ित परिवार से मुलाकात को पहुंची। इधर, परिवार से कुछ लोग जम्मू के लिए रवाना हो गए। हमले में राया के गांव भैसारा निवासी लक्ष्मी पत्नी स्वः लक्ष्मण सिंह और उनकी सगी बहन एवं देवरानी मीरा पत्नी रोहित शर्मा घायल हैं। मीरा करीब दस साल से ग्रेटर नोएडा में परिवार के साथ रहती है। वहीं, लक्ष्मी अपने बेटा प्रशांत और बेटी पायल के साथ गांव में ससुर आदि के साथ रहती हैं। 3 जून को लक्ष्मी अपने जेठ और देवर के पास ग्रेटर नोएडा गई थी। वहां से बहन मीरा और कॉलोनी के लोगों के साथ 6 जून को धार्मिक यात्रा पर जम्मू गई थीं। इस हमले में लक्ष्मी के पेट में गोली लगी है और मीरा के कंधे पर छर्रे लगे हैं। दोनों की हालत में सुधार है। अब वह नारायण हॉस्पिटल, कटरा में भर्ती हैं। बताया गया कि बस में 43 यात्री थे। शिवा खेड़ी से दर्शन कर लौट रहे थे तभी आतंकियों ने हमला कर दिया। सीओ महावन भूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस ने गांव जाकर घायल महिलाओं के परिजनों से वार्ता की है। महिलाओं के संबंध में जम्मू प्रशासन से भी संपर्क बनाए हुए हैं। आतंकियों की गोली से घायल लक्ष्मी और मीरा से परिजनों के माध्यम से फोन पर वार्ता हुई। उन्होंने बताया कि शिवखोड़ी के दर्शन कर कटरा जा रहे थे। बस में भजन-कीर्तन चल रहे थे। अचानक से गोलियां चलने की आवाज आई और बस खाई में जा गिरी। इसके बाद पांच से सात मिनट तक बस पर फायरिंग होती रही। इसी बीच एक गोली खिड़की के पास बैठी लक्ष्मी के पेट में जा लगी। वहीं, मीरा कंधे में गोली लगने और छर्रे लगने के बाद खाई में जा गिरीं। लक्ष्मी बताती हैं कि वह पेट से खून को निकलते देख बेहोश होने लगीं। बस में लोग करीब एक से दो मिनट पर चीखे। इसके बाद जैसे ही सेना की वर्दी में आतंकियों द्वारा हमले की बात समझ में आई लोग नीचे की ओर छिप गए और चुप्पी साध ली, जिनके गोली लग रही थी, वह चीख उठते थे। करीब पांच से सात मिनट तक गोली चलाने के बाद आतंकी भाग गए। एक पल तो लगा कि आज जिंदा नहीं रहूंगी। लक्ष्मी बताती हैं कि कुछ समय बाद स्थानीय लोग आए। उन्हें बाहर निकाला गया। उस समय इतना होश था कि बस के अंदर का दृश्य देख सकूं। बहुत ही भयानक था। श्रद्धालुओं के लिए यह हादसा किसी खौफ से कम नहीं था। चारों ओर खून बिखरा था। लोग करहा रहे थे। आधे से ज्यादा लोग बेहोश हो गए थे।

लक्ष्मी और मीरा के ससुर इंद्रजीत ने बताया कि रविवार को फोन आया था कि बस पर हमला हो गया है, मीरा और लक्ष्मी घायल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बेचैन हो गए और लगातार फोन के माध्यम से उनसे संपर्क में रहे। वहीं, गांव व रिश्तेदारी में जिस को भी घटना की जानकारी हुई। वह उनके घर की ओर दौड़ा चला आया। वहीं, सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी महावन भूषण वर्मा, राया निरीक्षक अशोक कुमार मय फोर्स के साथ गांव पहुंचे और परिवार के लोगों से बातचीत कर घायलों की हालत के संबंध में जानकारी की।

धार्मिक यात्रा पर गई मां लक्ष्मी आतंकियों की गोली लगने से घायल होने की जानकारी होते ही उनके बेटे प्रशांत की तबीयत बिगड़ गई। प्रशांत को परिजनों ने जैसे-तैसे संभाला। प्रशांत ने बताया कि उसके सिर से पिता का साया दस साल पहले उठ गया और अब मां गोली लगने से घायल हो गई। छोटी बहन पायल ननिहाल, परखम गई थी। वह भी मां और चाची पर हमले की जानकारी के बाद गांव लौट आई।

जम्मू में हुए आतंकी हमले को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा में भी भारी आक्रोश भरा हुआ है अखिल भारत हिन्दू महासभा के ब्रज प्रांत अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने इसे कायराना पूर्ण हरकत बताते हुए कहा हर बार हमले हिंदुओ की तीर्थ यात्रा पर ही क्यों होते रहते है जबकि दूसरे धर्म की यात्रा पर सरकार सभी इंतजाम करती है यहां तक हज यात्रा पर जाने वालों पर फूलों की बरसात होती है और हिंदुओ की यात्रा पर हर बार खतरा बना रहता है। साथ ही मथुरा के अनेक लोग भी बेहद आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि आतंकियों को इस घटना का करारा जवाब मिलना चाहिए। गांव भैसारा निवासी सुबोध शर्मा का कहना है कि जिस प्रकार सेना की वर्दी में आतंकियों ने हमला किया है वह बेहद शर्मनाक है इस घटना का उन्हें करारा जवाब मिलना चाहिए।

एबीवीपी ने नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा के रिज़ल्ट में हुई धांधली में विरोध प्रदर्शन किया गया।एबीवीपी काशी प्रान्त सह मंत्री सुभेंद्र वीर सिंह ने कहा की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा परिणाम में जो धांधली हुई है उसकी जांच सीबीआई करे और ये कैसे हो सकता एक ही सेंटर पर ही क्रमशः रोल नंबर वाले 8 विधार्थी टॉप कर जा रहे है और 67 विद्यार्थी टॉप कर रहे है । कहीं न कहीं एन टी ए की लापरवाही जरूर है। एबीवीपी के प्रान्त कार्य समिति सदस्य शिवम् दूबे ने कहा एन टी ए प्रशासन के दुर्भाग्यपूर्ण रवैए से आम छात्र छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना सपना ही रह जा रहा है विद्यार्थी परिषद भारत सरकार से यह मांग करती है कि इस विषय की सीबीआई जांच हो। राणा प्रताप पी जी कॉलेज इकाई अध्यक्ष परमेंद्र सिंह ने कहा कि नीट की परीक्षा 5 मई को आयोजित हुई थी और इसका रिजल्ट 4 जून को आया जिसमे 67 विधार्थी प्रथम स्थान पर रहे जिन्होंने 720 में से पूरे 720 अंक अर्जित किए। जिसमे से 44 स्टूडेंट ने ग्रेस मार्क की मदद से टॉप किया है। हम सभी की एन टी ए से यहीं मांग है की जो ग्रेस मार्क दिए गए है उसका फॉर्मूला क्या है? और कितने विद्यार्थियों को ग्रेस मार्क दिए गए है उसको भी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सार्वजनिक करे।

एबीवीपी जिला सयोजक रितिक द्विवेदी ने कहा एन टी ए की दलाली नहीं चलेंगी और नीट परीक्षा परिणाम में जो भी गलतियां हुई उसको सुधार कर फिर से एन टी ए परिणाम घोषित करे। आभविप कुशभवनपुर सीबीआई जांच की मांग करती है तथा सरकार से कहना चाहती कि परीक्षा में हो रही गड़बड़ियों को देखते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो और इसपे कठोर कानून बनें ताकि भविष्य में युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो और उनका भविष्य उज्ज्वल हो।एबीवीपी नगर मंत्री आदर्श शुक्ला जी ने कहा की एन टी ए नीट की परीक्षा रद्द करके पुनः उसे पारदर्शी तरीके से आयोजित कराए और परिणाम भी जल्द से जल्द घोषित करे।

संक्षिप्त समाचार

वन विभाग के उच्चाधिकारियों की पहल से वन दरोगा ने अवैध मशीन को कराया बन्द

जौनपुर। धर्मापुर ब्लॉक अंतर्गत इमलो पाण्डे पट्टी गांव में अवैध आरा मशीन को लेकर वन विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध आरा मशीन को बल्द करवा दिया गया। बताते चलें कि खबर प्रकाशित होते ही वन विभाग के अधिकारियों को जैसे ही भनक लगी। उन्होंने अपने मातहतों को दिशा निर्देश जारी करके अवैध आरा मशीन को बन्द कराने को आदेशित किया। आदेश का अनुपालन करते हुए क्षेत्रीय वन दरोगा राजेन्द्र यादव अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध आरा मशीन को बन्द करवा दिया। इस बाबत उन्होंने कहा कि मेरे रहते क्षेत्र में किसी तरह की अवैध कोई कार्य नहीं होने दुंगा। उच्चधिकारियों के दिशा निर्देश पर चलने राजेंद्र यादव वन दरोगा की काफी चर्चा होती है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि अगर हर ब्लॉक में राजेन्द्र यादव जैसा वन दरोगा रहे तो अवैध कार्य पर अंकुश लग सकता है। वहीं दूसरी ओर अवैध कार्य करने से लोग घबरायेंगे।

दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट मुकदमा दर्ज

जौनपुर (खुटहन) स्थानीय थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव का मामला सामने आया है जहाँ दबंगों ने रात को दुकान खोलवाने को लेकर दुकानदार और उसके परिवार के साथ मारपीट की है। उक्त गांव निवासी राजकुमार बिंद ने थाना प्रभारी निरीक्षक खुटहन को तहरीर देते हुए बताया कि आठ जून की रात करीब 11 बजे गांव के ही चंदन यादव,अजीत यादव,गोलू यादव ग्राम रसूलपुर तीनों घर पर आए और दुकान खोलने के लिए जबरन दबाव बनाने लगे, जब मैंने इतनी रात को दुकान खोलने से मना किया तो उक्त लोग गाली-गलौज देते हुए मारने पीटने लगे इतना ही नही, मनबढ़ दबंग लड़को ने बीच बचाव करने आई पीडित की पत्नी को भी मारा-पीटा, राजकुमार ने बताया कि लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्त के ख़िलाफ़ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

रक्तदान शिविर 14 जून को

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष के आदेशानुसार दिनांक जून 14, 2024 को प्रातः09:30 बजे से विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से किया जा रहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 14/06/2024 को निर्धारित समय पर बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान करें।

बिजली चोरी में एफआईआर की गई

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। कॉमर्शियल उपभोक्ताओं की चेकिंग के दौरान मंगलवार को उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री, अवर अभियंता राजकमल के नेत्रत्व में लेडी कैफे ब्यूटी पार्लरष्ट/ह्रउर्मिला देवी पत्नी अरुण कुमार(भरथना चौराहे के पास) को विधुत् चोरी करते हुए पकड़ा गया जिसकी धारा 135 (मीटर के पहले केबल में कट करके अतिरिक्त केबल लगाकर) में विधुत चोरी में एफआईआर की गई। टीम में TG2 पुस्पेंद्र कुमार, सुशील, विनय, मनोज, ब्रजेश राजपूत, सत्यवीर आदि मौजूद रहे।

मोहन और किशोर प्रदेश पदाधिकारी जितेंद्र भाटिया बने भारतीय सिंधु सभा के जिलाध्यक्ष

मथुरा। सिंधी संस्कृति के साथ भारतीय परम्पराओं को बढ़ावा देने में अग्रणी पंजीकृत संस्था भारतीय सिंधु सभा उप्र रजि. ने अपने परिवार को विस्तार देते हुए मथुरा के तीन सिंधीजनों को महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत किया है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष नरेश जोतवानी ने जारी घोषणा पत्र के माध्यम से मथुरा के महाराज स्वामी पंडित मोहन लाल शर्मा को भारतीय सिंधु सभा यूपी रजि. के धर्म - संस्कृति प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक और सिंधी नॉलेज के सम्पादक किशोर स्वर्ण इसरानी को प्रदेश मीडिया संयोजक तथा जितेंद्र भाटिया को मथुरा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। शहर में इस समाचार के फैलते ही लोगों ने नव चयनित पदाधिकारियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं देना शुरु कर दिया है, वहीं तीनों नए पदाधिकारियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे समाज कार्यों को पूरी निष्ठा से करने की प्रतिबद्धता जताई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष रोजाना अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान सैकड़ों फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कर रहे हैं। सुबह से ही ग्रामीण उनके आवास पर पहुंच जाते है और अपनी समस्या को उनके समक्ष रखते है, बड़े ही प्रेम भाव से उनकी समस्या सुनकर जिला पंचायत अध्यक्ष संबंधित अधिकारी को फोन कर जल्द से जल्द निस्तारण के आदेश देते है। उनका यह स्वभाव देखकर ग्रामीणों की संख्या रोजाना बढ़ जाती है। मथुरा मंडी चौराहा के समीप आनंदधाम स्थित आवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी जनता दर्शन के तहत रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों की पेयजल, विद्युत समस्या, क्षेत्र में सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार पेयजल एवं विद्युत संबंधी समस्त समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कर रहे है।

जेठ के मंगलवार को सीडीओ ने किया भंडारे का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जेठ मंगलवार पर सीडीओ ने अंकुर कौशिक ने हनुमान जी का पूजन अर्चन कर,भंडारे का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने जेठ मंगलवार के अवसर पर विकास भवन के मुख्य गेट के बगल स्थित प्रेरणा कैंटीन संचालक रवि यादव की तरफ से संचालित कार्यक्रम पर पवन पुत्र हनुमान जी का पूजन अर्चन किया । इस अवसर पर उन्होंने भंडारे का शुभारंभ किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय पांडेय समेत विकास भवन के नाजिर मनोज श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इसी के साथ कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के बगल अधिवक्ता जयशंकर द्विवेदी और समाजसेवी सर्वेश सिंह की तरफ से भंडारे का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर हलवे का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार से भंडारे व शरबत वितरण का आयोजन किया गया।

अंबेडकर वादिओं का सम्मान समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। डॉ अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति मथुरा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम मसानी रोड़ मथुरा पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ बी आर अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति मथुरा के तत्वावधान में दिनांक 14 अप्रैल 2024 को 133वीं जयंती पर आयोजित हुए पुष्पांजलि एवं शोभायात्रा कार्यक्रम में आकर्षक झांकियां के साथ शोभायात्रा कार्यक्रम को भव्य एवं विशाल बनाने में अपना योगदान करने वाले डॉ अम्बेडकर अनुयायियों के सम्मान में जिला मेला कमेटी द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम पर आयोजित किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार भूकेश (सेवा निवृत अपर पुलिस अधीक्षक) एवंअध्यक्षता अध्यक्ष नरेंद्र कुमार द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से तथागत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि कर सम्मान समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन किया कार्यक्रम के दौरान चिरंजीलाल आर्या सेवानिवृत्ति सीनियर ऑडिटर गृह मंत्रालय भारत सरकार बदन सिंह सेवानिवृत्ति डिप्टी कमांडेड बीएसएफ श्रद्धेय श्याम सिंह बौद्ध, धर्मेंद्र प्रधान बरारी रोहतान सिंह प्रधान ऊंचा गांव फत्तेह सिंह प्रधान बजाना, पूर्व अध्यक्ष बेचैन सिंह, एमपी सिंह, त्रिलोकी नाथ कर्दम, जेपी भारती, मनोज मौर्या, अशोक प्रिया, ताराचंद प्रधान, पूर्व महामंत्री मोहन सिंहकदम, एस, आर, चौधरी, सुनील कुमार कर्दम,मेला कमेटी के महामंत्री संजय कुमार, कोषध्यक्ष विजय सिंह, प्रमोद कुमार दिवाकर प्रवक्ता, दिनेश लेखपाल, जितेंद्र कुमार निगम,महेंद्र प्रताप सिंह,उमेश पाल बौद्ध, डॉ विनय कुमार, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री डॉ, एस, पी सिंह, वाल्मीकि नवयुवक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद आनंद, बंटी चौटेला, हाकिम सिंह, अमित दिवाकर, हुकम सिंह बौद्ध, कृष्ण गोपाल कर्दम, महिला मित्र मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह, बबीता सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद रहे। डॉ अम्बेडकर सामाजिक अधिकार मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में मंच के महानगर संयोजक डॉ अमरसिंह, मेराजअली, लवकुमार, अजय कुमार कर्दम , राहुल पंकज, टीकम सिंह, आदि पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों का 21 किलो के फूलों का हार एवं साफ़ा, पटका और सील्ड देकर स्वागत सम्मान किया गया है।

कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने किया सुंदरकांड पाठ व शर्बत वितरण

सुल्तानपुर। कलेक्ट्रेट के यूपी44 अधिवक्ता चैंबर के नेतृत्व में बड़े मंगल पर हनुमान जी का पूजन,सुंदर काण्ड पाठ,आरती व हजारो भक्तो को प्रसाद व शरबत वितरित किया गया। मंगलवार को सुबह आठ बजे से सुंदर काण्ड पाठ व आरती विधिविधान पूर्वक पंडित प्रवीन तिवारी जी ने कराया।जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड जिला जज/ बाल पीठ के चेयरमैन आरपी शुक्ल ने शरबत वितरित कर किया।वही विशिष्ठ अतिथि एडीएम वित्त एस सुधाकरन, सीआरओ देवेंद्र सिंह ने भक्तो को शरबत वितरित किया। 11 बजे से दो बजे तक बड़े मंगल के अवसर पर हनुमान जी की कृपा से 1250 भक्तो को प्रसाद व शरबत वितरण एसडीएम दफ्तर के सामने पिलाया गया।यह कार्यक्रम सीनियर अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय, अनुराग द्विवेदी पत्रकार, अजय तिवारी एडवोकेट, जेपी पांडेय, नवीन शुक्ल, विजय सिंह, राम सिंह, महेश मुंशी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

समाजवादी छात्र सभा नें नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ प्रर्दशन कर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। समाज वादी छात्र सभा के तत्वाधान में मंगलवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष रवि यादव के नेतृत्व मे नीट परीक्षा मे हुई धाधली के खिलाफ प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा के माध्यम से दिया गया।

छात्र नेता समाजवादी कार्यालय पर एकत्रित होकर जूलूस के रूप में नारे लगाते हुए जिलामुख्यालय पहुंचे जहां ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीट यूजी 2024 के एक्जाम में एनटीए की अक्षमता तथा भ्रष्टाचार सामनें आया है, लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन रिजल्ट घोषित कर एनटीए क्या छुपाना चाहती थी, इस एक्जाम की पारदर्शिता पर विघार्थीयों मे संदेह है। सपा जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि 67 छात्रों के 720 मे 720 अंक आये हैं जिसमें 44 छात्रों को ग्रेस मार्क दिये गये हैं, इस ग्रेस मार्क का फार्मूला क्या है उसे सार्वजनिक करना चाहिए, छात्रों नें दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर प्रज्वल यादव, जय कृष्ण पहलवान, गौरव दिवाकर, प्रिंस यादव, मोनू बाबा, अतुल यादव, आरिफ, अल्ताफ, प्रेम सिंह, राहुल कुमार, रिषी कुमार, आशीष यादव, सौरभ यादव, दिलीप कुमार, अंकुश यादव आदि कई छात्र नेता उपस्थित रहे।

बकरीद के लिए बाजार में हुई खरीददारी

- सोमवार को बकरा भारी संख्या में दिखाई दिए जमकर शुरू हुई खरीदारी

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम। नगर में स्थित प्रजापति मार्केट में बकरा मंडी में 7000 से 50 हजार रुपये तक के बकरों की बिक्री हुई। लोग अपनी हैसियत के मुताबिक बकरा और बकरी की खरीददारी करते दिखाई दिए बकरीद का त्योहार इस बार 17 जून को मनाया जाना है। बकरीद पर मुस्लिम समुदाय के लोगों का बकरा, बकरी और भेड़ की कुर्बानी करने की परंपरा है। जिसको लेकर सोमवार को साप्ताहिक बाजार में विभिन्न जिले से लोडर से भरकर बकरा और बकरी लेकर व्यापारी मंडी में पहुंचे। जहां पर लोगों ने अपनी हैसियत और पसंद के मुताबिक बकरों की कुर्बानी के लिए खरीदारी की। बकरीद को लेकर दूसरी साप्ताहिक बाजार होने के चलते बाजार में महंगाई का साफ असर दिखाई दिया। जो बकरा पिछले वर्ष 8000 में बिक रहा था। इस बार 12000 और 16000 में मंडी में उपलब्ध रहा। और ऊंचे बकरे 25 से 50 हजार रुपये तक में बिका। बकरा मंडी में बाहर से आए बकरा व्यवसायी अगली बाजार में फिर आएंगे, वहीं हथपरा से आए शाकिर अली और सोतवा के नूरुल्लाह तथा सिसानियां के लालबाबू, राशिद ने आदि ने बताया कि आज बकरों की अच्छी बिक्री हुई है। महंगाई के बावजूद लोगों ने महंगे दाम पर बकरों को खरीदारी की है। बकरीद का त्योहार 17 को होना है। गुरूवार के दिन फिर मंडी लगेगी उम्मीद है कि सभी बकरे बिक जाएंगे और उन्हें अच्छा मुनाफा हासिल होगा।

डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का व्यापार मंडल ने किया सम्मान

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जिले के आल्हा अधिकारियों द्वारा लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से कराया जिससे प्रभावित होकर जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा का फूल मालाओं से लाध कर व्यापारियों की तरफ से सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने कहा कि स्वागत और सम्मान की सच्ची हकदार इटावा की जनता है जिन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए सुझाव निर्णय आदि को बखूबी निभाया और हम सब शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सफल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने कहा इटावा जनपद के व्यापारी सदैव प्रशासन का सहयोग करते हैं चुनाव में उनकी भी में भूमिका सराहनीय है मैं इटावा की जनता द्वारा चुनाव में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि व्यापार मंडल शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए जनपद की अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करता है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विवेक पोरवाल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर हरि गोपाल शुक्ला जिला प्रभारी रवि पोरवाल जिला महामंत्री शैलेश जैन जिला कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र यादव शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा सुनीता कुशवाहा हैदर कुरैशी युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता शहर महामंत्री रमेश यादव शहर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे युवा शहर महामंत्री राघव यादव इनवर्टर बैटरी एसोसिएशन अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह सुनील पोरवाल अवधेश कुमार दुबे मंजू यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ई-बाइक शोरूम में लगी आग, 50 बाइक हुई खाक

मथुरा। थाना कोसीकलां में अग्रसेन नगर में इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम में सोमवार की रात भीषण आग लग गई। आग की लपटों में पूरा शोरूम धूं-धूं कर जल उठा। घटना के बाद इलाके मै अफरातफरी मच गई। दमकल की चार गाड़ियों ने दो घटें में आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 लाख की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है।जानकारी के अनुसार नगर पालिका के पूर्व सभासद पवन बंसल का अग्रसेन नगर में घर के समीप ही इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम है। सोमवार की शाम को सभी कर्मचारी शोरूम बंद कर घर चले गए। बताते है कि ट्रिपिंग के चलते रात में एक बजे बिजली आई थी। माना जा रहा है कि तभी कोई फाल्ट या शार्ट सर्किट हुआ होगा। जिससे रात करीब 2 बजे शोरूम में आग लग गई। आग धीरे-धीरे पूरे शोरूम में फैल गई।

वहां से गुजर रहे लोगों ने शोरूम से लपटें उठते हुए देकीं तो इसकी सूचना शोरूम मालिक को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को काबू पाने में जुट गई। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरा का पूरा शोरूम जलकर राख हो गया। शोरूम संचालक पवन बंसल के अनुसार शोरूम में लगभग 50 गाड़ियां थी।

कुर्बानी की फोटो विडिओ सोशल मीडिया पर न डाले

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम। बिलग्राम नगर में ईदुल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर उपजिला अधिकारी गरिमा सिंह व क्षेत्रा आधिकारी बिलग्राम व कोतवाल नारायण कुशवाहा की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई । उपजिला अधिकारी बिलग्राम ने नगर पालिका प्रशासन को नगर में कुर्बानी स्थलों की सफाई व्यवस्था को ठीक करने , नगर पालिका के सफाई वाहन को कुर्बानी के स्थलों पर रखने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि कुर्बानी के अवशेष सड़कों व गलियों में न डालें , रक्त नालियों में न बहायें अमन व शांति से बकरीद का त्योहार मनाएं। बकरीद की नमाज़ ईदगाह व मस्जिद में पढ़े नालियों में रक्त न बहाएं और कुर्बानी के न अवशेष सड़कों व गलियों में न डालें । जिससे किसी अन्य व्यक्ति को परेशानी हो। इसे नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी में डालें। उपजिला अधिकारी गरिमा सिंह ने कहा कि अन्य सभी त्योहारों की तरह ईद - उल - अजहा भी शांति , एकता और भाईचारे के साथ मनाई जाए । हिंदू - मुसलमानों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना अमन और शांति से त्योहार मनाएं क्षेत्राधिकार बिलग्राम ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न शेयर करें । कड़ी कार्यवाही की जायेगी । नगर व क्षेत्र में एकता और एकजुटता बनाए रखें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचें नगर के सम्मानित लोगों से ईद - उल - अज़हा को शांति भाईचारे और एकता के साथ मनाने की अपील की इस अवसर पर सभासद सईद अहमद महेश राठौर सभासद अमीर ग्राम प्रधान सहित कुरैशी बिरादरी के लोगो के साथ हुई बैठक इस मौके पर सभी सम्मानित लोग मौजूद रहे।

जीवन में सफलता और असफलता व्यवहार और सोच पर निर्भरः चेतन भगत

मथुरा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के नए कार्यकाल के शुरुआत से पहले होने वाले प्रमुख कार्यक्रम असेंबली जिसका के इस बार नाम प्रबोध है के दूसरे दिन रोटरी के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के अलावा दो विशेष लोगों ने रोटेरियन को जागरूक करने के लिए अपनी बातें रखीं प्रख्यात लेखक चेतन भगत ने लोगों से संवाद कर बताया कि जीवन में सफलता और असफलता आपके व्यवहार और सोच पर निर्भर करती है अपना माइंडसेट जैसा होगा आपकी इमेज वैसी ही बनेगी जरूरी है क्या हम लोगों की और समय की जरूरत को समझते हुए उन तक सही मदद पहुंचा सके तभी सेवा का हमारा यह संकल्प पूरा होगा। उसके पश्चात वंदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन के प्रोजेक्ट प्रभारी संदीप मणि ने देश में आने से लेकर वंदे भारत ट्रेन के सफर पर चर्चा की उन्होंने बताया कि आप कोई भी काम करेंगे तो मुश्किल आएंगे ही उनसे बिना डरे अपना सही प्रयास जारी रखेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी वंदे भारत ऐसे ही एक प्रयास का प्रतिरूप है। पूरे देश से आए सभी अतिथियों का नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव निमेष अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा के आप सभी ने जो विश्वास मुझ में जताया है मैं उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करूंगा मुझे पूर्व जितने भी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हुए हैं उन सभी ने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 को पहचान दिलाने में एक अहम भूमिका निभाई है।

अजहर महमूद ने कप्तान बाबर आजम और शाहीन अफरीदी के बीच मतभेद से किया इनकार

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सहायक कोच अजहर महमूद ने कप्तान बाबर आजम और मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बीच मतभेद से इनकार करते हुए कहा कि हाल में पूर्व कप्तान वसीम अकरम का दोनों के बीच बातचीत नहीं होने की बात कहना गलत है। महमूद ने उन लोगों पर भी निशाना साधा जो मानते हैं कि खिलाड़ियों की क्रिकेट के अलावा बाहर कोई जिंदगी नहीं होनी चाहिए और उन्हें भारत के खिलाफ मिली हार के बारे में सोचते हुए अपने होटल के कमरों तक ही सीमित रहना चाहिए।

अटकलें लगायी जा रही हैं कि पाकिस्तान टीम में दो गुट हैं जिसमें एक की अगुआई कप्तान बाबर करते हैं जबकि दूसरा गुट का नेतृत्व शाहीन करते हैं। पाकिस्तानी टीम भारत के खिलाफ मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करने में विफल रही थी और छह रन से हार गयी थी। महमूद ने इस हार का जिक्र करते हुए कहा, वसीम ने ऐसा कहा होगा, लेकिन मुझे नहीं पता। मैंने ऐसा कुछ नहीं देखा। शाहीन और बाबर निश्चित रूप से एक दूसरे से बात कर रहे हैं, वे अच्छे दोस्त हैं। वे दोनों पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं। हम किसी की भी वजह से नहीं हारे, बल्कि यह हमारी गलती थी।

जब उनसे पूछा गया कि खिलाड़ी मीडिया से बात करने के लिए प्रेस कांफ्रेंस में क्यों नहीं आ रहे तो महमूद ने कहा कि अगर हार के लिए जवाबदेह होने की बात है तो सहयोगी स्टाफ भी समान जिम्मेदारी लेता है। उन्होंने कहा, हम किसी भी खिलाड़ी को नहीं छुपा रहे हैं। हर कोई वहां है। मैंने पहले कहा था कि हम एक टीम हैं। जाहिर है, हम यहां बैठे हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है। हम प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैं यहां बैठा हूं। उन्होंने कहा, कल, गैरी कर्स्टन यहां थे। इसलिये निश्चित रूप से ऐसा नहीं है कि हम किसी खिलाड़ी को छुपा रहे हैं। वे हमारी टीम का हिस्सा हैं। महमूद के साथ मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज और कप्तान बाबर भारत से मिली हार के बाद यहां एक रेस्तरां में रात्रिभोज के लिए मौजूद थे। इससे खेल प्रशंसकों ने काफी नाराजगी व्यक्त की। पाकिस्तान के पत्रकार ने जब यह सवाल पूछा तो महमूद ने कहा, आप वहां थे। मैं आपको बता रहा हूं, आप वहां थे। मैंने आपको भी वहां देखा था। उन्होंने कहा, बात यह है कि हम बहुत भावुक हैं। मेरा मतलब है कि ऐसा नहीं होता कि अगर आप एक मैच हार गये तो आपकी जिंदगी खत्म हो जायेगी। आप ऐसा कैसे करोगे? अगर आप एक मैच हार गये और फिर आप कमरे में आकर निराश रहो तो आपको अपने दिमाग को शांत करने के लिए थोड़ा समय चाहिए। महमूद ने कहा, '' अब निश्चित रूप से हमारे खिलाड़ी ऐसे नहीं हैं। मैं भी इंग्लैंड की टीमों के साथ रहा हूं। अगर वे ऐसी जगह जाते हैं तो आप वहां सिर्फ खाने के लिए जा सकते हैं।

दो गुटों में बंटी पाकिस्तान टीम, पीसीबी में भी हो रही गुटबाजी

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बीच भी पाकिस्तान टीम में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मेजबान अमेरिका और फिर भारत के खिलाफ मिली हार के बाद पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है। इस बीच खबर है कि टीम दो गुटों में बंटी हुई है। ये पूरा हंगामा शाहीन अफरीदी को कप्तानी से हटाकर बाबर को फिर से कप्तान बनाने के कारण उपजा है। हालात ये हैं कि बाबर कुछ खिलाड़ियों को पसंद नहीं करते तो कुछ उन्हें इज्जत ही नहीं देते। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं, लेकिन बोर्ड में भी गुटबाजी चल रही है। क्रिकेट पाकिस्तान वेबसाइट के अनुसार सूत्रों ने राष्ट्रीय टीम के भीतर गहरे मतभेद का खुलासा किया है। इसमें कहा गया है कि, खिलाड़ियों के बीच गुटबाजी हो रही है।

कप्तानी विवाद ने दोस्तों को प्रतिद्वंद्वी बना दिया है। कई खिलाड़ी केवल जरूरत पड़ने पर ही बातचीत करते हैं, जो टीम की बिखरी हुई स्थिति को दर्शाता है। बोर्ड के अधिकारी कथित तौर पर 15 सदस्यीय टीम के बीच मतभेद की हद से हैरान हैं। सूत्रों का कहना है कि कुछ समय पहले तक बाबर आजम और शाहीन अफरीदी के बीच ऐसी दोस्त थी कि, कप्तान बदलने के बारे में सोचना भी गुनाह लगता था। हालांकि, जब बाबर की जगह शाहीन अफरीदी को कप्तान बनाया गया और उन्होंने जिम्मेदारी स्वीकार की, तो उनके रिश्ते में दरार आ गई। स्थिति और जटिल इस वजह से हो गई कि टीम के कई स्टार खिलाड़ियों का एजेंट एक ही है, जिसके पूर्व क्रिकेर्स से भी करीबी संबंध हैं। समर्थन के इस नेटवर्क के कारण इन स्टार खिलाड़ियों की आलोचना करने वाले किसी भी व्यक्ति की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग होने लगती है। वहीं अधिकारियों का मानना है कि इससे बाबर की छवि क्रिकेट से परे हो गई है। जिससे टीम के भीतर समस्याएं पैदा हो रही हैं। कप्तानी से हटाए जाने के बाद, बोर्ड के साथ बाबर की बातचीत लगभग टूट गई थी, लेकिन नए प्रबंधन के आने के बाद इसमें सुधार हुआ। शाहीन को एक सीरीज के बाद कप्तानी से हटा देना और मीडिया में फर्जी बयान जारी करना उन्हें बेहद दुखी कर गया। साथ ही अनौपचारिक तौर पर उन्हें उपकप्तानी की पेशकश की गई थी, लेकिन बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर इससे इन्कार कर दिया, जिससे उनकी नाराजगी और बढ़ गई।

भारत 2025 में जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा

भारत अगले साल पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह प्रतियोगिता दिसंबर में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में यह पहला अवसर होगा जबकि इसमें 24 टीम हिस्सा लेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने इसकी घोषणा करते हुए कहा,''मुझे बहुत खुशी है कि एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ गई है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। यह 24 टीमें हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।''

पिछला जूनियर विश्व कप 2023 में कुआलालंपुर में खेला गया था जिसमें जर्मनी ने फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। स्पेन तीसरे और भारत चौथे स्थान पर रहा था। भारत इससे पहले तीन बार 2013 (नई दिल्ली दिल्ली), 2016 (लखनऊ) और 2021 (भुवनेश्वर) में टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। भारत 2016 में चैंपियन भी बना था। इकराम ने कहा,''मैं एक और शानदार प्रतियोगिता को आयोजित करने की प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करता हूं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा,''इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के मेजबानी मिलने से भारत के अंतरराष्ट्रीय हॉकी में बढ़ते महत्व तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल का विकास करने के हमारे समर्पण का पता चलता है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने इसे भारतीय हॉकी के लिए महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा,'हम पर भरोसा बनाए रखने के लिए हम एफआईएच का आभार व्यक्त करते हैं। हॉकी को नहीं ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण होगी। इससे नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। हम इसे यादगार टूर्नामेंट बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चेन्नईयन एफसी ने कोलंबिया के स्टार विलमर जॉर्डन गिल से अनुबंध किया

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र से पहले कोलंबिया के स्टार स्ट्राइकर विलमर जॉर्डन गिल के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। कोलंबिया का यह फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में आईएसएल में खेल चुका है। विलमर ने 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था।

इसके अगले सत्र में उन्होंने पंजाब एफसी की तरफ से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह अभी तक आईएसएल ने 15 मैच में 8 गोल कर चुके हैं। चेन्नईयन ने विलमर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। वह एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू के बाद इस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

बीडब्लूएफ रैंकिंग में सात्विक-चिराग की जोड़ी को बड़ा नुकसान, नंबर 1 की पोजिशन गंवाकर कर तीसरे नंबर पर फिसले

पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन से बाहर होने वाली भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, भारत की टॉप पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन वर्ल्ड महासंघ की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई है। चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग की जोड़ी नंबर वन पर काबिज हो गई है। वहीं चीन की जोड़ी के बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं।

दूसरी तरफ किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं।

महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा एक पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी एक पायदान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता यह जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से अंतिम-16 में बाहर हो गई थी।

शादी के बाद सातवें आसमान पर हैं आरती सिंह, एक्ट्रेस ने एफिल टॉवर के सामने की अदिति राव हैदरी की तरह गजगामिनी वॉक

दीपक चौहान से शादी के बाद आरती सिंह अपनी ज़िंदगी का सबसे बेहतरीन समय बिता रही हैं और उनका सोशल मीडिया सब कुछ बयां कर रहा है। बिग बॉस 13 की फेम अपनी शादी के बाद अपने प्रशंसकों को बहुत-बहुत अपडेट दे रही हैं और प्रशंसक उनके सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़े हुए हैं। नवीनतम पोस्ट में, आरती सिंह ने हीरामंडी से अदिति राव हैदरी की वायरल गजगामिनी वॉक को आजमाया।

आरती ने अपने पति द्वारा पहली बार उपहार में दी गई एक खूबसूरत लाल साड़ी पहनी और खूबसूरत पेरिस में इस गजगामिनी वॉक को आजमाया। वीडियो में आरती सिंह हीरामंडी के संगीत पर चलती हुई दिखाई दे रही हैं और कुछ ही मिनटों में यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। आरती सिंह की वायरल गजगामिनी वॉक पर नेटिज़ेंस ने अपनी प्रतिक्रिया दी। एक यूजर ने टिप्पणी की, सुंदर आप भारतीय सुंदरता का प्रतिनिधित्व करती हैं भारतीय मूल ये हमें दिखाना चाहिए भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। एक अन्य यूजर ने कहा, एफिल टॉवर से सुंदर आप लग रहे हैं।

आरती सिंह अपनी शादी के बाद खुशी-खुशी हनीमून मना रही हैं और दिवा नवविवाहित जोड़े के लिए सभी छुट्टियों के लक्ष्य निर्धारित कर रही हैं। लाल लहंगे में आरती सिंह अब तक की सबसे खूबसूरत दुल्हन लग रही थीं और नेटिज़ेंस ने उनकी पारंपरिक शादी की शैली की तारीफ़ की और उन्हें अब तक की सबसे सुंदर दुल्हन कहा। आरती ने बिग बॉस 13 में अपने कार्यकाल से प्रसिद्धि प्राप्त की और दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज़ गिल के साथ उनकी दोस्ती ने सुर्खियाँ बटोरीं। वास्तव में एक समय ऐसा भी था जब आरती सिंह की भाभी और पूर्व अभिनेत्री कश्मीरा शाह ने आरती और सिड की शादी की इच्छा व्यक्त की थी क्योंकि उन्हें लगता था कि वे एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं। लेकिन वे दोनों हमेशा अच्छे दोस्त बने रहे।

दूसरे धर्म के लड़के की कौन सी खूबी देखकर प्यार में डूबी सोनाक्षी सिन्हा एक्ट्रेस के होने वाले पति ज़हीर इकबाल के बारे में यहां जानें सब कुछ

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को मुंबई में अपने लंबे समय के प्रेमी ज़हीर इकबाल से शादी करेंगी। उनकी शादी से पहले, सोनाक्षी के साथी ज़हीर इकबाल के बारे में फिर से दिलचस्पी बढ़ गई है। जहाँ सोनाक्षी सिन्हा अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा की बेटी हैं, वहीं ज़हीर इकबाल एक गैर-फिल्मी पृष्ठभूमि से आते हैं, और सलमान खान के साथ उनके घनिष्ठ संबंध हैं। उनके पिता एक जौहरी हैं, और उनकी माँ एक गृहिणी हैं। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए ज़हीर की बहन सनम रतनसी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय सेलिब्रिटी स्टाइलिस्टों में से एक हैं।

ज़हीर का जन्म 10 दिसंबर, 1988 को हुआ था। उन्होंने मुंबई के स्कॉटिश स्कूल में पढ़ाई की। कथित तौर पर, उन्होंने सलमान की बहन अर्पिता खान शर्मा के साथ अपनी शिक्षा के बारे में बताया।

ज़हीर को सलमान खान ने 2019 में हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री में लॉन्च किया था। उन्होंने मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल के साथ फ़िल्म नोटबुक से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद, उन्होंने सतराम रमानी के निर्देशन में बनी फ़िल्म डबल एक्सएल में सोनाक्षी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया। 2022 में रिलीज़ होने वाली इस फ़िल्म में हुमा कुरैशी और महात राघवेंद्र भी मुख्य भूमिकाओं में थे।

इसके अलावा, सोनाक्षी और ज़हीर ने उसी साल ब्लॉकबस्टर नामक एक म्यूज़िक वीडियो में भी काम किया। ज़हीर के बारे में पिछले कुछ समय से सोनाक्षी को डेट करने की अफ़वाहें चल रही हैं, हालाँकि दोनों में से किसी ने भी सार्वजनिक रूप से इस रिश्ते की पुष्टि नहीं की है। दोनों को अक्सर विभिन्न कार्यक्रमों और सामाजिक समारोहों में एक साथ देखा जाता है, जिससे उनके रिश्ते के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं।

एक एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के अनुसार, सोनाक्षी सिन्हा और ज़हीर इकबाल की शादी का निमंत्रण एक मैगज़ीन कवर की तरह डिज़ाइन किया गया है और टेक्स्ट में लिखा है अफ़वाहें सच हैं। मेहमानों को औपचारिक रूप से आने के लिए कहा गया है और शादी का जश्न मुंबई के बैस्टियन में होगा। सूत्रों के अनुसार, उनके करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों के अलावा, संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी की पूरी कास्ट को शादी में आमंत्रित किया गया है।

प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का ब्रह्मास्त्र से है कनेशन?

कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर आखिरकार रिलीज़ हो गया है और प्रशंसक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। खैर, ट्रेलर काफी शानदार होने का वादा करता है और निर्माताओं ने बेहतरीन काम किया है। निर्देशक नाग अश्विन स्टारर प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी के किरदार ट्रेलर में आपका दिल जीत लेंगे।

ट्रेलर से पता चलता है कि अश्विन ने महाभारत को फिर से कल्पित किया है और यह सभी प्रशंसकों के लिए एक विजुअल ट्रीट है। ट्रेलर की शुरुआत प्रशंसकों को काशी के बारे में जानने से होती है, जो एक पहाड़ की चोटी पर एक दूर की भूमि है। खैर, दूर-दराज के लोग शाश्वत चटर्जी द्वारा निभाए गए राजा से सहायता प्राप्त करने के लिए शीर्ष पर जाने की पूरी कोशिश करते हैं।

खैर, ट्रेलर की शुरुआत में हम दीपिका पादुकोण के किरदार को देखते हैं, जो एक ऐसे बच्चे को जन्म दे रही है जो भविष्य को बदलने वाला है और एक नए युग का मार्ग प्रशस्त करेगा। वह फिल्म में गर्भवती है और मानती है कि कैलाश के राजा को खतरे का पता है और वह दीपिका के किरदार पर नज़र रखता है। खैर, दीपिका के किरदार को ब्रह्मास्त्र में गर्भवती दिखाया गया था और कल्कि 2898 एडी में उसे अपने पेट में एक बच्चे को ले जाते हुए दिखाया गया है। उसका रणबीर के किरदार से कनेक्शन था और अब उसका भैरव से कनेक्शन है, जो भविष्य में लगता है।

बाद में, ट्रेलर में, प्रभास के भैरव को शिकार करते हुए दिखाया गया है और वह अपने अपराजेय ट्रैक रिकॉर्ड को दिखाता है। यह दिखाया गया है कि उनका किरदार जल्द ही माँ बनने वाली महिला को लेकर आएगा। उसे पता नहीं है कि अश्वत्थामा दीपिका के किरदार की मदद करेगा। क्या भैरव कमल हासन और अमिताभ बच्चन के किरदार से पहले दीपिका के किरदार तक पहुँच जाएगा? मेकर्स ने कमल हासन के किरदार की एक झलक भी दिखाई। क्या दीपिका के किरदार को कमल हासन और अमिताभ बच्चन के किरदार से मदद मिलेगी?

अंतिम संस्कार करने भी नहीं आया नूर मालाबिका दास का परिवार, एक्ट्रेस की मौत पर उठ रहे हैं सवाल! दबाव के बाद अब तोड़ी मौसी ने चुप्पी

अभिनेत्री नूर मालाबिका दास, जो 2023 की वेब सीरीज़, द ट्रायल में काजोल के साथ नज़र आई थीं, अपने मुंबई के फ्लैट में मृत पाई गई। पुलिस ने सोमवार उनकी मौत की पुष्टि की है। पुलिस को संदेह है कि उन्होंने आत्महत्या की है। लेकिन परिवार की चुप्पी और सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक्टिव रहना सस्पेंस बढ़ाता है। अब, टाइम्स ऑफ़ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, उनके परिवार ने कहा है कि दिवंगत अभिनेत्री डिप्रेशन से पीड़ित थीं। नूर मालाबिका दास असम के करीमगंज की रहने वाली थीं। उनकी मौसी आरती दास ने करीमगंज में अपने पारिवारिक घर से मीडिया से बात की, और दिवंगत अभिनेत्री के बारे में कहा, वह अभिनेत्री बनने की बड़ी उम्मीदों के साथ मुंबई गई थीं। हालाँकि, वह इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही थीं। हम समझते हैं कि मालाबिका अपनी उपलब्धियों से असंतुष्ट थीं, जिसने उन्हें यह चरम कदम उठाने के लिए मजबूर किया। नूर मालाबिका दास ने हिंदी फ़िल्मों और वेब सीरीज़ में काम किया। शोबिज में आने से पहले, उन्होंने कतर एयरवेज में एयर होस्टेस के रूप में काम किया। उन्होंने सिसकियाँ, वॉकमैन, तीखी चटनी, जघन्य उपाय, चरमसुख, देखी अनदेखी, बैकरोड हसल जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्हें आखिरी बार काजोल और जीशु सेनगुप्ता की फिल्म द ट्रायल में देखा गया था। रविवार को पुलिस ने उनका अंतिम संस्कार किया एएनआई ने बताया कि नूर मालबिका दास के पड़ोसियों ने उनके घर से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचित किया था और लोखंडवाला में उनके फ्लैट से उनका शव सड़े हुए हालत में बरामद किया गया था। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने 6 जून को लोखंडवाला में उनके फ्लैट से नूर मालबिका दास का शव बरामद किया। कथित तौर पर पुलिस ने घर की तलाशी के दौरान दवाइयाँ, उनका मोबाइल फोन और डायरी जब्त की। मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, उनके परिवार से संपर्क करने के प्रयासों के बावजूद, कोई भी आगे नहीं आया और इसलिए, पुलिस ने शहर में लावारिस शवों के दाह संस्कार को संभालने वाले ममदानी हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट एनजीओ की सहायता से रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया।

13 साल के लड़के ने दी थी आईजीआई एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी, धरा गया

नई दिल्ली, 11 जून (हि.स.)। दिल्ली से कनाडा जाने वाली फ्लाइट में बम होने वाला मेल भेजने वाले 13 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा है। इस बच्चे को



मेरठ से पकड़ा गया है। हैरानी की बात यह है बच्चे ने पूछताछ में बताया कि उसने सिर्फ मजे मजे में ये ईमेल किया था। इसी महीने की चार तारीख को दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में बम रखे होने की एक कॉल से जब अफरा तफरी मची तो सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ गई। अब इस मामले में एयरपोर्ट पुलिस ने 13 साल के एक नाबालिग को पकड़ा है। इस बच्चे ने मेल के माध्यम से ये जानकारी दी थी कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट में बम रखा हुआ है।एयरपोर्ट पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट में बम की जानकारी चार जून की रात को लगभग 11:30 बजे मिली थी। यह फ्लाइट तड़के 5 जून को टेक ऑफ करने वाली थी लेकिन बम की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया और इमरजेंसी घोषित कर विमान की तलाशी ली गई। इसके बाद में यह हॉक्स कॉल घोषित की गई। इधर एयरपोर्ट पुलिस ने जांच शुरू की।इस बीच पुलिस टीम की जांच मेरठ तक जा पहुंची। जहां ईमेल के सोर्स का पता लगा और टीम के लगातार प्रयास के बाद यह पता चला कि ईमेल भेजने वाला 13 साल का एक किशोर है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि फ्लाइट में बम की इस ईमेल का आईडिया उसे मुंबई एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में बम होने की जानकारी होने के बाद आया। उसके बाद उसने इस तरह की ईमेल दिल्ली एयरपोर्ट के फ्लाइट में बम होने के जानकारी के लिए किया। उसे इस बात का अंदेशा था कि पुलिस इस बात की जानकारी नहीं लगा पाएगी कि ईमेल उसने किया है।यह ई-मेल अपने मोबाइल से उसने नकली ईमेल आईडी से किया था और इसके लिए उसने अपनी मां का वाई-फाई लेकर मेल भेजा था।

जम्मू के रियासी में आतंकी हमले के 40 घंटे बाद भी सर्च ऑपरेशन, हाई अलर्ट

जम्मू, (हि.स.)। जम्मू संभाग के रियासी में हुए आतंकवादी हमले में शामिल आतंकियों की तलाश में अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना की टीमें तलाशी अभियान में जुटी हुई हैं। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों की 11 टीमें बनाई गई हैं। खोजी कुत्तों के साथ ही ड्रोन की मदद से पहाड़ और जंगल का चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। रियासी के पोनी-त्रेयाथ बेल्ट के चारों ओर घेराबंदी की गई है। जिले के साथ ही आसपास के जिलों में भी तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने पूछताछ के लिए 20 से अधिक लोगों को उठाया और उनसे पूछताछ की जा रही है। इसी बीच सुरक्षा बलों ने जम्मू और राजौरी जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और आतंकवादी हमले के बाद से ही तलाशी अभियान जारी है।उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक रईस मोहम्मद भट ने कहा कि सुरक्षा बलों को कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की 11 टीमें आतंकवादियों की तलाश में जुटे हुए हैं।

वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव के संकेत! गृह मंत्रालय एनएसजी और आईटीबीपी पर ले सकता है यह बड़ा फैसला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। वहीं, केंद्र सरकार अब वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव करने की योजना बना रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि नए मंत्रियों ने कार्यभार संभालते ही एनएसजी और आईटीबीपी द्वारा एक दर्जन से अधिक उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की सुरक्षा का जिम्मा अन्य अर्धसैनिक बलों को सौंप दिया गया है। पीटीआई ने बताया कि गृह मंत्रालय अब इस बारे में जल्द ही समीक्षा करेगा और कई राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों और कुछ अन्य लोगों को दी गई सुरक्षा को वापस लिया जा सकता है या फिर उसको कम कर दिया जाएगा। वहीं, गृह मंत्रालय इस दौरान एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो को वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी से पूरी तरह से हटा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय अब ITBP के कर्मियों द्वारा दी जा रही सुरक्षा

को हटाकर CRPF और CISF की वीआईपी सुरक्षा शाखा, जिसे विशेष सुरक्षा समूह यानी कहा जाता है उसको सुरक्षा का कमान सौंप सकता है।6 मालूम हो कि हस्त को VIP सुरक्षा कार्य से मुक्त करने की योजना साल 2012 से चल रही है। हालांकि, अभी यह संभव नहीं हो पाया है। दरअसल, NSG ने एक अनुमान लगाया था कि अगर देश में एक ही समय में कई जगहों पर आतंकवादी हमले हो सकते हैं, उस दौरान कमांडो को कई दिशाओं में एक साथ भेजा जा सकता है। मालूम हो कि एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी से हटाए जाने के बाद करीब 450 ब्लैक कैट कमांडो को मुक्त किए जाने की उम्मीद है।

फिलहाल कम नहीं होगी गर्मी की मार, मौसम विभाग की चेतावनी, इन राज्यों में अगले पांच दिन तक चलेगी लू

डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। भीषण गर्मी और लू ने देश के कई हिस्सों को अपनी चपेट में ले रखा है। मौसम विभाग ने बताया कि फिलहाल इससे राहत नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ दिनों तक कई

इलाकों में लू का कहर जारी रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कई दिनों तक विभिन्न राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 11 जून को गांगेय पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर गंभीर उष्ण लहर की स्थिति बनी हुई है। वहीं उत्तराखंड के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में लू की संभावना है।5विभाग के अनुसार 12 जून को भी इन इलाकों में लू से लेकर गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। 13 जून के लिए विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के कुछ हिस्सों, गांगेय पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों, उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में लू और गंभीर लू चलने की संभावना जताई है।

विभाग की मानें तो 14 और 15 जून को भी इन इलाकों में गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है।

इन तारीखों को भी गर्म हवाओं से लेकर लू का कहर जारी रहेगा। हालांकि, इसी बीच कई राज्यों में भारी बारिश की भी संभावना है। आईएमडी के अनुसार असम एवं मेघालय में 13-15 जून, 2024 के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी (64.5-115.5 मिलीमीटर) से लेकर बहुत भारी वर्षा (115.5-204.4 मिलीमीटर) होने की संभावना है। कोंकण एवं गोवा में भी 11 जून, 2024 को अलग-अलग स्थानों पर भारी (64.5-115.5 मिलीमीटर) से लेकर बहुत भारी (115.5-204.4 मिलीमीटर) वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

अन्नपूर्णा देवी ने संभाला महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का कार्य भार

नई दिल्ली (हि.स.)। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। मंगलवार को शास्त्री भवन में सावित्री ठाकुर ने भी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला लिया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा देवी ने ट्वीट करके कहा कि सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नई शुरुआत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए उत्साह और गौरव की अनुभूति कर रही हूं।उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने महिला सशक्तीकरण और बचपन के संरक्षण - संवर्द्धन के स्मरणीय दौर का साक्षात्कार किया है। मेरा प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री की आकांक्षा के अनुरूप देश में वुमेन डेवलेपमेंट के स्थान पर वुमेन लेड डेवलेपमेंट की उपलब्धि प्राप्त करे।

बिहार के बागमती में डूबने से चार बच्चों की मौत, तीन के शव मिले

पटना, (हि.स.)। बिहार में सीतामढ़ी जिले के सुप्पी प्रखंड के अख्ता गांव में मंगलवार की दोपहर बागमदी नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने तीन बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाल लिया है जबकि चौथे बच्चे के शव की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, चारों बच्चे अन्य साथियों के साथ नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान दो बच्चे डूबने लगे, जिन्हें बचाने के लिए दो अन्य बच्चे भी गहरे पानी में चले गए। इसी दौरान चारों डूबने लगे। साथियों को बचाने के लिए अन्य बच्चे चिल्लाने लगे। शोरगुल होने पर गांव के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीआरएफ की टीम और थाने को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इधर, हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि पीड़ित परिवारों को सभी

तरह की सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। फिलहाल, उन्हें निजी कोष से राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। घटना के बाद से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन ने विधायक पद से दिया इस्तीफा, लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड अंतर से दर्ज की थी जीत

गुवाहाटी। सबसे अधिक अंतर से लोकसभा के लिए चुने गए कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन ने मंगलवार को असम विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने उपसभापति नुमाल मोमिन और कई कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी को अपना त्यागपत्र सौंपा।धुबरी से निर्वाचित सांसद को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) द्वारा विदाई भी दी गई। नागांव जिले के सामगुरी से पांच बार विधायक रहे हुसैन मौजूदा विधानसभा में सीएलपी के उपनेता थे। विदाई समारोह में विपक्ष के नेता देवव्रत सैकिया और मुख्य सचेतक वाजिद अली चौधरी, भरत चंद्र नारा, जाकिर हुसैन सिकदर और नंदिता डेका सहित कई वरिष्ठ नेता और विधायक उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए हुसैन ने कहा कि विधानसभा से निकलकर लोकसभा में प्रवेश करते समय उनके लिए मिश्रित भावनाएं थीं। उन्होंने कहा, आज यह गर्व के साथ-साथ दुख का भी क्षण है।

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 85 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया

क्वेटा(हि.स.)। सुरक्षा बलों ने अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने के आरोप में सीमावर्ती चगाई जिले में 85 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान के समाचार पत्र डान में अधिकारियों के हवाले से छपी रिपोर्ट में कहा गया है कि इन नागरिकों के पास कोई यात्रा दस्तावेज नहीं थे। इनको बिना कानूनी यात्रा दस्तावेजों के पाकिस्तान की सीमा के अंदर दबोचा गया। रिपोर्ट के अनुसार यह सभी अफगान नागरिक यहां से ईरान में प्रवेश करने की जुगत में थे। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जांच के लिए उन्हें लेवी बल को सौंप दिया गया है। लेवी अधिकारियों ने कहा कि कानूनी औपचारिकता और प्रक्रिया पूरी करने के बाद अफगान नागरिकों को पाकिस्तान-अफगान सीमा पर बाराचा क्रॉसिंग गेट के माध्यम से निर्वासित किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा पट्टी में अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव पारित किया

न्यूयॉर्क, (हि.स.)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा पट्टी के लिए अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव पारित कर दिया। परिषद के 15 सदस्यों में से 14 ने पक्ष में मतदान किया। रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वह अनुपस्थित रहा। रूस के पास वीटो शक्ति है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने रिपोर्ट में लिखा है कि एक तरह से परिषद ने वाशिंगटन को कूटनीतिक जीत दिलाई है, क्योंकि इससे पहले अमेरिका परिषद के समक्ष पिछले तीन संघर्ष विराम प्रस्तावों को वीटो कर चुका था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पारित होने के बाद संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत सुश्री लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा, ÷हिंसा के इस चक्र को समाप्त करने और टिकाऊ शांति बनाने का एकमात्र तरीका राजनीतिक समझौता है।÷ सुश्री ग्रीनफील्ड ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि इजराइल समझौते पर सहमत हो और कतर और मिस्र हमास को बातचीत की

मेज पर लाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा, ÷सहयोगियो, आज हमने शांति के लिए मतदान किया।÷ इस प्रस्ताव में तीन चरण की योजना बनाई गई है, जो तत्काल युद्धविराम, इजराइली जेलों में बंद फिलिस्तीनियों के बदले में सभी बंधकों की रिहाई, विस्थापित गाजावासियों की उनके घरों में वापसी और गाजा से इजराइली सेना की पूर्ण वापसी के साथ शुरू होती है। दूसरे चरण में दोनों पक्षों की सहमति से स्थायी युद्धविराम का आह्वान किया गया है और तीसरे चरण में गाजा के लिए एक बहुवर्षीय पुनर्निर्माण योजना और मृत बंधकों के अवशेषों की वापसी शामिल होगी। प्रस्ताव में कहा गया है कि यदि पहले चरण की बातचीत में छह सप्ताह से अधिक समय लगता है, तब भी जब तक बातचीत जारी रहेगी तब तक संघर्ष विराम जारी रहेगा।÷ इसमें ÷गाजा पट्टी में जनसांख्यिकीय या क्षेत्रीय परिवर्तन के किसी भी प्रयास को भी खारिज कर दिया गया है।

संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के प्रतिनिधि सुश्री शापिर बेन नफ्ताली ने कहा है कि युद्ध में उनके देश के लक्ष्य नहीं बदले हैं और वह बंधकों को मुक्त कराने के लिए सैन्य अभियानों का उपयोग करेगा। सुश्री नफ्ताली ने परिषद को भरोसा दिलाया है कि अगर हमास नेता सभी बंधकों को मुक्त कर दें और खुद आत्मसमर्पण कर दें, तो एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी।

हमास ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उसने सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में शामिल बातों का स्वागत करता है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंज़्या ने कहा कि परिषद इजराइल के साथ अमेरिका के समझौते के विवरण के बारे में अंधेरे में रही।

बांग्लादेश में केएनएफ के 30 सदस्य बंदरबन से चटगांव सेंट्रल जेल स्थानांतरित

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश में प्रतिबंधित सशस्त्र उग्रवादी और अलगावादी राजनीतिक संगठन कुकी-चिन नेशनल फ्रंट (केएनएफ) के 30 सदस्यों को बंदरबन जिला जेल से चटगांव सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है। इनको बैंक डकैती और बंदरबन के रूमा और थांची उपजिलों में 14 आग्नेयास्त्रों को लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बांग्लादेश पुलिस के अनुसार इन सबको रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) और पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार सुबह चटगांव सेंट्रल जेल भेजा गया। बंदरबन जिला जेल के अधिकारियों ने कहा कि जगह की कमी के कारण दोषियों को स्थानांतरित किया गया है।

बंदरबन में 23 मई और 29 मई को संयुक्त बलों के साथ गोलीबारी में केएनएफ के कम से कम पांच सदस्य मारे गए थे। इससे पहले दो अप्रैल को अलगाववादी समूह ने बंदरबन की रूमा उप जिला शाखा सोनाली बैंक के प्रबंधक एमडी निजामुद्दीन का अपहरण कर 1.5 करोड़ रुपये लूटने की कोशिश की थी। तीन अप्रैल को बंदरबन के थांची उपजिला में सोनाली बैंक और कृषि बैंक में डाका डाला था।

नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर के नेताओं ने बधाई दी

इस्लामाबाद/जोहानिसबर्ग/सिंगापुर,(हि.स.)। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर समेत कई राष्ट्र प्रमुखों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

पीएम मोदी को बधाई देने वालों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बड़े भाई एवं सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख नवाज शरीफ ने नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर सोमवार को शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने पर बधाई दी।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हाल के चुनाव में मोदी की सफलता उनके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मोदी इस अवसर का लाभ दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों के भाग्य को आकार देने में उठाएं।

नवाज ने कहा, तीसरी बार सत्ता संभालने पर पीएम मोदी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। हाल के चुनाव में आपकी पार्टी की सफलता आपके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। आइए हम नफरत को आशा से बदलें और दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों के भाग्य को आकार देने के लिए अवसर का लाभ उठाएं। मोदी ने रविवार को नयी दिल्ली में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन से लौटने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी को बधाई दी। भारत के पड़ोस से शहबाज ही एक ऐसे नेता थे जिन्हें नयी दिल्ली में मोदी के शपथग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने भारत के लोगों के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और उन्हें ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी।

रामफोसा ने भारत के लोगों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने और चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी बधाई दी जो 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में संपन्न हुई।

इस बीच, सिंगापुर के प्रधान मंत्री लॉरेंस वोंग ने भी नरेन्द्र मोदी को उनके फिर से प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

वोंग ने रविवार को अपने भारतीय समकक्ष को लिखे एक बधाई पत्र में कहा कि मोदी ने पिछले दशक में 'भारत के उल्लेखनीय परिवर्तन को बढ़ावा दिया और लाखों लोगों के जीवन का उत्थान किया'।

यूरोपीय संघ के चुनाव में सबसे मजबूत नेता बनकर उभरीं मेलोनी, जी7 शिखर सम्मेलन की करेंगी मेजबानी

मिलान (हि.स)। इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी यूरोपीय संसदीय चुनाव में यूरोपीय संघ की सबसे स्थिर नेता के तौर पर उभरी हैं। मेलोनी इस सप्ताह के सात औद्योगिक राष्ट्रों के समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगी। जर्मन और फ्रांसीसी समकक्षों को यूरोपीय संसदीय चुनावों से झटका लगा है जबकि मेलोनी के दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली को इटली मजबूत होकर उभरी हैं। इससे वह यूरोप में भी एक मजबूत नेता के तौर पर उभरी हैं। मेलोनी के ठोस नतीजों ने इतालवी राजनीति में एक स्थिरता पैदा की है। मेलोनी ने सोमवार को समर्थकों से कहा, मुझे गर्व है कि इटली को जी7 में और यूरोप में सबसे मज़बूत सरकार के रूप में खुद को पेश करते हुए एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी है।

मेलोनी इस सप्ताह अपनी भूमिका को और मजबूत करेंगी, जब वह 13-15 जून को दक्षिणी पुगलिया क्षेत्र में जी7 बैठक का नेतृत्व करेंगी। इस बैठक में वैश्विक संघर्षों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रसार और अफ्रीका पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इटली में दो दिनों के मतदान में ब्रदर्स ऑफ इटली ने 28.8 प्रतिशत इतालवी वोट प्राप्त किये।

वहीं फोर्जा इटालिया ने 9.6 प्रतिशत वोट और लेगा को 9.1 प्रतिशत वोट मिले। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी भी मजबूत हुई और उसे 24 प्रतिशत वोट मिले। परिणाम ने डेमोक्रेटिक पार्टी को मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में फिर से स्थापित किया है।

मियामी में चार मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग, दो घायल

मियामी (हि. स.)। अमेरिका के मियामी शहर में सोमवार सुबह एक चार मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई। इस आग से दो लोग घायल हो गए हैं। शहर के मेयर ने यह जानकारी दी। मेयर फ्रांसिस सुआरेज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुबह करीब 8 बजकर 15 मिनट पर आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन कर्मी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मेयर ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान दो अग्निशमनकर्मी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि दोनों की हालत स्थिर है।

स्थानीय समाचार चैनल पर प्रसारित वीडियो में आग लगने के कई घंटों बाद इमारत से आग की लपटें उठती दिखाई दीं और साथ ही धुएं का गुबार भी उठता दिखा। सुआरेज ने कहा कि 'टेम्पल कोर्ट अपार्टमेंट' में लगी आग के दौरान कई बुजुर्गों को भी बचाया गया और उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। आग लगने की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

डीएम ने परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर के लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई जहां यूपी सिडको द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन बस स्टेशन बदलापुर को जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लेने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास निर्माण सम्बन्धी जो कार्य पूर्ण हो गया है, उसे हैण्डओवर करने के निर्देश दिए गये। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण केन्द्र के सुन्दरीकरण और निर्माण कार्य को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

राजकीय आईटीआई कालेज शाहगंज का कार्य नवम्बर 2023 तक पूर्ण कराना था लेकिन कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका जिस पर ठेकेदार के ऊपर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में रिपोर्ट मांगी। उन्होंने सिद्दीकपुर स्टेडियम में निर्माणाधीन स्वीमिंग पुल, सिंथेटिक रैम्प, सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का रिवाइज स्टीमेट देने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की फोटोग्राफ्स सहित पत्रावली तैयार करें। जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कुत्तुपुर और जगदीशपुर के आगे वाली क्रासिंग के ओवर ब्रीज डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जाए। शकरमण्डी से कुत्तुपरु मार्ग को 1 सप्ताह के भीतर ठीक कराने के निर्देश एक्सईएन जलनिगम सचिन सिंह को दिये। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न परियोजनाओं से सम्बन्धित जमीनी विवादों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए विवादों को समाप्त कराया जाय। जमीन की अनुपलब्धता के सन्दर्भ में आरईएस, एसईएन जल निगम, जल निगम ग्रामीण, पीडब्ल्यूडी तथा डीपीएम सेतु निगम द्वारा भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी समस्या के सर्न्दभ में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय करते हुए समस्या के निस्तारण कराने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि जमीन सम्बन्धी विवाद के कारण कार्य में रूकावट न आने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरुण यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सीएमओ स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक डेंटल हाइजीनिस्ट एवं एक स्वीपर अनुपस्थित पाया गया, जिस पर संबंधित का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण लेने हेतु अधीक्षक को निर्देश दिया गया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की कमी थी एवं गंदगी व्याप्त थी, जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त किया तथा तत्काल साफ-सफाई कराए जाने का निर्देश दिया। चिकित्सालय में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता थी तथा चिकित्सकों द्वारा लोगों को आवश्यक दवाई दी जा रही थी। ओपीडी में आए रोगियों की जांच कम हो रही थी जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रोगियों की यथावशक जांच करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुफ्तीगंज के साथ-साथ जनपद के समस्त चिकित्सालयों को निर्देश दिया कि पूर्व में अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी मंडल वाराणसी द्वारा दिए गए 20 बिंदुओं के दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन कराएं। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक चिकित्सालय के मुख्य गेट पर चिकित्सालय का नाम एवं चिकित्सालय के अंदर सभी डिपार्टमेंट के साइन डिस्प्ले होने चाहिए। पार्किंग, साफ-सफाई, रंगाई पुताई, टॉयलेट की सफाई निरंतर होनी चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर भी उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देशित किया कि ओपीडी में दिखाने आए मरीज में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन लगवाए तथा मरीजों के बैठने की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पीने के पानी की व्यवस्था भी होनी चाहिए। स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित ड्रेस के अनुसार उपलब्ध रहेंगे। बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण आवश्य कराएं और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की अनुमति लें।

कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 12-06-2024 से 19-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 20-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष सायं 04:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

सीमा मौर्या
ग्राम प्रधान- नेवादा
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

प्रदीप सिंह
ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- नेवादा
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानपुर (द्वितीय), वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 12-06-2024 से 19-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 20-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष सायं 04:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

अनीता सिंह
ग्राम प्रधान- सुल्तानपुर (द्वितीय)
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

अजय कुमार
ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- सुल्तानपुर (द्वितीय)
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बैजाबाद, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 12-06-2024 से 19-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 20-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष सायं 04:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

रमेश चौहान
ग्राम प्रधान- बैजाबाद
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

रत्नेश कुमार सोनकर
ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- बैजाबाद
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत राजेपुर (द्वितीय), वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 12-06-2024 से 19-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 20-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष सायं 04:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

अनिल सरोज
ग्राम प्रधान- राजेपुर (द्वितीय)
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

राजेश चौधरी
ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- राजेपुर (द्वितीय)
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

टाटा मोटर्स ने ऑल्ट्रोज़ रेसर लॉन्च किया

मुंबईः भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव निर्माता, टाटा मोटर्स ने आज कंपनी की प्रीमियम हैचबैक के स्पोर्टी अवतार - ऑल्ट्रोज़ रेसर को लॉन्च किया है। 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन की पेशकश के साथ ऑल्ट्रोज़ में प्रदर्शन का पहलू कई पायदान ऊपर जा चुका है। रेस कार से प्रेरित एक्सटीरियर और इंटीरियर लुक के साथ 5500 आरपीएम पर 120 पीएस की पावर और 1750 से 4000 आरपीएम पर 170 एनएम का टॉर्क, ऑल्ट्रोज़ का यह स्पोर्टी अवतार हर ड्राइव को ज्यादा उत्साह से भर देता है।

फीचर्स से भरपूर, रेसर 360 डिग्री कैमरा, 26.03 सेमी इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, वेंटिलेटेड सीटों और 6 एयरबैग (रेसर में मानक) के साथ ऑल्ट्रोज़ का टॉप ऑफ लाइन वर्जन होगा। यह 6 स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स पेश करने वाली एकमात्र हैचबैक है जो शहर के ट्रैफ़िक और राजमार्गों पर पेपी ड्राइवेबिलिटी सुनिश्चित करती है।

एक हैचबैक में बेहतर तकनीक, फीचर्स और श्रेणी में अग्रणी सुरक्षा के साथ, ऑल्ट्रोज़ रेसर तीन वैरिएंट में तीन रंगों (प्योर ग्रे, एटॉमिक ऑरेंज और एवेन्यू व्हाइट) के विकल्प के साथ उपलब्ध होगी।

इसके अलावा, ऑल्ट्रोज़ लाइन अप को मजबूत करते हुए, टाटा मोटर्स ने ऑल्ट्रोज़ रेंज में दो नए वैरिएंट को भी लॉन्च किया है और एक वैरिएंट को अपग्रेड किया है। ये दो नए अतिरिक्त वैरिएंट पेट्रोल मैनुअल, पेट्रोल DCA, डीजल और CNG पावरट्रेन्स के विकल्पों में उपलब्ध होंगे।

भारत में अनुसंधान के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए वाधवानी फाउंडेशन, AICTE और अन्य शीर्ष संस्थानों ने किया समझौता

नई दिल्ली। एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वाधवानी फाउंडेशन ने शैक्षणिक इनोवेशन के व्यावसायीकरण में तेजी लाने के लिए वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एआईसीटीई, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी हैदराबाद, आईआईएससी बैंगलोर और सी-कैम्प के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय फैकल्टी, छात्रों और शोधकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले शैक्षणिक और प्रयोगशाला अनुसंधान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में बदलना है, जिन्हें विभिन्न उद्योगों में बेचा, इस्तेमाल या क्रियान्वित किया जा सके, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य का सृजन हो और समाज को लाभ पहुंचे। वर्तमान में, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक प्रतिशत से भी कम शोध में लगे हुए हैं। शोध और प्रायोगिक विकास में भारत के सकल खर्च में इनकी हिस्सेदारी केवल 9 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय विश्वविद्यालय बाजार-संचालित इन्नोवेशन आउटपुट में पीछे हैं।

WIN-COEs का उद्देश्य घरेलू अनुसंधान और खोजों में तेजी लाना है, ताकि एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा सके जो उन्नत एआई, सिंथेटिक बायोलॉजी एवं बायोइंजीनियरिंग, हेल्थटेक, सेमीकंडक्टर्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्पेसटेक आदि जैसी उभरती टेक्नोलॉजी से समावेशी और न्यायसंगत समाधान प्रदान करे, साथ ही उद्योग, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और सरकार के बीच सहयोग को भी बढ़ावा दे। अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के विज्ञान-संचालित विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पहल ऐसे इन्नोवेशन को बढ़ावा देगी, जो सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से जुड़ी है। इन समाधानों का चयन विशेषज्ञों की एक राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया जाएगा, WIN-COEs उन्हें व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए वित्तपोषण और विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करेगा।

डॉ. अजय केला, प्रेसिडेंट और सीईओ, वाधवानी फाउंडेशन, ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने में इन्नोवेशन और अनुसंधान की बदलावकारी क्षमता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, उन्नत एआई, सिंथेटिक बायोलॉजी, क्वांटम कम्प्यूटिंग, सेमीकंडक्टर्स, हेल्थटेक, और स्पेसटैक जैसी उभरती टेक्नोलॉजी में समावेशी और न्यायसंगत समाधानों के लिए अपार संभावनाएं छुपी हुई हैं। आईआईटी बॉम्बे के साथ हमारे पिछले सहयोग ने लगभग 100 प्रोजेक्ट्स को वित्तपोषित किया, जिनमें से 10 व्यावसायिक रूप से सफल रहे हैं। WIN COEs की स्थापना से ऐसे समाधानों को बढ़ावा मिलेगा और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में उनके अनुप्रयोग को बढ़ावा मिलेगा-जिससे भारत वैज्ञानिक आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

चार आईआईटी, आईआईएससी बैंगलोर, और सी-कैम्प द्वारा स्थापित किए जाने वाले उत्कृष्टता केंद्रों के अलावा, इस पहल के तहत एआईसीटीई के 13 इंडोवेशन सेंटर्स के अलावा देशभर में 100 से ज्यादा अगली श्रेणी के शैक्षणिक संस्थानों के साथ गठजोड़ किया गया है। प्रत्येक WIN-COE (वाधवानी इन्नोवेशन नेटवर्क सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) को 10 लाख डॉलर तक का महत्वपूर्ण वार्षिक वित्त पोषण प्राप्त होगा, जो इन्नोवेशन को बढ़ावा देने के लिए फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। AICTE के साथ प्रतिवर्ष 10 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त जॉइंट इनवेस्टमेंट देश के अगले 100 से अधिक संस्थानों की अनुसंधान और अनुवाद गतिविधियों को समर्थन देगा।

रीजेंसी हेल्थ के डॉक्टर्स ने दुर्लभ पेल्विक ट्यूमर का किया सफल इलाज, मरीज़ को मिला नया जीवनदान

फर्रुखाबाद। मरीजों की देखभाल और इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध प्रमुख स्वास्थ्य संगठन रीजेंसी हेल्थ ने हाल ही में सर्जिकल मेडिसिन के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दरअसल रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड के कंसल्टेंट गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अभिमन्यु कपूर ने एक दुर्लभ ट्यूमर को हटाने के लिए एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस सर्जरी की वजह से 36 वर्षीय पुरुष मरीज की जीवन जीने की उम्मीद जग गई। मरीज को एक साल तक यूरीनरी (मूत्र) और बॉवेल डिस्फंक्शन सहित कई कमजोर करने वाले लक्षणों का सामना करना पड़ा। इसका कारण यह था कि मरीज के मलाशय और मूत्राशय पर एक बड़ा ट्यूमर दबाव डाल रहा था। कई डॉक्टरो को दिखाने और सलाह लेने के बावजूद उन्हें कुछ फायदा नही हुआ। इसके बाद वह रीजेंसी हेल्थ में आए। यहीं सर्जरी के जरिए उनकी बीमारी का समाधान हो पाया।

डॉ. अभिमन्यु कपूर और उनकी समर्पित सर्जिकल टीम को प्रक्रिया के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पेल्विस के अंदर ट्यूमर का गहरा स्थान प्रक्रिया में एक बड़ी बाधा बन गया, जिससे ट्यूमर को सफल तरीके से निकालने की संभावना के बारे में चिंताएँ बढ़ गईं। इसके अलावा ट्यूमर मलाशय और मूत्र प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण संरचनाओं से काफी निकट था। इस वजह से सर्जरी में और भी ज्यादा मुश्किलें आई। इस केस के बारे में बताते हुए डॉ. अभिमन्यु कपूर ने कहा, इस सर्जरी में कई कठिन चुनौतियाँ थीं, लेकिन हम मरीज का इलाज बेहतर ढंग से करने के लिए दृढ़ थे। हमारा लक्ष्य न केवल ट्यूमर को हटाना था, बल्कि आवश्यक शारीरिक कार्यों को बिना नुकसान पहुंचाए मरीज के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखना भी था।

हायर इंडिया ने मैट फिनिश स्टील डोर वाले ग्रेफाइट रेफ्रिजरेटर किए पेश

नई दिल्ली। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी ग्रेफाइट सीरीज का अनावरण किया है। यह स्टील डोर रेफ्रिजरेटर की एक प्रीमियम रेंज है, जिसमें मैट फिनिश और आधुनिक डिजाइन है, जो भारतीय घरों के एस्थेटिक्स को बढ़ाती है। यह सीरीज 205 से 602 लीटर तक की क्षमता में उपलब्ध होगी, यह सीरीज डायरेक्ट कूल, टॉप-माउंटेड, बॉटम-माउंटेड, 2-डोर साइड-बाय-साइड, और 3-डोर साइड-बाय-साइड सहित कई कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है। हायर ने अपने क्रांतिकारी 3-डोर वाईफाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर की रेंज में भी मैट फिनिश सीरीज को पेश की है, जिससे उपयोगकर्ता हाइस्मार्ट ऐप का उपयोग करके कहीं से भी फ्रीजर सेक्शन को फ्रिज में बदल सकते हैं।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट, श्री एनएस सतीश ने कहा, %%हायर में, हमारी स्थायी प्रतिबद्धता ग्राहक-प्रेरित अभिनव समाधान प्रदान करने के इर्द-गिर्द घूमती है जो देश भर में रोजमर्रा की जिंदगी को समृद्ध बनाती है। हमारा रणनीतिक फोकस व्यापक अनुसंधान, अत्याधुनिक तकनीकों और अत्यधिक कुशल निर्माण प्रक्रियाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में सर्वोत्तम श्रेणी के उत्पादों को पेश करने पर केंद्रित है।ग्रेफाइट सीरीज 24,690 रुपये की शुरुआती कीमत पर ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगी। साइड-बाय-साइड रेंज 1,13,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी।हायर इंडिया दीर्घकालिक विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए सभी मॉडलों पर 2 साल की प्रोडक्ट वारंटी और 10 साल की कंप्रेसर वारंटी की पेशकश कर रहा है।

अमेज़न ने लखनऊ में लॉन्च किया Fire TV Stick 4K

लखनऊ, भारत Amazon ने आज लखनऊ में अपने नए Fire TV Stick 4K को 5,999 रुपये में लॉन्च करने की घोषणा की। Fire TV परिवार का यह नवीनतम उत्पाद Amazon का भारत में सबसे शक्तिशाली स्ट्रीमिंग स्टिक है। Fire TV Stick 4K, शानदार अल्ट्रा एचडी पिक्चर क्वालिटी, डॉल्बी विज़न, एचडीआर10 + और डॉल्बी एटमॉस ऑडियो के साथ सिनेमाई 4K कंटेंट के लिए तेज़ स्ट्रीमिंग की पेशकश करता है, जो होम एंटरटेनमेंट के अनुभव को और बेहतर बना सकता है। ग्राहक इस डिवाइस को अपने टीवी के एचडीएमआई पोर्ट से जोड़ कर अपना पसंदीदा कंटेंट देख सकते हैं। ग्राहक कई किस्म के Fire TV Stick, Fire TV Stick yK Max और Fire TV Cube सहित Fire TV डिवाइस पर लोकप्रिय ओटीटी प्रदाताओं, यूट्यूब और अन्य वीडियो ऐप से वीडियो मनोरंजन सामग्री स्ट्रीमिंग का आनंद लेते हैं। आज, देश के 99% पिन कोड में, ग्राहकों ने

Fire TV डिवाइस खरीदे हैं। 2023 में, पठान, जेलर, फ़ज़ी, दृश्यम 2 और रॉकी और रानी, मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में Fire TV पर सबसे अधिक देखे जाने वाले अमेज़न प्राइम वीडियो टाइटल रहे। Alexa का उपयोग कर आवाज़ के ज़रिये खोजे गए लोकप्रिय टाइटल में तारक मेहता का उल्टा चश्मा, बिग बॉस, अनुपमा, रामायण और सीआईडी शामिल रहे। Amazon डिवाइसेज़ इंडिया के महाप्रबंधक, अनीश उन्नीकृष्णन ने कहा Fire TV Stick 4K को हमारे ग्राहकों को स्ट्रीमिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 1.7 गीगाहर्ट्ज क्वाड कोर प्रोसेसर की मदद से तेज़ प्रदर्शन के अलावा, नया Fire TV Stick 4K एलेक्सा को सरल कमांड के ज़रिये विभिन्न किस्म के 12,000 से अधिक ऐप, वॉयस सर्च और कंटेंट कंट्रोल, बेहतर तस्वीर और ऑडियो गुणवत्ता, गेम के लिए इमर्सिव ग्राफिक्स आदि तक पहुंच प्रदान करता है। भारत के टीवी दर्शक Fire TV के माध्यम से हर दिन औसतन चार घंटे अपनी पसंदीदा फिल्में, टीवी शो, क्रिकेट मैच, गेम खेलना, संगीत सुनने आदि का आनंद लेते हैं। यह नया Fire TV Stick 4K अपने 1.7 गीगाहर्ट्ज़ क्वाड-कोर प्रोसेसर के साथ 4K कंटेंट की तेज़ स्ट्रीमिंग, निर्बाध नेविगेशन और त्वरित ऐप लॉन्च प्रदान करता है। इसमें वाई-फाई 6 कम्पेटिबल राउटर, 5 गीगाहर्ट्ज़ और 2.4 गीगाहर्ट्ज़ वाई-फाई बैंड के लिए सपोर्ट है ताकि ग्राहक अलग-अलग इंटरनेट फ्रीक्वेंसी पर कंटेंट स्ट्रीम कर सकें। इसमें शामिल Alexa वॉयस रिमोट Fire TV Stick 4K और कम्पैटिबल टीवी की एक विस्तृत श्रृंखला पर पावर और वॉल्यूम जैसे कुछ फंक्शन को नियंत्रित कर सकता है। ग्राहक अपनी आवाज़ के ज़रिये Alexa की मदद कंटेंट को जल्दी से खोज सकते हैं, चला सकते हैं और नियंत्रित कर सकते हैं। ग्राहक Alexa ऐप के ज़रिये अपने Echo स्मार्ट स्पीकर को अपने Fire TV Stick 4K से वायरलेस से कनेक्ट कर अपना 'Alexa होम थिएटर भी बना सकते हैं। नवीनतम Fire TV 4K Stick ऐपस्टोर के ज़रिये 12,000+ ऐप के माध्यम से दस लाख से अधिक फिल्मों और टीवी शो एपिसोड तक पहुंच प्रदान करता है, जिसमें प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, डिज़्नी + हॉटस्टार, ज़ी 5 और जियो सिनेमा जैसी लोकप्रिय सेवाएं शामिल हैं। ग्राहक डिज़्नी+ हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो के विभिन्न किस्म के कंटेंट देख सकते हैं, जिनमें प्राइम वीडियो Amazon ओरिजिनल, जैसे मिर्ज़ापुर, पंचायत, एस्पिरेंट्स, फैमिली मैन और मेड इन हेवेन शामिल हैं। ग्राहक मिनीटीवी, यूट्यूब और एमएक्स प्लेयर जैसे प्लेटफार्मों से मुफ्त/विज्ञापन वाले कंटेंट का आनंद ले सकते हैं। वे अपने होम स्क्रीन पर डीटीएच सेट-टॉप-बॉक्स से कलर्स, ज़ी, सोनी, स्टार, डिस्कवरी, न्यूज़18, डीडी नेशनल और अन्य लाइव चैनल भी देख सकते हैं।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक ओनिक्स में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की पेशकश की

लखनऊ, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने उत्पासदों में नए-नए प्रयोग करने की रणनीति को लगातार बरकरार रखते हुए अपनी 5 स्टार सुरक्षित गाड़ियों में एक और अपग्रेड किया है कंपनी ने कुशाक ओनिक्स एटी को लॉन्च किया है स्कोडा के फैंस और उपभोक्ताओं को संतुष्टि तथा पैसा वसूल उत्पाद प्रदान करने के उद्देश्य के साथ ओनिक्स को 2023 की पहली तिमाही में मूल रूप से लॉन्च किया गया था। अब स्कोडा ऑटो इंडिया ने उपभोक्ताओं से मिले ताजा फीडबैक के आधार पर कुशाक ओनिक्स का अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया है। इसमें ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन समेत कई नए फीचर्स हैं जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे किफायती ऑटोमैटिक एसयूवी बनाते हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कार में किए गए अपग्रेडेशन के बारे में कहा ओनिक्स वैरिएंट हमारे लाइन-अप में एक महत्वपूर्ण संकलन है। इसमें एक्टिव ट्रिम की वैल्यू के साथ हायर वैरिएंट्स के कई फीचर्स शामिल किए गए हैं। उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर इस नई कुशाक ओनिक्स को लॉन्च किया गया है जो ज्यादा किफायती और उचित मूल्य पर ऑटोमैटिक कार की बढ़ती मांग की ओर इशारा करती है दरअसल जिस कीमत पर कुशाक को उपभोक्ताओं को पेश किया गया है वह इस पूरी श्रेणी में सबसे किफायती एसयूवी बनाता है इस एसयूवी के माध्यम से उपभोक्ताओं को किसी भी परेशानी से मुक्त मालिकाना हक की पेशकश की जाती है। हमारा प्रयास लगातार अपने उपभोक्ताओं के करीब जाना और उनकी बात सुनना है और यह हमारे विकास की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ओनिक्स एटी पहले लॉन्च की गई ओनिक्स की तरह स्कोडा की सबसे अधिक बिकने वाली एसयूवी के मौजूदा एक्टिव और एंबिशन वैरिएंट्स के बीच की गाड़ी है कुशाक ओनिक्स के बाहरी भाग में एंबिशन वैरिएंट्स के फीचर्स की झलक मिलती है। इसमें से एक डीआरएल के साथ स्कोडा क्रिस्टलीन एलईडी हेडलैम्प्स हैं। एसयूवी के फ्रंट फॉग लैम्प्स से ज्यादा दृश्यता और सुरक्षा मिलती है। कार को मोड़ते समय कार के टर्न की दिशा में जगमगाती रोशनी मिलती है, जिससे कार को मोड़ते समय उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से अन्य गाड़ियां दिखती है। एसयूवी के पिछले हिस्से में वाइपर और डिफॉगर है। इस बदलाव के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया में टेक्टन व्हील कवर और बी-पिलर्स में ÷ओनिक्स÷ का बैज बरकरार रखा गया है। ओनिक्स एटी के केबिन में कई महत्वापूर्ण अपडेट्स किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा उपयोगी और टॉप के फीचर्स में हिल होल्ड कंट्रोल और पैडल शिफ्टर्स शामिल हैं। ड्राइवर को अब क्रोम स्क्रोलर के साथ 2 स्पोक, मल्टी फंक्शन, लेदर स्टीरियंग व्हील मिलती है। केबिन में स्कोडा क्लाइमाट्रोनिक के साथ टच पैनल भी है। इसके फ्रंट में स्क्रफ प्लेट में ओनिक्स लिखा हुआ है। इस कार को खरीदने वाले उपभोक्ताओं को केबिन में स्टैंडर्ड ओनिक्स थीम के कुशन और टेक्सटाइल मैट भी मिलती है। ओनिक्स एटी में किए गए सभी नए अपडेट्स में से एक है कि इसमें स्टैंरडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स उपलब्ध कराए गए हैं। ओनिक्स एटी स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रमाणित 1.0 टीएसआई टर्बो चार्ज्ड थ्री-सिलिंडर पेट्रोल इंजन से पावर्ड है। यह 85 किलोवॉट (115 पीएस) की पावर और 178 एनएम का टॉर्क डेवलप करती है और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के अनुकूल है। ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के तहत अक्टूबर 2022 में नए और सख्त प्रोटोकॉल के अनुसार एसयूवी का क्रैश टेस्ट किया गया। इस एसयूवी ने वयस्क यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से 34 में से 29.64 पॉइंट्स हासिल किए और बच्चों की सुरक्षा के लिए 49 पॉइंट्स में से 42 पॉइंट्स हासिल किए।

कैस्ट्रॉल ने भारत में एज उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की

मुंबई। कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने आज कैस्ट्रॉल एज लाइन के तहत उत्पादों की एक नई रेंज लॉन्च की है। ऑन-डिमांड परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किए गए इस प्रीमियम और एडवांस इंजन ऑयल में अब पैसेंजर कार सेगमेंट के लिए तीन नए वैरिएंट मिलेंगे। ये नए वैरिएंट ऑटोमोटिव उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करेंगे।इस लॉन्च का प्रचार एक प्रभावशाली टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन द्वारा किया जा रहा है, जिसका शीर्षक स्टे अहेड है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान शामिल हैं। इस टीवी विज्ञापन का भव्य प्रीमियर 9 जून 2024 को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान टी20 मैच के दौरान हुआ, जिसमें शाहरुख खान को एक नए और रोमांचक अवतार में दिखाया गया है। इसमें कैस्ट्रॉल एज का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया है।कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और मार्केटिंग हेड श्री रोहित तलवार ने कहा, ÷हम शाहरुख खान के इस आकर्षक मल्टीमीडिया कैंपेन के साथ हाई परफॉर्मेंस कार लुब्रिकेंट्स

की अपनी रेंज कैस्ट्रॉल एज को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। यह कैंपेन शाहरुख को खुद के रूप में पेश करता है, उनके जीवन के एक हिस्से को प्रदर्शित करता है, जहां ब्रांड वास्तव में उन्हें फायदा दे सकता है। कैस्ट्रॉल एज की शुरुआत के साथ, इनोवेशन पर हमारा फोकस भारत की कारों से बेहतर परफॉर्मेंस की बढ़ती मांग को पूरा करता है। नई कैस्ट्रॉल एज रेंज में हाइब्रिड से लेकर यूरोपीय कारों और एसयूवी तक के वाहनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए प्रोडक्ट शामिल हैं। ये प्रोडक्ट अत्याधुनिक तकनीक और सबसे बेहतर इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स से भी बेहतर हैं। यह लॉन्च लुब्रिकेंट सेक्टर में हमारी लीडरशिप को मजबूत करता है और हमें विश्वास है कि कैस्ट्रॉल एज इंजन परफॉर्मेंस में एक नया मानदंड स्थापित करेगा और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देगा। इस टीवी विज्ञापन के निर्माण पर चर्चा करते हुए, ओगिल्वी इंडिया के सीसीओ सुकेश नायक ने कहा, ÷हमें कैस्ट्रॉल के लिए कुछ खास करना था। शाहरुख के साथ मिलकर हम उनकी रचनात्मक क्षमता को सबसे बेहतर रूप में दिखाना चाहते थे। फिर हमने खुद से सवाल किया, एसआरके को ऑन डिमांड परफॉर्मेंस की जरूरत क्यों है? और यहीं से स्टे अहेड का विचार आया।

सोने में आई चमक, वहीं सस्ती हुई चांदी

नई दिल्ली। चांदी की कीमत 1400 रुपये गिरकर 90700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 92100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 150 रुपये बढ़कर 71950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। आइए ग्लोबल मार्केट के बारे में भी जान लेते हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 150 रुपये बढ़कर 71950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सोमवार को गोल्ड 71800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।हालांकि, चांदी की कीमत 1400 रुपये गिरकर 90700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 92100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) पिछले बंद से 150 रुपये बढ़कर 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक ओनिक्स में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की पेशकश की

लखनऊ, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने उत्पासदों में नए-नए प्रयोग करने की रणनीति को लगातार बरकरार रखते हुए अपनी 5 स्टार सुरक्षित गाड़ियों में एक और अपग्रेड किया है कंपनी ने कुशाक ओनिक्स एटी को लॉन्च किया है स्कोडा के फैंस और उपभोक्ताओं को संतुष्टि तथा पैसा वसूल उत्पाद प्रदान करने के उद्देश्य के साथ ओनिक्स को 2023 की पहली तिमाही में मूल रूप से लॉन्च किया गया था। अब स्कोडा ऑटो इंडिया ने उपभोक्ताओं से मिले ताजा फीडबैक के आधार पर कुशाक ओनिक्स का अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया है। इसमें ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन समेत कई नए फीचर्स हैं जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे किफायती ऑटोमैटिक एसयूवी बनाते हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कार में किए गए अपग्रेडेशन के बारे में कहा ओनिक्स वैरिएंट हमारे लाइन-अप में एक महत्वपूर्ण संकलन है। इसमें एक्टिव ट्रिम की वैल्यू के साथ हायर वैरिएंट्स के कई फीचर्स शामिल किए गए हैं। उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर इस नई कुशाक ओनिक्स को लॉन्च किया गया है जो ज्यादा किफायती और उचित मूल्य पर ऑटोमैटिक कार की बढ़ती मांग की ओर इशारा करती है दरअसल जिस कीमत पर कुशाक को उपभोक्ताओं को पेश किया गया है वह इस पूरी श्रेणी में सबसे किफायती एसयूवी बनाता है इस एसयूवी के माध्यम से उपभोक्ताओं को किसी भी परेशानी से मुक्त मालिकाना हक की पेशकश की जाती है। हमारा प्रयास लगातार अपने उपभोक्ताओं के करीब जाना और उनकी बात सुनना है और यह हमारे विकास की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ओनिक्स एटी पहले लॉन्च की गई ओनिक्स की तरह स्कोडा की सबसे अधिक बिकने वाली एसयूवी के मौजूदा एक्टिव और एंबिशन वैरिएंट्स के बीच की गाड़ी है कुशाक ओनिक्स के बाहरी भाग में एंबिशन वैरिएंट्स के फीचर्स की झलक मिलती है। इसमें से एक डीआरएल के साथ स्कोडा क्रिस्टलीन एलईडी हेडलैम्प्स हैं। एसयूवी के फ्रंट फॉग लैम्प्स से ज्यादा दृश्यता और सुरक्षा मिलती है। कार को मोड़ते समय कार के टर्न की दिशा में जगमगाती रोशनी मिलती है, जिससे कार को मोड़ते समय उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से अन्य गाड़ियां दिखती है। एसयूवी के पिछले हिस्से में वाइपर और डिफॉगर है। इस बदलाव के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया में टेक्टन व्हील कवर और बी-पिलर्स में ओनिक्स का बैज बरकरार रखा गया है। ओनिक्स एटी के केबिन में कई महत्वापूर्ण अपडेट्स किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा उपयोगी और टॉप के फीचर्स में हिल होल्ड कंट्रोल और पैडल शिफ्टर्स शामिल हैं। ड्राइवर को अब क्रोम स्क्रोलर के साथ 2 स्पोक, मल्टी फंक्शन, लेदर स्टीरियंग व्हील मिलती है। केबिन में स्कोडा क्लाइमाट्रोनिक के साथ टच पैनल भी है। इसके फ्रंट में स्क्रफ प्लेट में ओनिक्स लिखा हुआ है। इस कार को खरीदने वाले उपभोक्ताओं को केबिन में स्टैंडर्ड ओनिक्स थीम के कुशन और टेक्सटाइल मैट भी मिलती है। ओनिक्स एटी में किए गए सभी नए अपडेट्स में से एक है कि इसमें स्टैंरडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स उपलब्ध कराए गए हैं।

ओनिक्स एटी स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रमाणित 1.0 टीएसआई टर्बो चार्ज्ड थ्री-सिलिंडर पेट्रोल इंजन से पावर्ड है। यह 85 किलोवॉट (115 पीएस) की पावर और 178 एनएम का टॉर्क डेवलप करती है और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के अनुकूल है। ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के तहत अक्टूबर 2022 में नए और सख्त प्रोटोकॉल के अनुसार एसयूवी का क्रैश टेस्ट किया गया।

राहुल द्रविड़, जसप्रित बुमराह और सूर्य कुमार यादव ने YiPPee! के नवीनतम अभियान 'YiPPee Toss'! को लॉन्च किया

नई दिल्ली। क्रिकेट के उत्साह के बीच, इंटरनेट पर जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव द्वारा अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर The Toss के बारे में शेयर किए गए रहस्यमय पोस्ट के बारे में जानने की उत्सुकता बढ़ गई। दिलचस्पी तब और बढ़ गई जब खिलाड़ियों की पत्नियों ने भी तुरंत इसके बारे में इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया।

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने यह जानने की इच्छा व्यक्त की कि टॉस आखिर है क्या? लोगों के अलग अलग अनुमान के साथ, इस बातचीत ने सबका ध्यान खींचा और इसे सोशल मीडिया पर लाखों बार देखा गया, जिससे यह वायरल हो गया। इंटरनेट पर यह जानने की उत्सुकता बनी रही कि क्रिकेटर किस बारे में 'टॉस' कर रहे हैं, ब्रांड Sunfeast YiPPee! ने इंस्टाग्राम पर अपने नवीनतम अभियान 'YiPPee Toss' का खुलासा किया, जिससे 'ञद्धद्द ञश्हृह्य' के पीछे की कहानी लोगों को पता चली।

आईटीसी लिमिटेड का एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल और पास्ता ब्रांड, Sunfeast YiPPee! एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटर्स - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव को दिखाया गया है। यह मजेदार अभियान टॉप क्रिकेटर्स की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में पेश करता है और यिप्पी! नूडल्स के यूनिक क्वालिटी के बारे में बताता है जो लंबे और नॉन-स्टिकी हैं।

हाल ही में लॉन्च किए गए टीवीसी में द्रविड़, बुमराह और स्काई को मजेदार अंदाज में दिखाया गया है, जिसमें वे YiPPee Toss के साथ यिप्पी! नूडल्स का इस्तेमाल करके दोस्ताना नोकझोंक को मजेदार तरीके से सुलझाते हैं। यह लंबे और नॉन-स्टिकी नूडल्स के ब्रांड के मुख्य यूएसपी पर एक अभिनव नाटक है। इस अभियान में यिप्पी! को 'इंडियाज चॉइस के रूप में स्थान दिया गया है। कविता चतुर्वेदी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, स्नैक्स, नूडल्स और पास्ता, फूड बिजनेस, आईटीसी लिमिटेड ने इस अभियान के बारे में बात करते हुए कहा, भारत में क्रिकेट एक भावना है और इस खेल और यिप्पी! नूडल्स के स्वादिष्ट स्वाद को एक साथ लाने से हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है।

अमेठी की डीएम निशा अनंत ने की जनसुनवाई

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कूलर में उतरा करंट, चपेट में आने से युवक की मौत

हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा पिड़रा के पिपरही टोले में एक 20 वर्षीय युवक की कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। मंगलवार को परिजनों ने युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पिड़रा गांव के टोला पिपरही निवासी 20 वर्षीय आदित्य यादव पुत्र घनश्याम यादव अपने घर में कूलर चलाकर सो रहा था तभी उसका पैर कूलर में चिपक गया। काफी देर बाद जब उसकी मां बाहर से घर में आई तो कूलर में चिपका देख शोर मचाने लगी। मौके पर पहुंचे आसपास के लोग इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली ले गए, जहां डॉक्टरों ने युवक को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर वहां के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

देह व्यापार में संलिप्त तीन पुरुष व तीन महिला गिरफ्तार

4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत लोहरौला के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत लोहरौला कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत लोहरौला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान-राजेश्री
ग्रा.पं. लोहरौला
वि.खं. भनवापुर

सचिव- हरिराम चौधरी
ग्रा.पं. लोहरौला
वि.खं. भनवापुर

मनरेगा योजना के अन्तर्गत दिखाए जा रहे मजदूरों की संख्या में की जा रही है हेराफेरी

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार देने के नाम पर ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारीयों एवं अधिकारीयों की भारी लापरवाही नजर आ रही है सरकार मनरेगा योजना के तहत गांवों का विकास तथा मजदूरों को काम देकर उन को दो वक्त की रोटी का इनतिजाम कराना चालती है लेकिन सरकारी तंत्र की मनशा और सरकार के इरादे अलग अलग नजर आ रहे है लोगों का ऐसा कहना है कि सरकारी तन्त्र मनरेगा योजना के माध्यम से जाती लाभ ग्रह करनें में व्यस्त हैं। हमीरपुर जनपद की 330 ग्राम पंचायतो में इस झुलसा देने वाली गर्मी जंहा तापमान 40C से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है वहां ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के कर्मचारियों और ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों की सांठ-गांठ से लगभग 20 हजार से अधिक मजदूरों को मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य करते हुए दिखाया जा रहा है जिस की खबरों को समाचार पत्रों में प्रकाशित होनें के उपरांत अचानक लगभग 10 से 12 हजार मजदूरो की संख्या में कमी आई है जब की यदि वेबसाइट में अपलोड फोटो (एनएमएमएस) से मिलान किया जाये तो समझ में आता है की दिन में अपलोड होने वाली फोटो रात को 9 से 10 बजे अपलोड हो रही है और मई-जून में होने वाले कार्य में सर्दियों की फोटो या फोटो की फोटो अपलोड की जा रही हैं या एक ही व्यक्ति को एक ही समय में कई कार्य स्थलों में दिखाते फोटो अपलोड करते शासन और प्रशासन के साथ धोखाधड़ी का खेल खेला जा रहा है जिसमे जाँच अधिकारी आंख बंद कर के जाँच के नाम पर खानापूर्ति करते है। ब्लॉक सुमेरपुर के खण्ड विकास अधिकारी जो कि एक पी0सी0एस0 अधिकारी हैं इसके बाबजूद एक पी0सी0एस0 के नाक के नीचे भ्रष्टचार के खेल को अंजाम दिया जा रहा है और वो हाथ पे हाँथ धरे ऑफिस में.ष्ट का लुफ्त उठाते दिख रहे है और ये कोई मौदहा या सुमेरपुर ब्लॉक में ही नहीं जनपद में समस्त ब्लॉक और जनपद के 330 ग्राम पंचायतो में चल रहा है जिसकी वजह से वास्तविक मजदूरो को रोजगार नही मिल रहा इस लिए वो अपने जीवन यापन करने के लिए दूसरे शहरो के लिए पलायन करने में मजबूर हो रहे है। लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर में भाजपा सरकार की हार के अनेक कारणों में से यह भी एक कारण है जो ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया जब की दस्तावेजो में यहाँ लाखो ग्रामीणों को रोजगार देने का दावा किया जाता है ऐसा नही है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत होने वाले भ्रष्टचार से शासन प्रशासन अनजान हो। ग्राम पंचायत उमरी ब्लॉक मुस्करा में 400 से अधिक मजदूरों को कार्य दिखाया जा रहा है जिसमे फोटो सर्दियों की और फोटो की फोटो और रात्रि 7 से 9 बजे अपलोड होने का मामला है गुहाण्ड ब्लॉक में तो अंधेर करते एक ही फोटोग्राफ सभी मास्टर रोल में अपलोड करते सरकारी धनराशि को ग़बन करने का कार्य किया जा रहा है वही गिरवर गाँव ब्लॉक राठ में तो बिना धरातल में कार्य कराये क्षेत्र पंचायत के लोगो द्वारा लाखो की धनराशि ग़बन कर ली जिसमे दो अलग अलग जाँच टीम बिलकुल विपरीत आख्या लगाते दिखे जिसमे ब्लॉक स्तर के जाँच अधिकारी मौके में कार्य दिखा रहे है और राजस्व विभाग द्वारा धरातल में कार्य न होने कि पुष्टि करते रिपोर्ट उच्च अधिकारियो को भेज दी है और ब्लॉक मौदहा जो की मनरेगा और फर्जी मजदूरी के कार्य कराने में प्रथम स्थान में रहता है उसमे जरुर थोडा सुधार हो रहा है जहाँ अब मृतको और नाबालिक बच्चों के नाम हटाते हुए मात्र गाँव में रहनें वाले फर्जी मजदूरो के माध्यम से ही कार्य दिखाए जा रहे हैं।

ब्लाक कार्यालय का वाटर कूलर खराब कर्मचारी फरियादी परेशान

भरुआ सुमेरपुर। विकासखंड कार्यालय प्रांगण में लगा फीजर भीषण गर्मी में खराब होने से कर्मचारियों सहित फरियादियों को गला तर करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद खंड विकास अधिकारी ने इसको ठीक करना मुनासिब नहीं समझा है। विकासखंड कार्यालय प्रांगण में मनरेगा कंप्यूटर सेल के समीप प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगा है। यह वाटर कूलर कई माह से खराब पड़ा है।इसके खराब होने से ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी प्यास बुझाने के लिए घरों से पानी लेकर आते हैं। वही ब्लॉक कार्यालय में आने वाले फरियादियों को प्यास बुझाने के लिए इधर से उधर भटकना पड़ता है। ब्लॉक कर्मी साहिबलाल, रामनरेश, यशवंत, गुड्डू कुशवाहा, अमोल सिंह आदि ने बताया कि वाटर कूलर खराब होने से घरों से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वाटर कूलर खराब होने की शिकायत मई माह में प्रभारी खंड विकास अधिकारी/ डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार से की गई थी। परंतु उन्होंने इसको ठीक करना मुनासिब नहीं समझा।

प्रधान संघ ने की गेट वे पेमेन्ट पोर्टल सिस्टम में सुधार की मांग

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुये ग्राम पंचायत में गेट वे पेमेन्ट पोर्टल सिस्टम से ग्राम प्रधान व सचिव को हो रही परेशानियों के दृष्टिगत समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि गेट वे पेमेन्ट पोर्टल सिस्टम जनता द्वारा चयनित प्रधानों की पंचायतीराज एक्ट में वर्णित प्राविधानों के खिलाफ है तथा इससे प्रधानो की घोर हकतल्फी भी हो रही है। इसलिए उक्त आदेश को निरस्त कर पूर्ववत प्रधान व सचिव के माध्यम से ही पेमेन्ट कराये जायें। इसके अलाबा मनरेगा मजदूरों व मैटेरियल भुगतान समय से करवाये जाने की भी मांग की गयी है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानों से सम्बन्धित अन्य समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। इस मौके पर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ के मण्डल उपाध्यक्ष आनन्द अशोक सचान, सविता यादव, शिवशरण प्रजापति, अशोक यादव, अनुरुद्ध सिंह, श्यामकुंवर, लालाराम यादव, जयनरायन, जीवन, राजेश्वरी यादव, रामेश्वर निषाद, जीतेन्द्र खरे, शिवप्रकाश, ममता तिवारी, रामपाल सिंह सहित अनेक ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

कुम्हारी/माटीकलां के कारीगरों को मिलेगा रोजगार

फिरोजाबाद। उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा माटीकलां बोर्ड का गठन किया गया है, एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा जनपदों को लक्ष्य आवंटन किये गये है, इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हो रहे नुकसान के परिपेक्ष्य में प्लास्टिक निर्मित वर्तनो का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है, इसके विकल्प के रूप में मिट्टी से निर्मित पात्रों का उपयोग व कुम्हारी कलां को बढावा देने के लिए माटीकलां से सम्बन्धित परम्परागत कारीगरों को वर्तमान में प्रशिक्षित कराते हुए, माटीकलां के उत्पादों को विपणन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिसके लिए विभाग द्वारा माटीकलां के कारीगरों को निशुल्क टूल किट्स का वितरण किया जायेगा, इच्छुक अभ्यर्थी के लिए ऑनलाइन ऋण आवेदन की सुविधा है। जिसकी वेबसाइट नचउंजपांसंइवंतक.पद पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी एवं मो0 नं0 9580503124 से सम्पर्क कर सकते है।

आपसी सौहार्द खराब करने वालों पर हिंदू मुस्लिम समाज ने की कार्यवाही की मांग

अवधनामा संवाददाता

राठ। नगर हमेशा से आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है। लेकिन कुछ अराजक तत्वों द्वारा नगर के माहौल को खराब करने की कोशिश की जा रही थी। ईद उल अजहा का त्योहार नजदीक होने को लेकर नगर की ईदगाह की जमीन पर बेरिकेडिंग का काम हो रहा था। जो कि उसी ईदगाह की गाटा संख्या की भूमि पर है। जिसे अवैध निर्माण बोलकर कुछ अराजकतत्वों द्वारा नगर में झूठी अफवाह फैलाई और प्रशासनिक अधिकारियों को गलत सूचना देकर माहौल खराब करने की कोशिश की गई। जिसको लेकर आज राठ नगर के हिन्दू और मुस्लिम समाज के लोगों ने राठ एसडीएम से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही ईदगाह के सारे कागज देने के बाद उन्होंने उच्चाधिकारियों को ज्ञापन देकर नगर का आपसी भाईचारा और सौहार्द खराब करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की ।

इस मौके पर शहर पेश इमाम शाकिर अली मौलाना,ईदगाह कमेटी अध्यक्ष डॉ सुल्तान बेग,डॉ फीरोज खान, सपा नेता दानिश खान ,प्रताप राजपूत, फ़ज़ल अहमद, अधिवक्ता जय सिंह राजपूत, सलीम अहमद खान, डॉ शमीम खान,राशिद वारसी, पूर्व सभासद इनायत खान,सप्पू भाई,सभासद नरगिस चच्ची, सपा नगर अध्यक्ष मेराज राइन,सहजाद मंसूरी ,अकील अहमद, सपा की लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव रीतेश राजपूत ,अबरार खान, लाल खान, कामता राजपूत , रईस पठान, शरीफ खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एक जुलाई से कानपुर खजुराहो के मध्य चलेगी मेमू ट्रेन

अवधनामा संवाददाता

मेमू के संचालन से यात्रियों की होगी सुविधा

भरुआ सुमेरपुर। उत्तर मध्य रेलवे आगामी एक जुलाई से कानपुर खजुराहो के मध्य मेमू ट्रेन का संचालन शुरू करेगा। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से जारी की गई सूचना के अनुसार रेलवे कानपुर मानिकपुर मेमू ट्रेन की तरह कानपुर खजुराहो मेमू ट्रेन संख्या 04143 एवं 04144 का संचालन प्रतिदिन कानपुर से खजुराहो तथा खजुराहो से कानपुर के मध्य करेगा। इसके संचालन से यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा होगी। बता दें कि अभी रेलवे कानपुर खजुराहो के मध्य सुबह शाम पैसेंजर ट्रेन का संचालन करता है। सुबह 5 बजे पैसेंजर ट्रेन खजुराहो से चलकर महोबा, बांदा, रागौल, भरुआ सुमेरपुर, घाटमपुर होकर कानपुर पहुंचती है यही पैसेंजर ट्रेन शाम को 4.20 बजे कानपुर सेन्ट्रल से रवाना होकर बांदा, महोबा होकर रात को खजुराहो पहुंचती है। दैनिक यात्री बबलू वर्मा, रंजीत कुमार, महेश कुमार, जगदीश, राजकुमार, धीरू यादव, गुड्डू आदि ने कहा कि अगर कानपुर खजुराहो के मध्य मेमू ट्रेन चलती है तो इससे यात्रियों को सुविधा होगी और समय भी बचेगा क्योंकि मेमू ट्रेन के संचालन से समय की बहुत बचत होती है और यात्रियों को असुविधा नहीं होती।

सपा छात्र सभा के पदाधिकारी ने किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी द्वारा- NEET लीक व दोबारा परीक्षा कराए जाने को लेकर किया विरोध प्रदर्शन राष्ट्रपति नामित ज्ञापन डीएम प्रतिनिधि को सौप कर बुलंद की आवाज। वही अमरेश यादव सपा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्रसभा सपा ने बताया कि पूरे देश में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में ली जानेवाली नीट (NEET) परीक्षा (पूर्व में CPMT/PMT के नाम से प्रचलित) के रिज़ल्ट में सैकड़ों अभ्यर्थियों के 10 प्रतिशत नंबर आए हैं। इनमें भी एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ 100 प्रतिशत नंबर आना, एक बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। भाजपा राज में परीक्षाएं अवैधानिक तरीके से प्रश्न पत्र लीक कराने, छद्म लोगों से पेपर दिलवाने, सेंटर की सेटिंग करवाने और रिजल्ट को मैनेज करने जैसे धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अधिकतर परीक्षाओं में लगभग एक जैसा ही घपला होना कोई संयोग नहीं हो सकता। इससे देश का युवा व्यवस्था में विश्वास खोने लगा है। युवाओं की हताशा का मतलब है कि भविष्य हताश है। ये भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामियों में से एक है। इस मामले का स्वतः आप संज्ञान लें और इसके लिए दोषी लोगों को सख्त सज़ा देकर, भविष्य में इस प्रकार के दोहराव की किसी भी आशंका को निर्मल करें। ये निंदनीय है। अतः आपसे निवेदन है कि जितनी जल्दी सम्भव हो इस परीक्षा को दोबारा कराने का आदेश न्यायालय के माध्यम से दें। इस मौके पर अरविंद यादव अजय कुमार मुकेश जायसवाल रितेश सिंह नरेंद्र यादव नागेंद्र सहित आज लोग मौजूद रहे।

नाली नाले का साफ-सफाई कराए सफाई नायकः रूबी

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। रावटसगंज नगर पालिका क्षेत्र के 25 वार्ड में स्थित नाली व नाले के साफ सफाई को लेकर मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारी व सफाई नायक को दिए खड़े दिशा निर्देश। वही रूबी प्रसाद ने बताया कि बरसात से पूर्व ही नगर पालिका क्षेत्र के सभी बड़े नाले व नालियों की साफ सफाई बेहतर तरीके से कराकर अवगत कारए सफाई नायक किसी भी प्रकार से किसी वार्ड में कोई भी नाली या नाला साफ सफाई से वंचित न रहे जिसको लेकर सभी सभासदों को बतलाया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के नाली नाला को चेक कर संबंधित जानकारी हमको अवगत कारए जिससे की बरसात से पूर्व सभी की साफ सफाई हो सके आने वाली बरसात में किसी भी प्रकार से पानी का जमावड़ा ना हो जिसको लेकर युद्ध स्तर पर साफ सफाई कर किया जा रहा है । इस प्रकार सभासद मनोज चौबे, सुनील सिंह राजन गुप्ता संजय जायसवाल अमित दुबे अजय गुप्ता सफाई नायक आकाश रावत अनिल आदि मौजूद थे।

किसी की चाहत आर्मी में जाने की, तो कोई करना चाहता है मानव सेवा

एनटीपीसी विंध्याचल जेम 2024 की बच्चियों से रूबरू हुये मीडिया प्रतिनिधि

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की बालिकाओं से मीडिया प्रतिनिधियों ने चर्चा की। इस दौरान ग्रामीण बालिकाओं ने ग्रामीण बालिकाओं ने बहुत ही आत्म विश्वास के साथ अपने लक्ष्य एवं कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कुछ बालिकाओं नें बताया की बड़े होकर भारतीय सेना के माध्यम से देश की सेवा करने का है तथा कुछ बालिकाओं नें चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर मानव सेवा को अपना लक्ष्य बनाया है। वहीं कई बालिकाएँ खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों को भी अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने का कार्य कर रही है, जिसमें उन्हें एनटीपीसी का यह अभियान मददगार साबित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने ग्रामीण बलोकाओं को प्रोत्साहित करते हुये उन्हें पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन, स्वच्छता अभियान के साथ-साथ खेल कूद पर भी विशेष रुचि लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री इ सत्य फणि कुमार , मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक(हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन) पार्था नाग, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) आशुतोष सत्पथी, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण के साथ-साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय शिक्षकों का ओरिएंटेशन हुआ सम्पन्न

टूंडला। श्रीचौतन्य टेक्नो स्कूल में तीन दिवसीय शिक्षक की ओरिएंटेशन पूर्ण हुई। जिसमें श्री चौतन्य की छह ब्रांचो ने हिस्सा लिया। जिसमें बरेली,लखनऊ 1, लखनऊ 2,आगरा 1,आगरा 2, तथा फिरोजाबाद है जिसमें सभी शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ओरिएंटेशन के लिए सभी रिसोर्स पर्सन का हैदराबाद से आगमन हुआ तथा उन्होंने सुचारू रूप से ओरिएंटेशन का आयोजन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिव नागरानी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय शिक्षण बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय शिक्षण सीखने की एक विधि है, जिसमें विद्यार्थी सक्रिय रूप से अपनी सभी ज्ञानेन्द्रियों का प्रयोग करके अनुभवात्मक रूप से सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं।

अवैध छुरी के साथ एक पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध छुरी सहित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन तलाश व दविश वांछित अपराधी के दौरान मुखबिर की सूचना पर लालपुर मण्डी गेट के सामने से अभियुक्त सुहैब उर्फलाला पुत्र चाँद निवासी मोमिन नगर निकट आयशा मस्जिद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को एक अदद अवैध छुरी के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 248/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार पवार, उपनि0 अजय सिह, आरक्षी 1576 पवन, आरक्षी 1169 रामगोपाल थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

दिनदहाड़े फायरिंग करने वाले दो बदमाशों सहित पुलिस ने चार को दबोचा

अवधनामा संवाददाता

राठ/हमीरपुर। विगत आठ जून की सुबह नगर के मुहल्ला पठानपुरा अंबेडकर चौराहा के पास स्थित लठा फर्री की दुकान पर फायरिंग करने वाले दो व उनके दो साथियों को कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचों व करातूसों सहित पकड़ लिया। जिनपर पुलिस ने आपराधिक षडयंत्र रचने व आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाकर उन्हें जेल भेज दिया है।

राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि विगत आठ जून की सुबह नगर के मोहल्ला पठानपुरा अंबेडकर चौराहे में मुख्य मार्ग के किनारे स्थित प्रेमपाल सिंह पुत्र स्व0 दयाराम के बाड़े में रखी लठा फर्री की बाँस की टप्पर से बनी दुकान पर दो नकाबपोश बदमाशों ने अवैध तमंचों से दो फायर किये थे। जिसकी पीड़ित ने राठ कोतवाली में दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि बीती शाम राठ कोतवाली के एसआई विनेश गौतम, एसआई यूटी सुरेंद्र कुमार, सिपाही मनीष पाल, विजय प्रताप यादव व शिवम कुमार जलालपुर रोड के पास से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास गस्त पर थे। तभी चार युवक पुलिस को देख भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दौड़ लगाकर पकड़ लिया। पूंछताछ में दौनों युवकों ने अपने दो अन्य साथियों के कहने पर रुपया लेकर फायरिंग करने की बात कही और उन्होंनें अपने नाम कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गाँव निवासी निखिल राजपूत पुत्र स्व0 देवेंद्र, आशीष राजपूत उर्फ अस्सू पुत्र जय सिंह व स्वतंत्र राजपूत पुत्र रामेश्वर तथा ग्राम कुर्रा निवासी मुमताज पुत्र रहीम बख्श बताया है। जिनके पास से पुलिस ने चार अवैध तमन्चे, तीन करातूस, पांच खोखे सहित चार हजार नौ सौ रुपया बरामद किया है। जिनके ऊपर पुलिस ने अतिरिक्त धारायें बढ़ाकर उन्हें जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि निखिल, आशीष उर्फ अस्सू व मुमताज के ऊपर कई-कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मुठभेड़ में दबोचा

सिरसागंज। थाना सिरसागंज के कठफोरी क्षेत्र में जन सेवा केंद्र के संचालक पर तमंचे से फायर कर घटना को अंजाम देकर भागने वाले आरोपियों के साथ मंगलवार को पुलिस की मुठभेड़ हुई।मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी सौरभ के पैर में गोली लगी। बताया गया मोटरसाइकिल टकराने को लेकर बाइक चालको में आपस में विवाद हुआ था इसके बाद जन सेवा केंद्र के संचालक ने दोनों युवकों को आपस में लड़ने से मना किया था और वहां से भगा दिया था।

नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत एवं बैठक 13 जून को होगा

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। मंगलवार को जन अधिकार पार्टी जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य ने प्रेस को जारी बयान में बताया की 13 जून 2024 दिन बृहस्पतिवार को, इंडिया गठबंधन से लोकसभा सभा क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज के नवनिर्वाचित सांसद छोटेलाल सिंह खरवार का जन अधिकार पार्टी जनपद- सोनभद्र द्वारा स्वागत कार्यक्रम *रॉबर्ट्सगंज के सिंचाई डाक बंगला में समय प्रातः 09.30 बजे से किया जाना सुनिश्चित है साथ मे जन अधिकार पार्टी की बैठक भी होगी जिसमें संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा किया जाएगा।

बैठक में जन अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ0 भागीरथी सिंह मौर्य,एवं वाराणसी मंडल प्रभारी मा0 सुमंत सिंह मौर्य भी उपस्थित रहेंगे ।

अतः निवेदन है कि जिला इकाई सोनभद्र एवं विधानसभा इकाई घोरावल, रॉबर्ट्सगंज, ओबरा तथा दुद्धी के समस्त पदाधिकारी, अनुशांगिक संगठनों के पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओ से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में पहुँच कर अपने नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत करते हुए बैठक को सफल बनाए । निवेदन है कि निर्धारित समय पर अवस्य पहुँचे क्योकि सांसद को अन्य कार्यक्रमो में जाना है।

बालिकाओं को सशक्त बनाने का अभियान है जेमः फणि कुमार

पर्यावरण संरक्षण एवं विस्थापित कल्याण के लिए वचनबद्ध है विंध्याचल

जेम 2024 के परिपेक्ष्य में कार्यकारी निदेशक ने की मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। बालिका सशक्तिकरण अभियान ग्रामीण बालिकाओं को उनकी प्रतिभा को निखारने का उत्तम मंच है। बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से अभी तक 5000 से अधिक बालिकाओं को सशक्त एवं शिक्षित किया जा चुका है। यह अभियान एनटीपीसी के 50 परियोजनाओं में सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है।यह बातें एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार ने कहीं। कार्यकारी निदेशक आज उमंग भवन में बलिका सशक्तिकरण अभियान 2024 के परिपेक्ष्य में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी वीएसआर का पायलट प्रोजेक्ट है जो वर्ष 2018 में एनटीपीसी के विंध्याचल, सिंगरौली और रिहंद परियोजनाओ में प्रारम्भ किया गया था। इस अभियान की सफलता को देखते हुये अब यह अभियान एनटीपीसी की 50 परियोजनाओं में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं को हर क्षेत्र में एवं उन्नत बनाने का लक्ष्य है जिससे यह बालिकाएँ अपने क्षेत्र में रोल मॉडल का कार्य कर अन्य बालिकाओं को भी हुनरमंद बना सकें। श्री कुमार नें बताया कि इस वर्ष इस अभियान में परियोजना के आस-पास के 18 शासकीय विद्यालयों की 120 5वीं पास ग्रामीण बच्चियों को शामिल किया गया है। इन बच्चियों को योग्य एवं प्रशिक्षित महिला प्रशिक्षकों द्वारा अलग-अलग विधाओं के साथ-साथ पढ़ाई की भी शिक्षा दी जा रही है। चार सप्ताह के इस आवासीय प्रशिक्षण का समापन 14 जून 2024 को किया जाएगा। मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद के दौरान कार्यकारी निदेशक नें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं ग्रामीण क्षेत्र में चलाई जा रही जनकल्याणकरी योजनाओं की जानकारी देते हुये बताया कि विंध्याचल पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव संकल्पित है। कार्यकारी निदेशक ने बताया की सयंत्र से निकलने वाली फ्लाई ऐश की शत प्रतिशत उपयोगिता प्रारम्भ से ही चुनौती रही है परंतु, विंध्याचल में फ्लाई ऐश का अधिकतम उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया है और वर्ष 2027 तक शत प्रतिशत फ्लाई ऐश का उपयोग करने की कार्य योजना है। जिसके तहत एनसीएल की बंद पड़ी गोरबी खदान में फ्लाई ऐश का भराव किए जाने संबंधी एमओयू किया गया है। कार्यकारी निदेशक नें बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो एवं विस्थापितों के कल्याण के लिए विंध्याचल हर संभव प्रयास कर रहा है वहीं हाल ही में सम्पन्न हुये स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर साफ-सफाई एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गये।

इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारम्भ में विंध्याचल मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा नें कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा सहित उपस्थित अन्य महाप्रबन्धकगणों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुये कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा परियोजना की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई एवं वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) कामना शर्मा ने परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत किए गये कार्यों के बारें में एवं आगामी कार्य योजना के बारें में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक (नैगम संचार) शिक्षा गुप्ता नें किया।

पति पर क्रूरता साबित हो तो मंजूर होना चाहिए तलाक

37 साल पुराना विवाह भंग, अदालत ने पलटा फैसला

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पारिवारिक विवाद के एक अहम फैसले में कहा कि पति के खिलाफ क्रूरता साबित होने पर उसका तलाक का वाद डिक्री (मंजूर) होना चाहिए था, न कि पत्नी की ओर से दाखिल दांपत्य संबंधों के निर्वहन का दावा। कोर्ट ने पारिवारिक अदालत लखनऊ के उस निर्णय को पलट दिया जिसमें पति के खिलाफ साफ तौर पर क्रूरता के सबूत होने के बावजूद पति का पत्नी से तलाक लेने के दावे को खारिज कर पत्नी के दांपत्य संबंधों के निर्वहन का दावा मंजूर किया गया था।

कोर्ट ने इस अहम नजीर के साथ पति पत्नी के बीच 37 साल पहले हुए विवाह को भंग कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने पति द्वारा दाखिल दो अपीलों पर दिया। इनमें पारिवारिक अदालत लखनऊ के उस फैसले और आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें पति के खिलाफ साफ तौर पर क्रूरता के सबूत होने के बावजूद पति का पत्नी से तलाक लेने के दावे को खारिज कर पत्नी के दांपत्य संबंधों के निर्वहन का दावा मंजूर किया गया था। पति का कहना था कि वर्ष 1986 में उसका विवाह हुआ था। पति का आरोप था कि बच्चे होने के बाद उसकी पत्नी उसके साथ क्रूरतापूर्ण आचरण करने लगी। जिसमें उसे बाथरूम में बंद करना, बच्चों के सामने माता पिता को गाली देना आदि शामिल था। इससे क्षुब्ध होकर पति ने वर्ष 2012 में पारिवारिक अदालत में तलाक का दावा दाखिल किया। पति का कहना था इसके बाद पत्नी ने घरेलू हिंसा के आरोपों समेत गुजारा भत्ता मांगने के मुकदमे उसके खिलाफ दाखिल किए। इनमें पत्नी ने दांपत्य संबंधों के निर्वहन का दावा भी दाखिल किया।

पारिवारिक अदालत ने हालांकि, पति का क्रूरता का दावा आंशिक रूप से मना लेकिन पति पत्नी के अलग रहने का पर्याप्त सबूत नहीं पाया। अदालत ने पत्नी के पक्ष में टिप्पणी करते हुए पति के तलाक के दावे को खारिज कर पत्नी के दांपत्य संबंधों के निर्वहन का दावा मंजूर कर लिया था। पारिवारिक अदालत के इसी फैसले और आदेश के खिलाफ पति ने दो अपीलें दाखिल कर चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत के फैसले में पत्नी द्वारा पति के खिलाफ क्रूरता का मत साफ था। इस मत का तर्कसंगत परिणाम तलाक का दावा मंजूर किया जाना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि अगर क्रूरता साबित थी तो ऐसे में क्रूरता की दोषी पत्नी दांपत्य अधिकारों के निर्वहन की पात्र नहीं थी। ऐसे में पारिवारिक अदालत को कानूनी प्रावधानों के तहत तलाक का दावा मंजूर करना चाहिए था और दांपत्य अधिकारों के निर्वहन के दावे को खारिज किया जाना चाहिए था। ऐसा न करके पारिवारिक अदालत ने तथ्यों और कानून के तहत त्रुटि की। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने दंपती के विवाह को भंग कर अपीलें मंजूर कर लीं।

बसपा को बड़ा झटका : दस साल में आधा रह गया जनाधार

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बीते 10 साल में उसका जनाधार आधा खत्म हो चुका है। इतना ही नहीं, इस चुनाव में प्रदेश की 17 सुरक्षित सीटों पर उसके 21 लाख से ज्यादा वोट कम हो गए, जो प्रत्याशियों की हार की वजह बन गए। ये वोट सपा-कांग्रेस गठबंधन को ट्रांसफर होने के कयास लगाए जा रहे हैं। बसपा के बीते तीन लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन पर नजर डालें तो सामने आता है कि वह अपने काडर वोटबैंक को सहेज कर रखने में भी नाकामयाब साबित हुई है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा को कुल 1,59,14,194 वोट मिले थे, जो इस बार सिमट कर महज 82,53,489 रह गए। पार्टी का आधा वोटबैंक चुनाव-दर-चुनाव विपक्षी दलों के पाले में चला गया। यही वजह है कि बसपा को चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। बसपा का सुरक्षित सीटों पर बुरा हाल हुआ है। वर्ष 2014 के चुनाव में उसे सुरक्षित सीटों पर 39,71,139 वोट मिले थे, जबकि हालिया चुनाव में उसे इन सीटों पर केवल 18,24,322 वोट ही मिले हैं।

सीएमएस में विशाल भण्डारे का आयोजन साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारे का दिया संदेश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ज्येष्ठ के तृतीय बड़े मंगल के पावन अवसर पर आज सिटी मोन्टेसरी स्कूल के प्रधान कार्यालय पर विशाल भण्डारा का आयोजन किया। भण्डारे का शुभारम्भ भगवान श्री राम के गुणगान एवं पवनपुत्र श्री हनुमान जी के पूजन व आरती से हुआ। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने श्री हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं सभी भक्तजनों को बड़े मंगल की हार्दिक बधाईयाँ व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डा. गाँधी ने कहा कि पवनपुत्र श्री हनुमान जी का भण्डारा सामाजिक समरसता को बनाये रखने के साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश भी है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अवसर पर लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया, साथ ही भण्डारे से सम्बंधित विभिन्न कार्यों में हाथ बँटाकर साम्प्रदायिक सौहार्द व सेवा भावना की अभूतपूर्व झलक प्रस्तुत की। भण्डारे में उमड़ी भक्तजनों की भारी भीड़ ने आध्यात्मिक उल्लास का अभूतपूर्व वातावरण सृजित किया तथापि भक्तजनों का भारी उत्साह देखने का मिला। इस अवसर पर सी.एम.एस. के वरिष्ठ अधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरण किया। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. का यह विशाल भण्डारा परम्परा एवं आस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने के साथ ही समाज में एकता, शान्ति, सद्भावना व सौहार्द का सतत् प्रयास है। सी.एम.एस. अपने छात्रों को सर्वधर्म समभाव की शिक्षा देता है एवं यह भण्डारा भी इसी भावना की एक कड़ी है।

कुर्बानी का जानवर खोने पर दूसरा जानवर खरीद कर करें कुर्बानी

अवधनामा ब्यूरो

बकरे की उम्र कुर्बानी के दिन कम से कम एक साल होना चाहिए

लखनऊ। अगर कुर्बानी का जानवर खो जाए तो ऐसे में अगर कुर्बानी कराने वाला साहिबे निसाब है तो उसे चाहिए कि दूसरा जानवर खरीद कर कुर्बानी करे। कुर्बानी के बकरे की उम्र कुर्बानी के दिन कम से कम एक साल होना चाहिए, एक दिन भी कम होने पर कुर्बानी नहीं होगी। कुर्बानी के बकरे का एक साल होना जरूरी है। यह जवाब दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल की ओर से ईदुल अजहा हेल्पलाइन पर उलमा ने कॉलर के सवालों पर दिये। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 700770 5774, 9415102 947,91404 27677 पर दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। एक कॉलर ने पूछा कि अगर साझा परिवार है और सब कमाने वाले और साहिबे निसाब हैं तो क्या सब भाइयों की तरफ से कुर्बानी की जाएगी या सिर्फ पिता की तरफ से। इसके जवाब में उलमा ने बताया कि तमाम भाइयों की तरफ से कुर्बानी की जाएगी। एक कॉलर ने पूछा कि कुर्बानी का बकरा एक साल का है लेकिन उसके दांत नहीं निकले हैं तो क्या उसकी कुर्बानी की जा सकती है। इस पर उलमा ने बताया कि कुर्बानी की जा सकती है। शर्त कुर्बानी के जानवर की उम्र एक साल होना है दांत निकलना जरूरी नहीं है। एक कॉलर ने हज से संबंधित सवाल पूछा कि एक औरत के पति का निधन हो गया है और वह निसाब की मालिक है तो क्या अपने दामाद के साथ हज पर जा सकती है। इस पर उलमा ने बताया कि इद्दत गुजरने के बाद दामाद के साथ हज के सफर पर जा सकती है।

हैदरी मस्जिद मुफ्तीगंज में मजलिस आज़ से

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पांच जिल्हिज़ से नौ जिल्हिज़ 12जून से17जून तक हैदरी मस्जिद मुफ़्तीगंज में हर साल की तरह इस साल भी मजलिसे ख़मसा मुनाकिद की जा रही है मजलिसें ठीक आठ बजे से तिलावते कुराने पाक से शुरू होंगी, चार मजलिसें मौलाना अब्बास इरशाद साहब ख़िताब फरमाएगे। आख़री मजलिस नौ जिल्हिज़ को चार बजे शैपहर को मिर्ज़ा मोहम्मद जाफर अब्बास साहब मजलिस ख़िताब करेगें।मजलिस के फ़ौरन बाद हज़रत मुस्लिम अलैहिस्सलाम की यौमे शहादत पर ताबूत बरामद होगा,जो हैदरी मस्जिद से मीरन साहब इमामबाड़े तक जाएगा।सात जिल्हिज़ को यौमे शहादत ए इमामे बाक़िर अलैहिस्लाम का ताबूत बरामद होगा जो इमाम बाड़े मीरन साहब तक जाएगा। यह मजलिस मोमनीन मुफती गंज की जानिब से किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता कोणार्क दीक्षित की ओर से भण्डारे का आयोजन

लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर कांग्रेस नेता कोणार्क दीक्षित की ओर से भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सामने भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

लखनऊ शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सायम मेंहदी के आवास पर उनसे मुलाक़ात करने पहुंचे पाकिस्तान से आये अल्लामा शहनशा हुसैन नक़वी

जितिन प्रसाद ने मंत्री पद व विधान परिषद की सदस्यता से दिया इस्तीफा

मोदी सरकार में यूपी को खास अहमियत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद जितिन प्रसाद ने यूपी सरकार के मंत्री पद व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें मोदी सरकार 3.0 में वाणिज्य राज्यमंत्री बनाया गया है। वह यूपी में विधान परिषद सदस्य थे और सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया गया है। सरकार में यूपी को खास अहमियत दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद में विभाग बंटवारे में यूपी के राज्य मंत्रियों को खासी अहमियत दी है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जंयत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा विभाग का राज्यमंत्री भी बनाया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर उनका कद बढ़ाया गया है। जितिन प्रसाद को वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है। मोदी-3 मंत्रिपरिषद में यूपी से दो कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप पुरी हैं। रालोद के जयंत चौधरी को महत्वपूर्ण विभाग देकर जाट मतदाताओं में उनकी पकड़ को और मजबूत करने का प्रयास किया गया है। मंत्रिपरिषद में दोबारा स्थान पाने वाले बीएल वर्मा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री होंगे।

अदाणी एयरपोर्ट ने संभाला दस लाख टन कार्गो, 7 प्रतिशत ग्रोथ दर्ज

अवधनामा ब्यूरो

मुंबई/लखनऊ। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने वित्त वर्ष 2023-2024 में एयर कार्गो के दस लाख टन से अधिक संचालन का आंकड़ा पार कर, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि एएएचएल की मजबूत ऑपरेशनल क्षमताओं और एविएशन इंडस्ट्री में रणनीतिक विकास को रेखांकित करती है। वित्त वर्ष 2023-24 में एएएचएल ने 10,13,115 मीट्रिक टन से अधिक कार्गो का संचालन कर उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जिससे 30.1 प्रतिशत की प्रभावशाली बाजार हिस्सेदारी हुई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत ज्यादा है, जब कुल कार्गो टन भार 9,44,912 मीट्रिक टन था। वित्त वर्ष 2023-2024 में, एएएचएल का कार्गो ऑपरेशन्स 65 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय था। यह मजबूत घरेलू उपस्थिति बनाए रखते हुए दुनिया भर के कार्यों के प्रबंधन में एएएचएल की दक्षता को दर्शाता है। वैश्विक कार्गो टन कार्गो 6,62,258 मीट्रिक टन था, जो पिछले वित्त वर्ष के 6,06,348 मीट्रिक टन की तुलना में 9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वार्षिक वृद्धि दर्ज करता है। कार्गो ऑपरेशन ऑटोमोबाइल, फार्मा स्युटिकल्स, खराब होने वाली वस्तुओं, बिजली के सामानों/इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग सामानों सहित कमोडिटीज से संचालित था।

इन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (मुंबई), सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट (अहमदाबाद), चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट (लखनऊ), तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (गुवाहाटी) और जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुशलता से संभाला गया। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्गो गंतव्यों में जर्मनी, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थे। इस उपलब्धि के बारे में बताते हुए, एएएचएल के सीईओ अरुण बंसल ने कहा, ÷अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड में, हम लगातार ऑपरेशनल दक्षता के लिए नए बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। कार्गो टर्मिनल्स ने इस वित्त वर्ष में 10 लाख टन से अधिक का संचालन कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

ओएमआर सीट फटी होने से छात्रा का रिजल्ट अटका

लखनऊ। नीट में ओएमआर सीट फटी होने के कारण लखनऊ की प्रतियोगी छात्रा आयुषी सिंह का परीक्षा परिणाम अटक गया। छात्रा ने नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) पर ओएमआर सीट फाड़े जाने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नाराजगी जताई है। साथ ही हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उसकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कराने की गुहार लगाई है। यह मामला सोशल मीडिया चर्चा का विषय बना हुआ है। मेडिकल की तैयारी कर रहीं आयुषी सिंह ने बताया कि जिस दिन परीक्षा परिणाम जारी हुए उस दिन उन्होंने अपना रिजल्ट चेक करने के वेबसाइट खोली तो उनका परिणाम नहीं दिखा। इसके एक घंटे बाद उन्हें एनटीए की ओर से एक मेल आया, जिसमें जानकारी दी गई कि ओएमआर सीट फटी होने के कारण उनका रिजल्ट नहीं जारी किया गया है। इस पर उन्होंने एनटीए से कॉपी दिखाने की बात कही। एनटीए ने उन्हें फटी ओएमआर सीट दिखाई। आयुषी का आरोप है कि जानबूझ कर उनकी ओएमआर सीट फाड़ी गई है। उनके साथ स्कैम हुआ है।

एनडीए ने सहयोगी दलों को दिया झुनझुना: प्रमोद तिवारी

प्रदेश के साथ बदले की भावना से सौतेला व्यवहार किया गया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार में विभागों के बंटवारे से साफ है कि सहयोगी दलों को विभाग और संख्या के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास रहा है कि उसके बुरे वक्त में जो दल उसकी मदद करते हैं या सहयोगी बनते हैं उनका इस्तेमाल कर उन्हें खत्म कर देती है। उड़ीसा में बीजद, महाराष्ट्र में ठाकरे साहब की शिवसेना और बिहार में जेडीयू सहित कई राज्यों के दल इसके गवाह हैं। जब सरकार का कार्यकाल ही असंतोष के साथ शुरू हुआ है तो इसका भविष्य क्या होगा। श्री तिवारी ने कहा कि तेलगूदेशम पार्टी के नाम एक विभाग नागरिक उड्डयन आया है। महाराष्ट्र में शिवसेना शिन्दे गुट को एक राज्यमंत्री, एनसीपी अजीत पवार गुट को जिनके प्रफुल्ल पटेल यूपीए सरकार में कैबिनेट मंत्री थे उन्हें भी राज्यमंत्री का पद ऑफर किया गया। बिहार में जेडीयू को महत्वहीन विभाग दे उन्हें भी औकात में ला दिया गया। शपथ ग्रहण के समय नीतीश कुमार का चेहरा यही कहानी कह रहा था। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश के साथ बदले की भावना से सौतेला व्यवहार किया गया। यहां से पूर्व सरकार में 4 कैबिनेट मंत्री थे, अब मात्र राजनाथ सिंह ही अकेले हैं। स्मृति ईरानी और डॉ. महेन्द्र पाण्डेय भी कैबिनेट मंत्री थे लेकिन अब उनके स्थान पर किसी को कैबिनेट मंत्री का पद न दे उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य का अपमान किया गया। एनसीपी ने खुलकर अपना असंतोष व्यक्त किया और तेलगूदेशम पार्टी का विरोध भी जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि यह पहला मंत्रिमण्डल है, जिसमें बड़े अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार में मुख्तार अब्बास नकवी मंत्री थे औ अटल बिहारी सरकार में सिकन्दर बख्त मंत्री थे। इस समुदाय की भी जानबूझ कर उपेक्षा की गयी। प्रश्नचिन्ह खड़े करता है भागवत का मणिपुर पर चिंता व्यक्त करना श्री तिवारी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के मणिपुर में हिंसा और वहां के हालात पर चिंता व्यक्त करने पर कहा कि इससे पता चलता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। मोहन भागवत के मणिपुर के बारे में चिंता जाहिर करना मोदी सरकार पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

अयोध्यावासियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर पुलिस अलर्ट

लखनऊ। फैजाबाद लोकसभा सीट पर परिणाम को लेकर सोशल मीडिया पर अयोध्यावासियों को लेकर हो रही टिप्पणियों पर पुलिस सतर्क हो गई है। माहौल में खलल डालने के उद्देश्य से आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर केस दर्ज करके जेल भेजने तक के निर्देश दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव में अयोध्या से भाजपा की हार के बाद अयोध्यावासियों को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियां हो रही हैं। लोग उन्हें गद्दार, धोखेबाज, राम विरोधी जैसे तमाम आपत्तिजनक व अपमानजनक शब्दों से संबोधित कर रहे हैं। इसे लेकर विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया पर इसकी प्रतिक्रिया दे रहे हैं तो कुछ लोगों ने शिकायत भी दर्ज कराई है। यह गतिविधियां दिन-ब-दिन तेज होती जा रही हैं, जिससे भविष्य में भी जिले का माहौल बिगड़ सकता है। इसे देखते हुए जिले की पुलिस भी अलर्ट हो गई है। अमन-चैन में खलल पैदा करने वालों पर निगाह तेज की गई है। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर कई सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित किया गया है।

खेल कूद भरा बचपन हर बच्चे का अधिकार

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 से 11 जून को अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। खेल-कूद हर बच्चे एवं बच्ची का अधिकार है। अपनी क्षमता को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए प्रत्येक बच्चे एवं बच्ची को खेल का अवसर एवं सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। इसी संदेश के साथ संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 से 11 जून को अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है। इस दिन का उद्देश्य सभी वयस्कों से यह आग्रह करना है की वे बच्चों के खेल के अधिकार की सुरक्षा हेतु उन्हें खेलने के लिए समय, स्थान एवं माहौल दिलाने में सहयोग करें। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर लखनऊ में अलीगंज स्थित नेहरू वाटिका में स्वप्न फाउंडेशन द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से खेल का आयोजन किया गया जिसमें अलीगंज, विकास नगर एवं गोमती नगर की बस्तियों में रहने वाले बच्चों ने भाग लिया एवं बहुत से पारंपरिक खेल खेले जिसमें खोखो, कबड्डी, टीपी टीपी टॉप, पकड़म पकड़ाई आदि शामिल थे। खेल कूद से हमे ऊर्जा मिलती है और नए दोस्त बनते हैं। खेल हमारे लिए मनोरंजन का साधन है एवं हमे चुस्त दुरुस्त रखने में सहायक है, खेल में प्रतिभाग करने वाली बच्ची शालिनी ने कहा। यूनिसेफ की संचार विशेषज्ञ निपुण गुप्ता ने कहा, ÷खेल सिर्फ मनोरंजन ही नहीं है, यह बच्चों के विकास का आधार भी है। खेल से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है, वे सामाजिक बनते हैं और उन्हें भावनात्मक एवं शारीरिक रूप से विकसित होने के भी अवसर मिलते हैं। खेल के माध्यम से, बच्चे एक दूसरे से जुडते हैं, नेतृत्व कौशल विकसित करते हैं, चुनौतियों का सामना करना सीखते हैं और साथ ही डर से लड़ना भी सीखते हैं। बच्चों के जीवन के शुरुआती आठ वर्षों में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रोग्राम मैनेजर डॉ अमित मेहरोत्रा ने कहा, बच्चे के जीवन के शुरुआती वर्षों में उसके मस्तिष्क में प्रति सेकंड 10 लाख से अधिक न्युरल कनेक्शन बनते हैं। यह गति जीवन में कभी दोबारा नहीं दोहराई जाती। इस दृष्टि से यदि इन वर्षों में बच्चों के साथ समय बिताया जाए और उनके साथ खेला जाए, तो उनके विकास को गति मिलती हैं। डॉ मेहरोत्रा ने बताया की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खेल खेल में बच्चों को सीखने के लिए आंगनवाड़ी एवं स्कूल के स्तर पर सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। स्वप्न फाउंडेशन के संस्थापक अच्युत त्रिपाठी ने कहा, स्वप्न फाउंडेशन के वालन्टियर बस्तियों में बच्चों के साथ खेलते हैं और उन्हें खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

महाप्रबंधक ने की उत्तर रेलवे कार्य प्रगति की समीक्षा

संरक्षा को बेहतर बनाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को संरक्षा पुरस्कार

गतिशीलता बढाने, संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा

स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढाने पर बल

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज उत्तर रेलवे के विभिन्न परिचालनिक पहलुओं के साथ-साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की।

बडौदा हाउस में आयोजित हुई इस बैठक में प्लेटफॉर्मों के लेवल में वृद्धि, वॉशेबल एप्रनो, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर-ब्रिज, एस्केलेटर, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट की सुविधाएं, स्टेशन के प्रवेश द्वार सहित स्टेशन इमारत में सुधार जैसी अनेक यात्री सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने गतिशीलता बढाने, विकासात्मक, ढांचागत कार्यों, माल लदान और रेलपथों पर संरक्षा की भी समीक्षा की। कार्य-निष्पादन समीक्षा के साथ-साथ महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल संपतति की संरक्षा और सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना योगदान देने वाले 7 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। महाप्रबंधक ने दोहरीकरण और नई रेल लाइन परियोजनाओं की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए विभागों को निर्देश दिए, ताकि कर्मचारी मानवीय त्रुटियों को कम करते हुए रेल कार्य-प्रणाली से अवगत रहें।